रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72

REGISTERED No. D. (D.N.)-72

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 281] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 13, 1986/अग्रहायण 22, 1908

No. 281] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 13, 1986/AGRAHAYANA 22, 1908

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

कार्मिक और प्रशिक्षण, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, 13 दिसम्बर, 1986

अधिसूचना

नियम

संख्या 13013/4/84-अ. भा. से. (1) :—निम्नलिखित सेवाओं/पदों में रिक्तियों को भरने के लिए 1987 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा-सिविल सेवा परीक्षा के नियम संबंधित मंत्रालयों और भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा के संबंध में भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की सहमति से, आम जानकारी के लिए प्रकाशित किए जाते हैं :—

(1) भारतीय प्रशासनिक सेवा
(2) भारतीय विदेश सेवा
(3) भारतीय पुलिस सेवा
(4) भारतीय डाक-तार लेखा और वित्त सेवा ग्रुप "क"
(5) भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा ग्रुप "क"
(6) भारतीय सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पादन शुल्क सेवा; ग्रुप "क"
(7) भारतीय रक्षा लेखा सेवा, ग्रुप "क"
(8) भारतीय आयकर सेवा, ग्रुप "क"
(9) भारतीय आयुध कारखाना सेवा ग्रुप "क" (सहायक प्रबन्धक, गैर तकनीकी) ।
(10) भारतीय डाक सेवा, ग्रुप "क"
(11) भारतीय सिविल लेखा सेवा, ग्रुप "क"
(12) भारतीय रेलवे यातायात सेवा, ग्रुप "क"
(13) भारतीय रेलवे लेखा सेवा, ग्रुप "क"
(14) भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा, ग्रुप "क"
(15) रेलवे सुरक्षा बल में ग्रुप "क" के सहायक सुरक्षा अधिकारी के पद
(16) भारतीय रक्षा सम्पदा सेवा, ग्रुप "क"
(17) केन्द्रीय सूचना सेवा, वर्ग "ख" (ग्रेड-II)
(18) केन्द्रीय व्यापार सेवा ग्रुप "ख" (ग्रेड-
(19) केन्द्रीय सचिवालय सेवा, ग्रुप "ख" (अधिकारी ग्रेड)
(20) रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा, ग्रुप "ख" (अनुभाग अधिकारी ग्रेड

(21) समस्त सेवा मुख्यालय सिविल सेवा ग्रुप "ख" (सहायक सिविलय स्टाफ अधिकारी ग्रेड)।

(22) सीमा-शुल्क मूल्य निरूपक (एप्रजर) सेवा ग्रुप "ख"

(23) दिल्ली तथा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह सिविल सेवा, ग्रुप "ख"

(24) गोआ, दमन तथा दियु सिविल सेवा ग्रुप "ख"

(25) दिल्ली तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पुलिस सेवा, ग्रुप "ख"

(26) पांडिचेरी पुलिस सेवा, ग्रुप "ख"

(27) गोआ, दमन और दियु पुलिस सेवा, ग्रुप "ख"

(28) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में सहायक कमांडेंट के पद ग्रुप "ख"

(1) यह परीक्षा संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इस नियमावली के परिशिष्ट में निर्धारित रीति से ली जाएगी।

प्रारंभिक तथा प्रधान परीक्षाओं की तारीख और स्थान आयोग द्वारा निश्चित किए जाएंगे।

2. उम्मीदवार को प्रधान परीक्षा के अपने आवेदन प्रपत्र में विभिन्न सेवाओं/पदों के लिए अपना वरीयता क्रम जिसके लिए वह लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्ति हेतु अनुशासित किया जाता है तो नियुक्ति हेतु विचार किये जाने हेतु उसे यह उल्लेख करना चाहिए।

भारतीय प्रशासनिक सेवा/भा. पुलिस सेवा परीक्षा के उम्मीदवार को अपने आवेदन प्रपत्र में यह स्पष्ट करना होगा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा/भारतीय पुलिस सेवा में नियुक्त किए जाने की स्थिति में क्या वह अपने संबंधित राज्य में नियुक्त किया जाना पसंद करेगा/करेगी।

उम्मीदवार जिन सेवाओं के प्रतियोगी हैं और उनके आबंटन हेतु विचारण के इच्छुक हैं उनके बारे में उनके द्वारा निर्दिष्ट वरीयताओं की प्राथमिकताओं में संशोधन एवं परिवर्तन आदि के लिये प्रार्थना पर कोई ध्यान तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक इस संशोधन या परिवर्तन के अनुरोध आयोग के कार्यालय में सिविल सेवा परीक्षा के अंतिम परिणाम के "रोजगार समाचार" में प्रकाशन की तारीख से 10 दिन (असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख प्रभाग, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा जिले के पांगी उपमंडल अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह या लक्षद्वीप में और विदेशों में रह रहे उम्मीदवारों के मामले में 17 दिन के अन्दर प्राप्त नहीं हो जाता है। आयोग या भारत सरकार उम्मीदवारों को कोई ऐसा पत्र नहीं भेजेगी जिसमें उनसे उनके आवेदन पत्र प्रस्तुत कर देने के बाद विभिन्न सेवाओं के लिए परिगणित वरीयता निर्दिष्ट करने को कहा जाए।

टिप्पणी :—उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि वह अपने आवेदन-पत्र में सभी सेवाओं/पदों का वरीयता क्रम में उल्लेख करें। यदि वह किसी सेवा/पद का वरीयता क्रम नहीं देता है अथवा आवेदन-प्रपत्र में किन्हीं सेवाओं/पदों को सम्मिलित नहीं करता है तो यह मान लिया जाएगा कि उन सेवाओं/पदों के लिए उसकी कोई विशिष्ट वरीयता नहीं है और ऐसी स्थिति में सेवाओं/पदों के लिए उम्मीदवारों के वरीयताओं के अनुसार आबंटन करने के पश्चात् जिनमें रिक्तियां होंगी उसका किसी भी शेष सेवाओं/पदों पर आबंटन कर दिया जाएगा। इस प्रकार का आबंटन करते समय उस उम्मीदवार को पहले ग्रुप 'क' सेवा/पद और बाद में ग्रुप 'ख' सेवा/पद के लिए विचार किया जाएगा।

3. परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किए गए नोटिस में बताई जाएगी।

सरकार द्वारा निर्धारित रीति से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों के लिए रिक्तियों का आरक्षण किया जाएगा।

4. इस पर विचार किये बिना कि उम्मीदवार ने पिछले वर्षों में भारतीय प्रशासन सेवा आदि परीक्षा में कितने अवसरों का उपयोग किया है, इस परीक्षा में बैठने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को जो अन्यथा पात्र हों, तीन बार बैठने की अनुमति दी जाएगी। यह प्रतिबंध 1979 में आयोजित सिविल सेवा परीक्षा से प्रभावी होगा, सिविल सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा, 1979 और बाद में एक बार बैठ जाने को इस प्रयोजन के लिए अवसर माना जाएगा।

परन्तु अवसरों की संख्या से संबद्ध यह प्रतिबंध अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अन्यथा पात्र उम्मीदवारों पर लागू नहीं होगा।

परन्तु यह और किसी ऐसे उम्मीदवार को पिछली सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम के आधार पर भा. पु. से. अथवा केन्द्रीय सेवाएं, ग्रुप "क" में आबंटित किया गया था किन्तु वह भा. प्र. से., भा. वि. से., भा. पु. से. अथवा केन्द्रीय सेवाएं, ग्रुप "क" के लिए प्रतियोगिता हेतु अगली सिविल सेवा प्रधान परीक्षा में प्रवेश के लिए अपनी इच्छा व्यक्त करता है और उसे प्रवेश के लिए परिवीक्षा प्रशिक्षण में अचल रहने की अनुमति दे दी गई थी, तो वह नियम 17 के उपबंधों को शर्तों के अनुसार ऐसा करने के लिए पात्र होगा। यदि किसी उम्मीदवार को अगली सिविल सेवा प्रधान परीक्षा के आधार पर किसी सेवा में आबंटित किया जाता है, तो वह या तो उस सेवा में या जिस सेवा में उसे पिछली सिविल सेवा परीक्षा के आधार पर आबंटित किया गया था, उस सेवा में कार्यभार संभालेगा, ऐसा न करने पर उसका आबंटन एक अथवा दोनों परीक्षाओं में जैसा भी मामला होगा, रद्द समझा जाएगा, और नियम 8 में किसी बात के रहते हुए भी जो उम्मीदवार किसी सेवा में आबंटन स्वीकार करता है और किसी सेवा में नियुक्त कर दिया जाता है तो वह सिविल सेवा परीक्षा में प्रवेश के लिए पात्र नहीं होगा, जब तक कि वह पहले उस सेवा से त्याग-पत्र नहीं दे देता है।

टिप्पणी : 1. प्रारंभिक परीक्षा में बैठने को परीक्षा में बैठने का एक अवसर माना जाएगा।

2. यदि उम्मीदवार प्रारंभिक परीक्षा के किसी एक प्रश्न-पत्र में वस्तुतः परीक्षा देता है तो यह समझ लिया जाएगा कि उसने एक अवसर प्राप्त कर लिया है।

3 अयोग्य पाए जाने/उनकी उम्मीदवारी के रद्द किए जाने के बावजूद उम्मीदवार की परीक्षा में उपस्थिति का तथ्य एक प्रयास गिना जाएगा।

5. (1) भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के उम्मीदवार को भारत का नागरिक अवश्य होना चाहिए।

(2) अन्य सेवाओं के उम्मीदवार को या तो :—

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए, या

(ख) नेपाल की प्रजा, या

(ग) भूटान की प्रजा, या

(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत स्थायी रूप से रहने के इरादे से पहली जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या

(ङ) कोई भारत मूलक व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से रहने के इरादे से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, कीनिया, उगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया के पूर्वी अफ्रीकी देशों, जांबिया, मलावी, जेरे और इथोपिया तथा वियतनाम से प्रव्रजन पर आया हो :

परन्तु (ख), (ग), (घ) और (ङ) वर्गों के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता, (एलिजीबिलिटी) प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

साथ ही उपर्युक्त (ख), (ग) और (घ) वर्गों के उम्मीदवार भारतीय विदेश सेवा नियुक्ति के पात्र नहीं माने जाएंगे ।

ऐसे उम्मीदवारों को भी उक्त परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है जिसके बारे में पात्रता प्रमाण-पत्र प्राप्त करना आवश्यक हो किन्तु भारत सरकार द्वारा उसके संबंध में पात्रता प्रमाणपत्र जारी कर दिए जाने के बाद ही उसकी नियुक्ति-प्रस्ताव भेजा जा सकता है।

6. (क) उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 1987 को पूरे 21 वर्ष की हो जानी चाहिए, किन्तु 26 वर्ष की नहीं होनी चाहिए अर्थात् उसका जन्म 2 अगस्त, 1961 से पहले का और 1 अगस्त, 1966 के बाद का नहीं होना चाहिए।

(ख) ऊपर बताई गई अधिकतम आयु सीमा में निम्नलिखित मामले में छूट दी जाएगी :—

(1) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति का या अनुसूचित जनजाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष।

(2) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष।

(3) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित जनजाति का हो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति भी है और 1 जनवरी 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष ।

(4) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से वस्तुतः प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तथा अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका करार के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उससे अधिक भारत में प्रव्रजन किया या करने वाला हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष ।

(5) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का हो श्रीलंका से वस्तुतः प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तथा अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका करार के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया या करने वाला हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष ।

(6) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने कीनिया युगांडा, तंजानिया, संयुक्त गणराज्य, भूतपूर्व टंगानिका और जंजीबार से प्रव्रजन किया हो या जाम्बिया, मलावी, जेरे और इथोपिया से प्रत्यावर्तित हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष ।

(7) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और भारत मूलक वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति हो और कीनिया, युगांडा या तंजानिया, संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व टंगानिका और जंजीबार) से प्रवासित हो या जाम्बिया, मलावी, जेरे और इथोपिया से भारत मूलक प्रत्यावर्तित हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष ।

(8) यदि उम्मीदवार बर्मा से वस्तुतः प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष ।

(9) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और बर्मा से वस्तुतः प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो तथा उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष ।

(10) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशान्तिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा निर्मुक्त किए गए ऐसे रक्षा कार्मिकों का अधिक से अधिक तीन वर्ष ।

(11) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशान्तिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से निर्मुक्त किए गए ऐसे रक्षा कार्मिकों के लिए, जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के हों तो अधिक से अधिक आठ वर्ष ।

(12) यदि कोई उम्मीदवार वियतनाम से वस्तुतः प्रत्यावर्तित मूलतः भारतीय व्यक्ति (जिसके पास भारतीय पारपत्र हो) और ऐसा भी उम्मीदवार हो जिसके पास वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपात मूल प्रमाण-पत्र हो और जो वियतनाम से जुलाई 1976 से पहले भारत नहीं आया हो तो उसके लिए अधिक से अधिक तीन वर्ष ।

(13) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और वियतनाम से वस्तुतः प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो (जिसके पास भारतीय पारपत्र होने) और ऐसा ही उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपात प्रमाण-पत्र और जो वियतनाम से जुलाई 1975 के बाद भारत आया हो तो उसके लिए अधिक से अधिक आठ वर्ष तक ।

(14) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधिकारियों (आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने 1 अगस्त, 1987 को कम से कम 5 वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो (i) कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समाप्त पर कार्यमुक्त हुए हैं। इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल 1 अगस्त, 1987 से छः महीने के अन्दर पूरा होना है (ii) या सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या (iii) अशक्तता के कारण कार्य मुक्त हुए हैं, उनके मामले में अधिक से अधिक 5 वर्ष तक ।

(15) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधिकारियों (आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने 1 अगस्त, 1987 को कम से कम पांच वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के हैं तथा जो (i) कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समाप्त पर कार्यमुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल 1 अगस्त, 1987 से छः महीनों के अन्दर पूरा होना है) (ii) या सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या (iii) अशक्तता के कारण कार्य मुक्त हुए हैं उनके मामले में अधिक से अधिक दस वर्ष तक ।

(16) आपातकालीन कमीशन अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन अधिकारियों के मामले में अधिकतम 5 वर्ष जिन्होंने 1 अगस्त 1987 को सैनिक सेवा के 5 वर्ष की सेवा की प्रारंभिक अवधि पूरी कर ली है और उसके बाद सैनिक सेवा में जिनका कार्यकाल 5 वर्ष के बाद भी बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय को एक प्रमाण पत्र जारी करना होता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और सिविल

रोजगार में चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा।

(17) अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के ऐसे आपातकालीन कमीशन अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन अधिकारियों के मामले में अधिकतम 10 वर्ष सेवा जिन्होंने 1 अगस्त, 1987 को सैनिक सेवा के 5 वर्ष की सेवा की प्रारंभिक अवधि पूरी कर ली है और उसके बाद सैनिक सेवा में जिनका कार्यकाल 5 वर्ष के बाद भी बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय को एक प्रमाण-पत्र जारी करना होता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और सिविल रोजगार में चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा।

(18) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पश्चिम पाकिस्तान का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति है, जो पहली जनवरी, 1971 और 31 मार्च, 1973 की अवधि के दौरान भारत प्रव्रजन कर चुका था तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक।

(19) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है और भूतपूर्व पश्चिम पाकिस्तान का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति भी है, जो पहली जनवरी, 1971 और 31 मार्च, 1973 की अवधि के दौरान भारत प्रव्रजन कर चुका था तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक।

(20) यदि कोई उम्मीदवार साधारणतः जनवरी, 1980 की पहली तारीख से अगस्त, 1985 की 15 तारीख तक की अवधि के दौरान असम राज्य में रहा हो तो अधिक से अधिक 6 वर्ष तक।

(21) यदि कोई उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और साधारणतः जनवरी, 1980 की प्रथम तारीख से अगस्त, 1985 की 15 तारीख तक की अवधि के दौरान असम राज्य में रहा हो तो अधिक से अधिक पांच वर्ष तक।

टिप्पणी :– भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने अपने पुनः रोजगार हेतु भूतपूर्व सैनिक को दिए जाने वाले लाभों को लेने के बाद सिविल सार्वजनिक में सरकारी नौकरी पहले ही ले ली है, वे नियमावली के नियम 6 (क) (11) और 6 (ख) (15) के अधीन आयु सीमा में छूट के पात्र नहीं हैं।

ऊपर की व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी हालत में छूट नहीं दी जा सकती।

आयोग जन्म की वह तारीख स्वीकार करता है जो मैट्रिकुलेशन या माध्यमिक विद्यालय छोड़ने के प्रमाणपत्र या किसी भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा मैट्रिकुलेशन के समकक्ष माने गए प्रमाणपत्र या किसी विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित मैट्रिकुलेटों के रजिस्टर में दर्ज की गई हो और वह उद्धरण विश्वविद्यालय के समुचित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित हो या उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या उसकी समकक्ष परीक्षा प्रमाणपत्र में दर्ज हो। ये प्रमाण-पत्र सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा के लिए आवेदन करते समय ही प्रस्तुत करने हैं।

आयु के संबंध में कोई अन्य दस्तावेज जैसे जन्मकुंडली, शपथपत्र, नगर निगम से और सेवा अभिलेख से प्राप्त जन्म संबंधी प्रमाणपत्र या अन्य जैसे ही प्रमाण स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

अनुदेश के इस भाग में आए हुए "मैट्रिकुलेशन उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र" वाक्यांश के अंतर्गत उपर्युक्त वैकल्पिक प्रमाण-पत्र सम्मिलित हैं।

टिप्पणी : 1. उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि आयोग जन्म की उसी तारीख को स्वीकार करेगा जो कि आवेदनपत्र प्रस्तुत करने की तारीख को मैट्रिकुलेशन/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र या समकक्ष परीक्षा के प्रमाणपत्र में दर्ज है और इसके बाद में उसमें परिवर्तन के किसी अनुरोध पर भी विचार किया जाएगा और न उसे स्वीकार किया जाएगा।

टिप्पणी : 2. उम्मीदवार यह भी ध्यान रखें कि उनके द्वारा किसी परीक्षा में प्रवेश के लिए जन्म की तारीख एक बार घोषित कर देने के और आयोग द्वारा उसे अपने अभिलेख में दर्ज कर लेने के बाद उसमें बाद में या आयोग की अन्य किसी परीक्षा में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

7. उम्मीदवार के पास भारत के केन्द्र या राज्य विधान मंडल द्वारा निर्मित किसी विश्वविद्यालय की या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 के खंड 3 के अधीन विश्वविद्यालय के रूप में मानी गई किसी अन्य शिक्षा संस्था की डिग्री होनी चाहिए।

टिप्पणी : 1– कोई भी उम्मीदवार जिसने ऐसी कोई परीक्षा दी है जिसमें उत्तीर्ण होने पर वह आयोग की परीक्षा के लिए शैक्षिक रूप से पात्र होगा परन्तु उसे परीक्षा-फल की सूचना नहीं मिली है तो ऐसा उम्मीदवार भी जो किसी अर्हक परीक्षा में बैठने का इरादा रखता प्रारंभिक परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र होगा।

सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा के लिए अर्हक घोषित किए गए सभी उम्मीदवारों को प्रधान परीक्षा के लिए आवेदन पत्र के साथ-साथ अपेक्षित परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

टिप्पणी : 2. विशेष परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग ऐसे किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र मान सकता है जिसके पास उपर्युक्त अर्हताओं में से कोई अर्हता न हो, बशर्ते कि उम्मीदवार ने किसी संस्था द्वारा ली गई कोई ऐसी परीक्षा पास कर ली है जिसका स्तर आयोग के मतानुसार ऐसा हो कि उसके आधार पर उम्मीदवार को उक्त परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है।

टिप्पणी : 3. जिन उम्मीदवारों के पास ऐसी व्यावसायिक और तकनीकी अर्हताएं हैं जो सरकार द्वारा व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षियों के समकक्ष मान्यताप्राप्त है वे भी उक्त परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे।

8. यदि कोई उम्मीदवार इस परीक्षा के प्रारम्भ होने से पहले किसी पूर्व परीक्षा के परिणाम के आधार पर भारतीय प्रशासनिक सेवा अथवा भारतीय विदेश सेवा में नियुक्त हो जाता है और उस सेवा का सदस्य बना रहता हो तो वह इस परीक्षा में प्रतियोगी बने रहने का पात्र नहीं होगा। यदि कोई उम्मीदवार इस परीक्षा के प्रारंभिक परीक्षा के पश्चात् किन्तु इस परीक्षा की प्रधान परीक्षा के पहले भा. प्र. से., भा. वि. से. में नियुक्त हो जाता है और वह उस सेवा का भी सदस्य बना रहता है तो वह इस परीक्षा की प्रधान परीक्षा में भी बैठने का पात्र नहीं होगा चाहे उसने प्रारंभिक परीक्षा में अर्हता प्राप्त कर ली हो। यह भी व्यवस्था है कि प्रधान परीक्षा के प्रारंभ होने के पश्चात् किन्तु उसके परीक्षा परिणाम से पहले किसी उम्मीदवार का भा. प्र. से./भा. वि. से. में नियुक्ति हो जाती है और वह उस सेवा का सदस्य बना रहता है तो इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर उसे किसी सेवा/पद पर नियुक्ति हेतु विचार नहीं किया जाएगा।

9. उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस में निर्धारित शुल्क अवश्य देना होगा।

10. जो उम्मीदवार सरकारी नौकरी में स्थायी या अस्थायी रूप काम कर रहे हैं चाहे वे किसी काम के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्ति की गयी न हों, पर आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्ति न हुए हों य

जो सार्वजनिक उद्यमों में सेवा कर रहे हैं उन सबको इस आशय के परिवचन (अंडर-टेकिंग) देना होगा कि उन्होंने अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को लिखित रूप में यह सूचित कर दिया है कि उन्होंने परीक्षा के लिए आवेदन किया है।

उम्मीदवारों को ध्यान में रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने, परीक्षा में बैठने से संबद्ध अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन पत्र अस्वीकृत कर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

11. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

12. किसी भी उम्मीदवार को अगर उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमीशन) न हो तो प्रारंभिक प्रधान परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा।

13 जिस उम्मीदवार ने—

(1) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(2) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(3) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप से कार्य साधन कराया है,

(4) जाली प्रमाणपत्र या ऐसे प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए हैं जिसमें तथ्य को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(5) गलत या झूठे वक्तव्य दिए हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य का छिपाया है, अथवा

(6) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(7) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का प्रयोग किया है,

(8) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखी हैं जो अश्लील भाषा में या अभद्र आशय की हों, या

(9) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया है, या

(10) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो;

(11) परीक्षा की अनुमति देते हुए उम्मीदवारों को भेजे गए प्रवेश-पत्रों के साथ जारी आदेशों का उल्लंघन किया है; अथवा

(12) उपर्युक्त खंडों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अप्रेरित करने का प्रयत्न किया हो, तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा में जिसका वह उम्मीदवार है बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे स्थायी रूप से अथवा निर्दिष्ट अवधि के लिए—

(1) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए,

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा उसके अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है।

(ग) यदि वह सरकार के अधीन पहले से ही सेवा में है तो उसके विरुद्ध उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

किन्तु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक :

(1) उम्मीदवार को इस सम्बन्ध में लिखित अभ्यावेदन जो वह देना चाहे प्रस्तुत करने का अवसर न दिया जाए, और

(2) उम्मीदवार द्वारा अनुमत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर यदि कोई हो विचार न कर लिया जाए।

14. जो उम्मीदवार प्रारंभिक परीक्षा में आयोग द्वारा उनके निर्णय से निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेता है उसे प्रधान परीक्षा में प्रवेश दिया जाएगा और जो उम्मीदवार प्रधान परीक्षा (लिखित) में आयोग द्वारा उनके निर्णय से निर्धारित न्यूनतम अनर्हक अंक प्राप्त कर लेता है उसे आयोग व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाएगा :—

किन्तु शर्त यह है कि यदि आयोग मतानुसार अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवार इन जातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए सामान्य स्तर के आधार पर पर्याप्त संख्या में व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाये जा सकेंगे तो आयोग द्वारा प्रारंभिक परीक्षा एवं प्रधान परीक्षा (लिखित) के स्तर में ढील देकर अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है।

15. साक्षात्कार के बाद आयोग उम्मीदवारों के द्वारा प्रधान परीक्षा (लिखित) परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर योग्यता क्रम से उनकी सूची बनायेगा और उसी क्रम से उन उम्मीदवारों में से जितने लोगों को आयोग योग्य समझेगा उनको इन रिक्तियों पर नियुक्त करने के लिए अनुशंसा करेगा। ये नियुक्तियां इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर जितनी अनारक्षित रिक्तियों को भरने का निर्णय किया जाता है उनको देख कर होंगी :

परन्तु यदि सामान्य स्तर के अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवार नहीं भरे जा सकते हों, तो आरक्षित कोटा में कमी को पूरा करने के लिए आयोग द्वारा स्तर में छूट देकर, चाहे परीक्षा के योग्यता क्रम में उनका कोई भी स्थान क्यों न हो, नियुक्ति के लिए उनकी अनुशंसा की जा सकेगी बशर्ते कि ये उम्मीदवार इस सेवा पर नियुक्ति के उपयुक्त हों।

16. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा। आयोग परीक्षाफल के बारे में किसी भी उम्मीदवार से पत्र-व्यवहार नहीं करेगा।

17. परीक्षाफल के आधार पर नियुक्तियां करते समय उम्मीदवार द्वारा अपने आवेदन-पत्र भेजते समय विभिन्न सेवाओं के लिए दी गई वरीयताओं पर उचित ध्यान दिया जाएगा। विभिन्न सेवाओं में होने वाली नियुक्तियां, नियुक्ति के समय संबंधित सेवाओं पर लागू होने वाले नियमों विनियमों के अनुसार भी की जाएंगी :

परन्तु किसी ऐसे उम्मीदवार को जिसे किसी पिछली परीक्षा के परिणाम के आधार पर नीचे कालम 2 में उल्लिखित भारतीय पुलिस सेवा/केन्द्रीय सेवा, ग्रुप "क" में नियुक्ति हेतु अनुमोदन किया गया है, इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर केवल नीचे कालम 3 में उस सेवा के सामने उल्लिखित सेवाओं में नियुक्ति हेतु विचार किया जाएगा।

क्र० सं०	जिस सेवा में नियुक्ति हेतु अनुमोदन किया गया	उस सेवा का नाम जिसमें प्रतियोगिता करने का पात्र है।
1.	भारतीय पुलिस सेवा	भा.प्र.से., भा.वि. सेवा, और केन्द्रीय सेवाएं ग्रुप "क"
2.	केन्द्रीय सेवाएं ग्रुप "क"	भा.प्र.से., भा. वि. सेवा और भा.पु. सेवा

परन्तु यह और है कि यदि किसी उम्मीदवार को किसी पिछली परीक्षा के परिणाम के आधार पर केन्द्रीय सेवा ग्रुप "ख" में नियुक्त किया गया है, तो उसे केवल भा.प्र.से., भा.वि.से., भा.पु.से. और केन्द्रीय सेवाएं, ग्रुप "क" में नियुक्ति हेतु विचार किया जाएगा ।

18. परीक्षा में सफलता प्राप्त करने मात्र से नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलता जब तक कि सरकार आवश्यक जांच के बाद इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार चरित्र तथा पूर्ववृत्त की दृष्टि से इस सेवा में नियुक्ति के लिए हर प्रकार योग्य है ।

19. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जिसमें वह संबंधित सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्त्तव्यों की कुशलतापूर्वक न निभा सके। यदि सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जैसी भी स्थिति हो निर्धारित डाक्टरी परीक्षा में किसी उम्मीदवार के बारे में यह पाया जाये कि वह इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जायेगी। व्यक्तित्व परीक्षण के लिए आयोग द्वारा बुलाए गए उम्मीदवारों का डाक्टरी परीक्षा कराई जा सकती है । उम्मीदवार को स्वास्थ्य परीक्षा के लिए चिकित्सा बोर्ड को कोई शुल्क नहीं देना होगा ।

नोट:— उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन-पत्र भेजने के पहले सिविल सर्जन के स्तर के किसी सरकारी अधिकारी से अपनी जांच करवा लें ताकि उनको बाद में निराश न होना पड़े । नियुक्ति से पहले उम्मीदवारों को किस प्रकार की डाक्टरी जांच होगी और उसके स्वास्थ्य का स्तर किस प्रकार का होना चाहिए उसका विवरण इन नियमों के परिशिष्ट-III में दिया गया है । रक्षा सेवाओं के भूतपूर्व विकलांग सैनिकों की सेवाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप डाक्टरी जांच के स्तर में छूट दी जाएगी ।

20. ऐसा कोई पुरुष/स्त्री--

(क) जिसने किसी ऐसी स्त्री/पुरुष से विवाह किया हो जिसका पहले से जीवित पति/पत्नी हो, या

(ख) जिसकी पत्नी/पति जीवित होते हुए उसने किसी स्त्री/पुरुष से विवाह किया हो उक्त सेवा में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु केन्द्रीय सरकार यदि इस बात से संतुष्ट हो कि इस प्रकार के विवाह के बाद दोनों पक्षों के व्यक्तियों पर लागू वैयक्तिक कानून के अधीन ऐसा विवाह किया जा सकता है और ऐसा करने के अन्य आधार हैं तो उस उम्मीदवार को इस नियम से छूट दे सकती है ।

21. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि ऐसी भर्ती से पहले हिन्दी का कुछ ज्ञान होना उन विभागीय परीक्षाओं को पास करने की दृष्टि से लाभदायक होगा जो उम्मीदवारों को सेवा में भर्ती होने के बाद देनी पड़ती है ।

22. इस परीक्षा के द्वारा जिस सेवा के लिए भर्ती की जा रही है उसका संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट-II में दिया गया है ।

पी. एन. कौहली, अवर सचिव

परिशिष्ट I

खण्ड I

परीक्षा की योजना

इस प्रतियोगिता परीक्षा में दो क्रमिक चरण हैं :—

(1) प्रधान परीक्षा के लिए उम्मीदवारों के चयन हेतु सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा (वस्तु परक), तथा

(2) विभिन्न सेवाओं तथा पदों पर भर्ती हेतु उम्मीदवारों का चयन करने के लिए सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा (लिखित तथा साक्षात्कार) ।

2. प्रारम्भिक परीक्षा में वस्तुपरक (बहु विकल्प प्रश्न) प्रकार के दो प्रश्नपत्र होंगे तथा खण्ड II के उपखंड (क) में दिए गए विषयों में अधिकतम 450 अंक होंगे। यह परीक्षा केवल छानबीन परीक्षण के रूप में होगी, प्रधान परीक्षा में प्रवेश हेतु अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों द्वारा प्रारम्भिक परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों को उनके अंतिम योग्यता क्रम को निर्धारित करने के लिए नहीं गिना जाएगा । प्रधान परीक्षा में प्रवेश दिये जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या उक्त वर्ष में विभिन्न सेवाओं तथा पदों में भरी जाने वाली रिक्तियों की लगभग कुल संख्या का बारह से तेरह गुनी होगी । केवल वे ही उम्मीदवार जो आयोग द्वारा किसी वर्ष की प्रारम्भिक परीक्षा में अर्हता प्राप्त कर लेते हैं उक्त वर्ष की प्रधान परीक्षा प्रवेश के पात्र होंगे बशर्ते कि वे अन्यथा प्रधान परीक्षा में प्रवेश हेतु पात्र हों ।

3. प्रधान परीक्षा में लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार परीक्षण होगा। लिखित परीक्षा में खण्ड II के उप खण्ड (ख) में दिए गए विषयों में परम्परागत निबन्धात्मक शैली के 8 प्रश्न-पत्र होंगे और प्रत्येक के 300 अंक होंगे । खण्ड II (ख) के पैरा 1 के नीचे नोट (II) भी देख।

4. जो उम्मीदवार प्रधान परीक्षा के लिखित भाग में उतने न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेगा जितने आयोग अपने निर्णय से निश्चित करें उसे आयोग व्यक्तित्व परीक्षण हेतु खण्ड II के उप खण्ड 'ग' के अनुसार साक्षात्कार के लिए बुलाएगा, किन्तु भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी के प्रश्नपत्रों में केवल अर्हता प्राप्त करनी होंगी। खण्ड II (ख) के पैरा 1 के नीचे टिप्पणी (II) भी देख । इन प्रश्नपत्रों में प्राप्त अंकों को योग्यता क्रम निर्धारित करने में गिना नहीं जाएगा । साक्षात्कार के लिये बुलाए जाने वालें उम्मीदवारों की संख्या भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या से दुगनी होगी। साक्षात्कार के लिए 250 अंक होंगे (कोई न्यूनतम अर्हक अंक नहीं है) ।

इस प्रकार उम्मीदवारों द्वारा प्रधान परीक्षा (लिखित भाग तथा साक्षात्कार) में प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर उनका अन्तिम योग्यता क्रम निर्धारित किया जाएगा। परीक्षा में उम्मीदवारों की स्थिति तथा विभिन्न सेवाओं और पदों के लिये उनके द्वारा वरीयता क्रम को ध्यान में रखते हुए उन्हें विभिन्न सेवाओं में आवंटित किया जाएगा।

खंड II

1. प्रारम्भिक तथा प्रधान परीक्षा की रूपरेखा तथा विषय:

(क) प्रारम्भिक परीक्षा:—

उक्त परीक्षा में दो प्रश्न-पत्रों होंगे :—

प्रश्न-पत्र I सामान्य अध्ययन	150 अंक
प्रश्न-पत्र II नीचे पैरा 2 में दिए गए ऐच्छिक विषयों में से चुना गया एक विषय	300 अंक
कुल योग	450

2. ऐच्छिक विषयों की सूची :—

कृषि विज्ञान
पशुपालन तथा पशु चिकित्सा विज्ञान
वनस्पति विज्ञान
रसायन विज्ञान
सिविल इंजीनियरी
वाणिज्य शास्त्र

अर्थशास्त्र
विद्युत इंजीनियरी
भूगोल
भू-विज्ञान
भारतीय इतिहास
विधि
गणित
यांत्रिक इंजीनियरी
दर्शन
भौतिकी
राजनीति विज्ञान
मनोविज्ञान
लोक प्रशासन
समाजशास्त्र
सांख्यिकी
प्राणि विज्ञान

टिप्पणी :—

(1) दोनों ही प्रश्न-पत्र वस्तु परक (बहु विकल्प प्रश्न) होंगे। नमूने के प्रश्नों सहित पूर्ण विवरण के लिए कृपया परिशिष्ट IV में "वस्तु परक" प्रश्नों के बारे उम्मीदवारों के सूचनार्थ विवरणिका देखिए।

(2) प्रश्न-पत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में होंगे।

(3) ऐच्छिक विषयों के लिए पाठ्य विवरणों की पाठ्यक्रम सामग्री डिग्री स्तर की होगी। पाठ्यक्रम का पूरा विवरण खण्ड III के भाग 'क' में दिया गया है।

(4) प्रत्येक प्रश्न पत्र दो घन्टे का होगा।

(ख) प्रधान परीक्षा:

लिखित परीक्षा में निम्नलिखित प्रश्न-पत्र होंगे :—

प्रश्न-पत्र सं. I	संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं में से उम्मीदवारों द्वारा चुनी गई कोई एक भारतीय भाषा।	300 अंक
प्रश्न पत्र II	अंग्रेजी	300 अंक
प्रश्न पत्र III और IV	सामान्य अध्ययन	प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए 300 अंक
प्रश्न पत्र V, VI VII तथा VIII	नीचे पैरा 2 में दिए गए ऐच्छिक विषयों की सूची में से चुने जाने वाले कोई दो विषय प्रत्येक विषय के दो प्रश्न-पत्र होंगे।	प्रत्येक प्रश्न-पत्र के लिए 300 अंक

साक्षात्कार परीक्षण 250 अंकों का होगा

टिप्पणी :

(1) भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी के प्रश्न-पत्र मैट्रीकुलेशन अथवा। समकक्ष स्तर के होंगे जिनमें केवल अर्हता प्राप्त करनी होगी इन प्रश्न पत्रों में प्राप्त अंकों का योग्यता क्रम निर्धारित करने में नहीं गिना जाएगा।

(2) केवल उन्हीं उम्मीदवारों के सामान्य अध्ययन तथा वैकल्पिक विषयों के प्रश्न पत्रों का मूल्यांकन किया जाएगा जो भारतीय भाषा तथा अंग्रेजी के अर्हक प्रश्न पत्रों में प्रायोग द्वारा अपनी विवक्षा पर निर्धारित न्यूनतम स्तर प्राप्त कर लेंगे।

(3) भाषा के प्रश्न पत्रों में उम्मीदवार निम्न प्रकार से लिपि का प्रयोग करेंगे :—

भाषा	लिपि
असमिया	असमिया
बंगला	बंगला
गुजराती	गुजराती
हिन्दी	देवनागरी
कन्नड़	कन्नड़
कश्मीरी	फारसी
मलयालम	मलयालम
मराठी	देवनागरी
उड़िया	उड़िया
पंजाबी	गुरुमुखी
संस्कृत	देवनागरी
सिन्धी	देवनागरी या अरबी
तमिल	तमिल
तेलुगु	तेलुगु
उर्दू	फारसी

2. ऐच्छिक विषयों की सूची :

कृषि विज्ञान
पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान
मानव विज्ञान
वनस्पति विज्ञान
रसायन विज्ञान
सिविल इंजीनियरी
वाणिज्यिक शास्त्र तथा लेखा विधि
अर्थशास्त्र
विद्युत इंजीनियरी
भूगोल
भू-विज्ञान
इतिहास
विधि

निम्नलिखित भाषाओं में से किसी एक का साहित्य : असामिया, बंगला, चीनी, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, कश्मीरी, मराठी, मलयालम, उड़िया, पाली, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, अरबी, फारसी, जर्मन, फ्रेंच, रूसी तथा अंग्रेजी।

प्रबन्ध :

गणित
यांत्रिक इंजीनियरी
दर्शन शास्त्र
भौतिकी
राजनीति विज्ञान तथा अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध
मनोविज्ञान
लोक प्रशासन
समाज शास्त्र
सांख्यिकी
प्राणिविज्ञान

टिप्पणी : (1) उम्मीदवारों को निम्नलिखित विषय एकसाथ लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी :—

(क) राजनीति विज्ञान एवं अन्तर्राष्ट्रीय संबंध तथा लोक प्रशासन,

(ख) वाणिज्य शास्त्र एवं लेखा विधि तथा प्रबन्ध

(ग) मानव विज्ञान तथा समाज शास्त्र

(घ) गणित तथा सांख्यिकी

(ङ) कृषि विज्ञान तथा पशुपालन एवं पशुचिकित्सा विज्ञान,

(च) प्रबन्ध तथा लोक प्रशासन

(छ) इंजीनियरी विषयों जैसे सिविल इंजीनियरी, विद्युत इंजीनियरी तथा यांत्रिक इंजीनियरी में एक से अधिक विषय नहीं।

(2) परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र परम्परागत निबंध शैली के होंगे।

(3) प्रत्येक प्रश्न पत्र तीन घंटे की अवधि का होगा।

(4) प्रश्न-पत्रों के उत्तर भारतीय भाषाओं के प्रश्न पत्रों अर्थात् उपर्युक्त प्रश्नपत्रों I और II को छोड़कर संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित किसी भी एक भाषा में अथवा अंग्रेजी में देने की उम्मीदवारों को छूट होगी।

(5) संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं में से किसी एक भाषा में III से VIII तक के प्रश्नपत्रों के उत्तर देने का विकल्प लेने वाले उम्मीदवार यदि चाहें तो केवल तकनीकी शब्दों के यदि कोई है, विवरण का उनके द्वारा चुनी गई भाषा के साथ अंग्रेजी रूपान्तरण कोष्ठकों में दे सकते हैं।

किन्तु उम्मीदवार ध्यान रखें कि यदि वे उक्त नियम का दुरुपयोग करते हैं तो इसके कारण उनके अन्यथा मिलने वाले कुल अंकों में से कटौती कर ली जाएगी, आत्यांतिक मामले में उनकी उत्तर पुस्तिका (ए) अनधिकृत माध्यम में होने के कारण मूल्यांकित नहीं की जाएगी।

(6) भाषा संबंधी प्रश्नपत्रों को छोड़कर बाकी सभी प्रश्न-पत्र हिन्दी और अंग्रेजी में होंगे।

(7) पाठ्यक्रम का पूरा विवरण खंड III के भाग ख में दिया गया है।

सामान्य :

(1) उम्मीदवार को अपने प्रश्न के उत्तर स्वयं अपने हाथ से लिखने होंगे। किसी भी परिस्थिति में उन्हें दूसरे की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(2) आयोग अपने विवेक से परीक्षा के किसी भी एक या सभी विषयों में अर्हक अंक निश्चित कर सकता है।

(3) यदि किसी उम्मीदवार की लिखावट आसानी से न पढ़ी जा सके तो उसको मिलने वाले अंकों में से कुछ अंक काट लिए जायेंगे।

(4) मतही ज्ञान के लिए अंक नहीं दिए जायेंगे।

(5) परीक्षा के सभी विषयों में कम से कम शब्दों में की गई संगठित सूक्ष्म और समस्त अभिव्यक्ति को श्रेय मिलेगा।

(6) प्रश्न पत्रों में जहां कहीं भी आवश्यक हो माप तौल में संबद्ध प्रश्न मीटरी प्रणाली में होंगे।

(7) उम्मीदवार प्रश्नपत्रों के उत्तर देते समय केवल भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूप (जैसे 1, 2, 3, 4, 5, 6, आदि) का ही प्रयोग करें।

(8) उम्मीदवारों को परंपरागत (निबंध) प्रकार के प्रश्नपत्रों के लिए बैटरी से चलने वाले पाकेट कैलकुलेटर परीक्षा भवन में लाने और उनका प्रयोग करने की अनुमति है। परीक्षा भवन में किसी से कैलकुलेटर मांगने या आपस में बदलने की अनुमति नहीं है।

यह ध्यान रखना भी आवश्यक है कि उम्मीदवार वस्तुपरक प्रश्नपत्रों (प्रश्न पुस्तिका) का उत्तर देने के लिए कैलकुलेटरों का प्रयोग नहीं कर सकते। अतः वे उन्हें परीक्षा भवन में न लाएं।

ग—साक्षात्कार परीक्षण

उम्मीदवार का साक्षात्कार एक बोर्ड द्वारा होगा जिसके सामने उम्मीदवार के परिचयवृत्त का अभिलेख रहेगा। उससे सामान्य रुचि की बातों पर प्रश्न पूछे जायेंगे। यह साक्षात्कार इस उद्देश्य से होगा कि गहन और निष्पक्ष प्रेक्षकों का बोर्ड यह जान सके कि उम्मीदवार लोक सेवा के लिए व्यक्तित्व की दृष्टि से उपयुक्त है या नहीं। यह परीक्षा उम्मीदवार की मानसिक क्षमता को जांचने के अभिप्राय से की जाती है। मोटे तौर पर इस परीक्षा का प्रयोजन वास्तव में न केवल उसके बौद्धिक गुणों का अपितु उसके सामाजिक लक्षणों और सामाजिक घटनाओं में उसकी रुचि का भी मूल्यांकन करना है। इसमें उम्मीदवार की मानसिक सतर्कता, आलोचनात्मक ग्रहण शक्ति, स्पष्ट और तर्कसंगत प्रतिपादन की शक्ति, संतुलित निर्णय की क्षमता, रुचि की विविधता और गहराई नेतृत्व और सामाजिक संगठन की योग्यता बौद्धिक और नैतिक ईमानदारी आदि की भी जांच की जा सकती है।

2. साक्षात्कार में प्रति परीक्षण (क्रास एग्जामिनेशन) की प्रणाली नहीं अपनाई जाती इसमें स्वाभाविक वार्तालाप के माध्यम से, उम्मीदवार के मानसिक गुणों का पता लगाने का प्रयत्न किया जाता है, परन्तु वह वार्तालाप एक विशेष दिशा में और एक विशेष प्रयोजन से किया जाता है।

3. साक्षात्कार परीक्षण उम्मीदवारों के विशेष या सामान्य ज्ञान को जांच करने के प्रयोजन से नहीं किया जाता, क्योंकि उसकी जांच तो लिखित प्रश्नपत्रों में पहले ही हो जाती है। उम्मीदवारों से आशा की जाती है कि वे केवल अपने विद्यालय के विशेष विषयों से ही परिचित हों बल्कि उन घटनाओं पर ध्यान दें जो उनके चारों ओर अपने राज्य या देश के भीतर और बाहर घट रही हैं तथा आधुनिक विचारधारा और नई-नई खोजों में भी रुचि लें जो कि किसी अतिरिक्त शुल्क में सकती है।

खंड III

परीक्षा का पाठ्य विवरण

भाग क

प्रारंभिक परीक्षा

अनिवार्य विषय

सामान्य अध्ययन (कोड सं. 99)

इस प्रश्न-पत्र में ज्ञानविज्ञान के निम्नलिखित क्षेत्रों से संबंधित प्रश्न होंगे :—

सामान्य विज्ञान।

राष्ट्रीय तथा अन्तरराष्ट्रीय महत्व की सम-सामयिक घटनाएं।

भारत का इतिहास,

विश्व का भूगोल,

भारत की राज्य व्यवस्था और आर्थिक व्यवस्था

भारत का राष्ट्रीय आंदोलन और साथ ही सामान्य मानसिक योग्यता को जांचने वाले प्रश्न भी होंगे।

सामान्य विज्ञान के अन्तर्गत दैनिक अनुभव तथा प्रेक्षण से संबंधित विषयों सहित विज्ञान की सामान्य जानकारी तथा परिबोध पर ऐसे प्रश्न पूछे जायेंगे जिसकी किसी भी सुशिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है, जिसने वैज्ञानिक विषयों का विशेष अध्ययन नहीं किया है। इतिहास के अन्तर्गत विषय के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिपेक्ष्य में

विषय की सामान्य जानकारी पर विशेष बल दिया जाएगा । विषय में "भारत के भूगोल" पर विशेष ध्यान दिया जाएगा । "भारत का भूगोल" के अन्तर्गत देश के सांस्कृतिक, सामाजिक तथा आर्थिक भूगोल से संबंधित प्रश्न होंगे जिसमें भारतीय कृषि तथा प्राकृतिक साधनों की प्रमुख विशेषताएं भी सम्मिलित होंगी । भारत की राज्य व्यवस्था और आर्थिक व्यवस्था के अन्तर्गत देश की राजनीतिक प्रणाली, पंचायती राज, साम्प्रदायिक विकास तथा भारतीय योजना संबंधी जानकारी का परीक्षण किया जाएगा "भारत के राष्ट्रीय आंदोलन" के अन्तर्गत उन्नीसवी शताब्दी के पुनरुत्थान के स्वरूप और स्वभाव, राष्ट्रीयता का विकास तथा स्वतंत्रता प्राप्ति से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे ।

वैकल्पिक विषय

आवेदन प्रपत्र भरने में (कोष्ठकों में दी गई) कोड संख्याओं का प्रयोग करें ।

कृषि विज्ञान (कोड सं. 01)

कृषि विज्ञान, राष्ट्रीय अर्थ-व्यवस्था में उसका महत्व कृषि परिस्थितिक क्षेत्रों की निर्धारित करने वाले कारक तथा सवस्य पादपों का औद्योगिक वितरण ।

भारत की प्रमुख फसलें, अनाज, दलहन, तिलहन, रेशा, चीनी तथा कंद फसलों की संवर्धन रीतियां तथा सस्य परिवर्तन के वैज्ञानिक आधार पर तथा अनुपस्य सुलवत, अंतरण तथा मिश्रित अस्वन ।

पादप वृद्धि के माध्यम के रूप में मूल तथा उसकी जमावट : मृदा के खनिज तथा कार्बनिक अवयव तथा फसलों के उत्पादन में इनकी भूमिका, मृदाओं के रासायनिक, भौतिक तथा सूक्ष्म जैविक गुण अनिवार्य पादप पोषण तत्व, उनके कार्य, मृदा में उपस्थिति तथा उनका ग्रहण । मृदा उर्वरप्रदता के सिद्धांत तथा उचित उर्वरक प्रयोग के लिए उसका मूल्यांकन कार्बनिक खाद तथा जैव उर्वरक पादप में निवेश तथा परिभक्षित करक, अनिश्च तथा क्षितिज शक्ति ।

पादप पोषण, अवशूषण, स्थानांतरण तथा पोषक तत्वों के उपापचय के संदर्भ में पादप क्रिया विज्ञान के सिद्धांत । पोषक तत्वों की कमी की पहचान तथा उनका उपचार । पादप वृद्धि में प्रकाश संश्लेषण तथा श्वसन, वृद्धि तथा विकास आक्सिन तथा हारमन ।

सस्य सुधार में यथा अनुप्रयुक्त आनुवंशिकी तथा पादप प्रजनन के सिद्धांत पादप संकरों तथा सम्मिश्रणों का विकास, प्रमुख फसलों की महत्वपूर्ण जातियां (किस्में) संकर तथा सामासिक जातियां ।

भारत की फलों तथा सब्जियों की प्रमुख फसलें, संवेष्टन रीतियां तथा उनका वैज्ञानिक आधार, फसलों का अनुक्रम, अन्तर सस्योत्पादन तथा सहचर फसलें, मानव पोषण में फलों तथा सब्जियों का महत्व फलों तथा सब्जियों की फसल तुड़ाई के बाद की संभाल तथा संसाधन ।

प्रमुख फसलों के विनाशक कीट तथा रोग: कीट तथा रोगों के नियंत्रण के सिद्धांत कीट तथा रोगों का समाकलित नियंत्रण : पादप संरक्षण यंत्रों का उचित प्रयोग तथा देखभाल ।

कृषि विज्ञान में यथा अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र के सिद्धांत : अनुकूलतम उत्पादन के लिये कृषि क्षेत्रों का आयोजन तथा साधन प्रबंध । कृषि प्रणालियां तथा प्रतीत अर्थ-व्यवस्था में उनकी भूमिका ।

कृषि विस्तार का वर्णन, उद्देश्य तथा सिद्धांत । राज्य, जिला तथा ब्लाक स्तरों पर विस्तार संगठन, उनकी संरचना, कार्य तथा उत्तरदायित्व, संचार प्रणाली । विस्तार सेवा में कृषि संगठनों की भूमिका ।

वनस्पति विज्ञान (कोड सं. 02)

1. जीवन का उद्गम—पृथ्वी के उद्गम संबंधी मूल विचार, जीवन भूगोल का उद्गम रासायनिक और जैव विकास ।

2. आकारिकी, मूल शरीर और वर्गिकी विभिन्न ऊतकों तथा अंगों की संरचना और विभेदन का सामान्य ज्ञान । पौधों के नामकरण, वर्गीकरण तथा पहचान के सिद्धांत ।

3. पादप विविधता—विषाणु, शैवाल, कवक, लाईकेन, ब्रायोफाईटा, टारडोफाईटा, अनावृत बीजी तथा आवृत बीजी पादपों की संरचना का साधारण विवरण पीढ़ी एकांतरण की संकल्पना ।

4. पादप कार्यप्रकाश—संश्लेषण नाईट्रोजन उपापचय श्वसन एंजाइम खनिज पोषण और जल संबंधी का प्रारंभिक ज्ञान ।

5. पादप वृद्धि और परिवर्द्धन—वृद्धि की प्रक्रिया तथा वृद्धि हारमोन। पुष्पन और बीज अंकुरण ।

6. प्रजनन—लैंगिक और अलैंगिक प्रजनन । परागण और निषेचन बीज का परिवर्धन ।

7. कोशिका—जैविकी कोशिका की संरचना तथा कोशिकाओं के कार्य समसूत्री विभाजन और अर्द्ध सूत्री विभाजन ।

8. आनुवंशिकी—जीन की संकल्पना, वंशगति के नियम उत्परिवर्तन और बहुगुणिता आनुवंशिकी तथा पादप सुधार ।

9. विकास—सामान्य परिचय ।

10. पादप रोग विज्ञान—भारत में व्याप्त सस्य पादपों के महत्वपूर्ण रोगों का सामान्य परिचय और उनका नियंत्रण ।

11. पादप और मानव कल्याण—मानव जीवन में पौधों की भूमिका भोजन, रेशें, लकड़ी और औषधी प्रदान करने वाले पौधों का महत्व ।

12. पादप और पर्यावरण—भारत की वनस्पति का सामान्य परिचय। पारिस्थितिक-तंत्रों का प्रारंभिक ज्ञान ।

रसायन विज्ञान (कोड सं. 03)

1. अकार्बनिक रसायन

परमाणु क्रमांक तत्वों का इलैक्ट्रानिक विन्यास, अष्ट आफबाऊ नियम, हुंड कांड बहुकता नियम, पाउडली अपवर्जन सिद्धांत, तत्वों के आवर्ती वर्गीकरण की दीर्घ प्रणाली । संक्रमण तत्व और उनकी प्रमुख विशेषताएं। परमाण, और आयनिक त्रिज्या, आयतन विभव, इलैक्ट्रान बंधुता और विद्युत ऋणात्मकता।

प्राकृतिक और कृत्रिम रेडियोधर्मिता । नाभिकीय, विखंडन और संलयन। संयोजकता का इलैक्ट्रानिक सिद्धांत, सिग्मा और पाई-बंध के विषय में प्रारम्भिक जानकारी, संकरण और सह संयोजी आबंधों की विभिक प्रकृति।

आक्सीकरण अवस्थायें और आक्सीकरण अंक सामान्य आक्सीकरण और अपचायक । आयनिक समीकरण।

अम्ल तथा क्षारक का ब्रांसटेड ल्यूइस सिद्धांत।

सामान्य तत्वों एवं उनके यौगिकों का रसायन-विशेषकर आवर्ती वर्गीकरण की दृष्टि से । सामान्य तत्वों के निष्कर्षण एवं पृथक्करण के सिद्धांत।

समन्वय यौगिकों का वर्नर सिद्धांत। सामान्य धातुकर्मी और वैश्लेषिक संक्रियाओं में प्रयुक्त होने वाले संकर यौगिकों का इलेक्ट्रानिक विन्यास।

हाइड्रोजन पर-आक्साइड परसल्फ्यूरिक अम्ल, डाइक्रोरेन, अल्युमीनियम क्लोराइड और नाइट्रोजन फासफोरस क्लोरीन तथा सल्फर के महत्वपूर्ण आक्सी-अम्लों की संरचना । निष्क्रिय गसें : पृथक्करण और रसायन विज्ञान अकार्बनिक रसायनों के विश्लेषण का सिद्धांत।

सोडियम कार्बोनेट, सोडियम हाइड्राक्साइड, अमोनिया, नाइट्रिक अम्ल, सल्फ्यूरिक अम्ल, सीमेंट , कांच और कृत्रिम उर्वरकों के निर्माण का संक्षिप्त विवरण।

2. कार्बनिक रसायन विज्ञान :

सहसंयोजी आबंध की आधुनिक संकल्पनाएं । इलक्ट्रान विस्थापन। प्रेरणिक, मसोमरी और अंति संयुग्मक प्रभाव । अम्लों और क्षारकों के

वियोजन स्थिरांकों पर संरचना का प्रभाव । अनुवाद और कार्बनिक रसायन विज्ञान में इसका अनुप्रयोग । कार्बनिक अभिक्रिया की क्रियाविधि, यौग नाभिस्नेही और इलैक्ट्रौन स्नेही प्रतिस्थापन सिद्धांत ।

आरोग्य, अरेण्य और अरोण/एल्केन, और एल्काईन । कार्बनिक यौगिक के स्रोत के रूप में पैट्रोलियम, एलिफटिक यौगिकों के सुगम व्युत्पन्न : अल्कोहल, एल्डीहाइड कीटन, अम्ल हैलाइड, एस्टर ईथर ऐमीन, अम्ल ऐनाहाइड्राइड, क्लोराइड और एमाइड । एकक्षार की हाइड्रोक्सी को टोनिक और एमाइनों एसिड । मैलोनिक और ऐसीटीऐसोटिक एस्टर, आप्लावित और द्विक्षारिकी अम्ल । लैक्टिक ट्रारट्रिक मिट्रक मैलेइन और फूमेरिक अम्ल । कार्बोहाइड्रेट: वर्गीकरण और सामान्य अभिक्रियाएं । ग्लूकोस, फैक्टोज और स्यूक्रोस ; कार्ब-धात्विक यौगिक, क्रीग्नार अभिकर्मक ।

त्रिविम रसायन : प्रकाशिक और ज्यामितीय समावयवता । संरूपण की संकल्पना ।

बेंजीन और इसके सुगम व्युत्पन्न : टालूइन, जाइलीन, फीनॉल, हैलाइड, नाइट्रो और एमाइनों यौगिक । बेंजोइक, सेलीसिलिक, सिनेमिक, मैंडेलिक और सल्फोनिक अम्ल । ऐरोमैटिक एल्डीहाइड और कीटोन । डाएजो, एजो और हाइड्रोजी यौगिक : ऐरोमेटिक प्रतिस्थापन : नैप्थलीन, पिरिडीन और क्यूनीलिन । संश्लेषण, संरचना और सरल अभिक्रियाएं । आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पदार्थों उदाहरणार्थ कोलतार, स्यूलीज, स्टार्च, तेल वसा, प्रोटीन, और विटामिन का सरल रसायन ।

3. भौतिक रसायन विज्ञान :

गैसों का गतिक सिद्धांत और गैस नियमों के वेग वितरण का मैक्सवैल सिद्धांत । वन ऊर बील का समीकरण । संगत अवस्थाओं का नियम, गैसों का द्रवण । गैसों का विशिष्ट ऊष्मा CP/CV का अनुपात ।

ऊष्मा गतिकी : ऊष्मा गतिकी का पहला नियम समतापी और रुद्धोष्म प्रसार, पूर्ण ऊष्मा, ऊष्मा धारिता ।

ऊष्मा रसायन : अभिक्रिया ऊष्मा, संभवन-ऊष्मा, विलयन ऊष्मा और दहन ऊष्मा । आबंध ऊर्जा का परिकलन । किरखोफ समीकरण ।

स्वत: परिवर्तन की कसौटी । ऊष्मागतिकी का द्वितीय नियम, स्ट्रामी प्राप्यतम ऊर्जा, रसायनिक संतुलन की कसौटी ।

घोल, परासरण दाब, वाष्प दाब का अवनमन, हिमांक का अवनमन, क्वथनांक का उन्नयन । घोल में अणुभार का निर्धारण । विलेयों का संगणन और वियोजन ।

रासायनिक संतुलन द्रव्यमान अनुपाती अभिक्रिया का नियम और समांगी तथा विषमांगी संतुलन में इसका अनुप्रयोग । ला-शाते लिये का सिद्धांत और रासायनिक संतुलन में इसका अनुप्रयोग ।

रासायनिक बलगतिकी : आणविकता और अभिक्रिया की कोटि । प्रथम और द्वितीय कोटि की अभिक्रियाएं, अभिक्रिया की कोटि का निर्धारण ताप गुणांक और सक्रियण ऊर्जा, अभिक्रिया दरों का संघटन सिद्धांत । संक्रियत संकुल सिद्धांत ।

विद्युत रसायन : फैरेडे का विद्युत अपघटन नियम, विद्युत अपघट्य की चालकता, तुल्यांकी चालकता और तनूकरण के साथ इसका परिवर्तन ; अल्प रूप से विलयशील लवण की विलेयता; विद्युत अपघटनी वियोजन आस्वाल्ड का तनूकरण नियम, प्रबल विद्युत अपघट्य की असंगति; विलेयता गुणनफल; अम्लों और क्षारकों की प्रबलता; लवण का जल-अपघटन; हाइड्रोजनी सांद्रता, उभय-प्रतिरोध विधा; सूचकों का सिद्धांत ।

अल्कमणीय सैल । मानक हाइड्रोजन और कैलोमल । इलैक्ट्रोड और रेडाक्स विभव । सांद्रता सैल । PH का निर्धारण, अभिगमांक । जल का आयनी गुणफल । विभव मूलक अनुमापन ।

द्रावस्था नियम : प्रयुक्त शब्दों का स्पष्टीकरण । एक और दो घटक तंत्रों का अनुप्रयोग । वितरण नियम ।

कोलाइड : कोलाइडी विलयनों की सामान्य प्रकृति और इसका वर्गीकरण कोलाइड के गुणधर्म और तैयार करने की सामान्य विधियां । स्कंदन । रक्षक क्रिया और स्वर्णांक/अधिशोषण ।

उत्प्रेरण समांगी तथा विषमांगी उत्प्रेरण । वर्धक विषाक्तन ।

प्रकाश रसायन : प्रकाश रसायन के नियम तथा संकल्पनात्मक समस्याएं ।

संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित सरल संख्यात्मक तथा संकल्पनात्मक समस्याएं ।

सिविल इंजीनियरी (कोड नं. 04)

स्थैतिकी : समतलीय और बहुतलीय प्रणालियां, मुक्त पिंड आरेख, केन्द्रक, समतल आकृतियों के द्वितीय आघूर्ण, बल और राज्य बहुभुज, काल्पित कार्य के सिद्धांत और कैटिनरी ।

गतिकी : मात्रक और विमाएं, गुरुत्वीय और निरपेक्ष प्रणालियां, शुद्धगतिकी ऋजु रेखीय और वक्ररेखी गति; आपेक्षिक गति तात्क्षणि केन्द्र ।

गतिकी—द्रव्यमान जड़त्व आघूर्ण सरल हार्मोनिक गति : संवेग और आवेग स्थिर अक्ष के चारों ओर पूर्ण दृढ़पिंड का गति समीकरण ।

पदार्थों का सामर्थ्य—समान और समदैशिक माध्यम प्रतिबल और विकृति प्रत्यास्थ स्थिरांक, एक दिशा में तनाव और संपीडन, कीलित और वैल्डित जोड़ ।

संयुक्त प्रतिबल—मुख्य प्रतिबल और मुख्य विकृतियां विफलता के सरल सिद्धांत/वंकन आघूर्ण और अपरूपण बल आरेख ।

वंकन सिद्धांत दंड के अनुप्रस्थ परिच्छेद में अपरूपण प्रतिबल वितरण, दंडों का विक्षेपण ।

पटलित दंडों का विश्लेषण और अभिज्यीय संरचनाएं । स्तंभों के सिद्धांत मध्य तृतीयांश और मध्य चतुर्थांश नियम ।

तीन पिनों की मेहराब सरल फ्रेमों का विश्लेषण, सरल फ्रेमों का विश्लेषण मरोड़-शैफ्टों की मरोड़, संयुक्त शैफ्टों में प्रत्यक्ष और मरोड़ प्रतिबल ।

प्रत्यास्थ विरूपण में विकृति ऊर्जा, प्रतिघात आंति और विसर्पण

मृदा यांत्रिकी—मृदा की उत्पत्ति वर्गीकरण रिक्त अनुपात : नमी की मात्र परागम्यता संहनन ।

रिसन : प्रवाह-तंत्र का निर्माण, विभिन्न अपवाहों और प्रतिबल स्थितियों को ध्यान में रखकर अपरूपण शक्ति निर्धारित करने के लिये अपरूपण शक्ति के प्राचल नियत करना । त्रिअक्षीय , अपरिरुद्ध और सीधे अपरूपण-परीक्षण ।

भू-दाब सिद्धांत, रानकाइन और कलाम की विश्लेषण और ग्राफी विधियां, ढाल की स्थिरता ।

मृदा संघटन टनजाघी का एक विमीय संघटन का सिद्धांत; निषदन की दर और अंतिम निषदन, मृदाओं में प्रतिबल प्रभावी वाह्य वितरण, मृदा का स्थायीकरण । नींव आधार-पाद, पाइल, कुआं, शीट फाइलों की वहन क्षमता ।

तरल यांत्रिकी—तरल द्रव्य के गुणधर्म ।

तरल स्थैतिकी—किसी बिन्दु पर दबाव; समतल और वक्र पृष्ठों पर बल; तैरते और डूबे हुए पिंडों का स्थायीकरण; तरल प्रवाह की गतिकी; अप्रक्षुब्ध और प्रक्षुब्ध प्रवाह; सातत्य समीकरण; ऊर्जा और संवेग समीकरण; बरनूली प्रमेय; कोटरण ।

वेग विभव और धारा प्रकार्य, घूर्णात्मक और अघूर्णात्मक प्रवाह, आर्वल; प्रवाह-जाल ।

तरल प्रवाह का मापन :

विमीय विश्लेषण—मात्रक और विमाएं; अविमीय संख्या; बकिंघम की पी-प्रमेय, समरूपता का सिद्धांत और अनुप्रयोग ।

श्यान प्रवाह—स्थतिक प्लेटों और वृत्ताकार ट्यूबों के बीच प्रवाह, परिसीमा स्तर, परिकल्पना; कर्षण और उत्थापन ।

पाइपों द्वारा असंपीडय प्रवाह—प्रक्षुब्ध और अप्रक्षुब्ध प्रवाह; क्रांतिक वेग, घर्षण हानि, आकस्मिक विवर्धन और संकुचन के कारण हानि; ऊर्जा ग्रेड लाइनें ।

विवृत प्रणाल प्रवाह—एक समान और असमान प्रवाह विशिष्ट ऊर्जा और क्रांतिक गहराई; क्रमिक परिवर्ती प्रवाह; तल-रूप, अपंगामी तरंग फ्लूम उल्लोल और तरंगें ।

सर्वेक्षण—सामान्य सिद्धान्त चिन्ह, परिपाटी, सर्वेक्षण उपकरण और उनका समंजन, सर्वेक्षण प्रेक्षणों को लिखना, मानचित्रों और परिच्छेदों का आलेखन भूलें और उन्हें ठीक करना ।

दूरियों, विभाओं और ऊंचाईयों का मापन; मापी गई लम्बाई और दिक्मान में संशोधन; स्थानीय आकर्षणों के लिए परिशोधन; क्षेतिज और ऊर्ध्वाधर कोणों का मापन; समतलन कार्य, अपवर्तन और वक्रता संशोधन ।

जरीब और दिक्सूचक सर्वेक्षण थियोडोलाइट और टकीमितीय माला रेखण, माला रेखा अभिकलन, पट्ट सर्वेक्षण, द्विबिन्दु और त्रि-बिन्दु समस्याओं का हल; कन्टूर सर्वेक्षण ।

विमाओं और ग्रेडों को पक्का करना, वक्रों के प्रकार, नींव बनाने के लिए खुदाई की रेखाओं और वक्रों को पक्का करना ।

वाणिज्य (कोड सं. 05)

भाग 1 लेखा विधि

लेखाविधि समीकरण—संकल्पना तथा परिपाटियां—सामान्य लेखा कार्य के सामान्यतः स्वीकृत सिद्धांत, पूंजी तथा राजस्व व्यय और प्राप्तियां बिलीय, विवरण तैयार करना जिनमें निधि के स्रोत तथा अनुप्रयोग का विवरण सम्मिलित है। साझेदारी लेखे जिनमें उसका विघटन तथा साझेदारों में थोड़ा-थोड़ा करके वितरण सम्मिलित है। गैर लाभार्जक संगठनों के लेखा तैयार करना—अपूर्ण अभिलेखों से लेखा तैयार करना—कंपनी लेखाशेयरों तथा डिबेंचरों का निर्गमन तथा मोचन लाभों का पूंजीकरण तथा बोनस शेयरों का निर्गमन मूल्यह्रास का लेखा बनाना जिसमें मूल्य ह्रास की व्यवस्था करने की सत्वरित पद्धतियां सम्मिलित हैं । माल का मूल्यांकन तथा नियंत्रण ।

अनुपात विश्लेषण तथा निर्वचन-अल्पकालिक तरलता दीर्घकालिक ऋणशोधन क्षमता और लाभकारिता से संबद्ध अनुपात किसी व्यापारिक इकाई के समग्र निष्पादन के मूल्यांकन में निवेश पर प्रतिलाभ की दर (रेट आफ इन्वेस्टमेंट) का महत्व ।

लेखा परीक्षा का स्वरूप और उद्देश्य—तुलन पत्र तथा अविराम लेखा परीक्षा सांविधिक प्रबंध तथा संक्रियात्मक लेखा परीक्षा—लेखा परीक्षकों के कार्यपत्र—आंतरिक नियंत्रण तथा आंतरिक लेखा परीक्षा स्वाम्य तथा साझेदारी फर्मों की लेखा परीक्षा—कंपनी की लेखा परीक्षा की मोटी रूपरेखा ।

भाग II व्यापार संगठन तथा सचिवालयीय पद्धति

विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक संगठनों की प्रमुख विशेषताएं संयुक्त पूंजी कंपनी प्रारम्भ करने से सम्बद्ध औपचारिकताएं तथा प्रलेख—अंतः प्रबंध सिद्धांत तथा प्रलक्षित नोटिस के सिद्धांत—प्रतिभूतियों के प्रकार तथा उनके निर्गमन की पद्धति—नए निर्गम बाजार तथा स्टाक एक्सचेंज के आर्थिक कार्य व्यापारिक संयोजन एकाधिकार गुटों का नियंत्रण औद्योगिक उद्यमों के आधुनिकीकरण की समस्याएं । निर्यात तथा आयात व्यापार की कार्यविधि तथा वित्तीयन निर्यात संवर्धन के लिए प्रोत्साहन—निर्यात आयात बैंक की भूमिका—जीवन अग्नि तथा समुद्री बीमा के सिद्धांत ।

प्रबन्धकार्य : आयोजन संगठन कर्मचारी व्यवस्था निर्देश समन्वय तथा नियंत्रण ।

संगठन संरचना : केन्द्रीकरण तथा विकेन्द्रीकरण प्राधिकार का प्रत्यायोजन नियंत्रण की विस्तृति उद्देश्य पर प्रबन्ध (मैनेजमेंट बाई ओबजैक्टिव) तथा अपवादक प्रबन्ध ।

कार्यालय प्रबन्ध : विषय क्षेत्र तथा सिद्धांत प्रणालियों तथा नेमी कार्य अभिलेखी को संभाल कार्यालय उपकरण तथा यंत्रों का प्रयोग—संगठन तथा पद्धतियों का प्रभाव ।

कंपनी सचिव : कार्य तथा विषय क्षेत्र—नियुक्ति योग्यताएं तथा अयोग्यताएं—कंपनी सचिव के अधिकार, कर्तव्य तथा दायित्व—कार्यसूची तथा कार्यवृत के प्रारूप तैयार करना ।

अर्थशास्त्र (कोड सं० 08)

भाग I

1. राष्ट्रीय आर्थिक लेखाकरण : भारत की राष्ट्रीय आय का विश्लेषण जननी और संवितरण तथा सम्बद्ध पूर्ण योग : सकल राष्ट्रीय उत्पाद, निवल राष्ट्रीय उत्पाद, सकल देशीय उत्पाद तथा निवल देशीय उत्पाद (बाजार मूल्यों और उत्पादन लागत पर) : स्थिर और चालू मूल्यों पर ।

(V) अधिकारी के सेवा स्थान पर अध्ययनरत 5 से 18 वर्ष तक की आयु वाले अधिक से अधिक दो बच्चों के लिए बाल शिक्षा भत्ता यदि ऐसा कोई विद्यालय विदेश मंत्रालय द्वारा मान्यताप्राप्त हो।

(VI) विदेश में नियुक्ति के समय रु. 3500 बख्शता जाते समय जो प्रत्येक नियुक्ति पर जाते समय दिया जाएगा यह अधिकतम आठ गुना हो सकता है।

(ज) समय-समय पर संशोधित केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियमावली, 1972 कुछ तरमीमों के साथ इस सेवा के सदस्यों पर लागू होगी। विदेश सेवा के लिए भारतीय विदेश सेवा अधिकारियों को भारतीय विदेश सेवा (पी.एल.सी.ए.) नियमावली, 1961 के अंतर्गत अतिरिक्त छुट्टियां मिलेंगी जो के.सि.से. (छुट्टी) नियमावली, 1972 के अंतर्गत मिलने वाली छुट्टियों के 50 प्रतिशत तक होंगी।

(झ) भविष्य निधि : भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवा) नियमावली, 1960 द्वारा शासित होते हैं।

(ग) सेवा निवृत्ति लाभ : प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर नियुक्त किए गए भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली, 1972 द्वारा शासित होते हैं।

(ट) भारत में रहते समय अधिकारियों को वही रियायतें मिलेंगी जो उनके समकक्ष या समान हैसियत वाले अन्य सरकारी कर्मचारियों को मिलती हैं।

3. भारतीय पुलिस सेवा :—(क) नियुक्ति परिवीक्षाधीन पर की जाएगी जिसकी अवधि दो वर्ष की होगी उसे कुछ शर्तों पर बढ़ाया भी जा सकेगा। सफल उम्मीदवारों की परिवीक्षा की अवधि में भारत सरकार के निर्णय अनुसार निश्चित स्थान पर और निश्चित रीति से विहित प्रशिक्षण लेना होगा और निश्चित परीक्षाएं पास करनी होंगी।

(ख) और (ग) जैसा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के खण्ड (ख) और (ग) में दिया गया है।

(घ) भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी से केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अंतर्गत भारत में या विदेश में किसी भी स्थान पर सेवाएं ली जा सकती हैं।

(ङ) वेतनमान:—

कनिष्ठ वेतनमान—रु. 700-40-900-र.रो.-40-1100-50-1300

कनिष्ठ वेतनमान—रु. 1200 (छठे वर्ष या उससे पहले)-50-1700

चयन ग्रेड रु. 1800-100-2000

पुलिस उप-महानिरीक्षक स्तर II—रु. 2000-125/2-2250

उप-पुलिस महानिरीक्षक स्तर-I—रु. 2250-125/2-2500

पुलिस महानिरीक्षक—रु. 2500-125/2-2750

पुलिस महानिदेशक —रु. 3000 (नियत)।

मंहगाई भत्ता अखिल भारतीय सेवा (मंहगाई भत्ता) नियम, 1972 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार मिलेगा।

(च), (छ) और (ज) जैसा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के खण्ड (च), (छ) और (झ) में दिया गया है।

भारतीय डाक-तार सेवा तथा वित्त सेवा :

(क) नियुक्ति परिवीक्षा पर की जाएगी जिसकी अवधि 2 वर्ष की होगी परन्तु यह अवधि बढ़ाई भी जा सकती है, यदि परिवीक्षाधीन अधिकारी ने निर्धारित विभागीय परीक्षा पास करके अपने को स्थायी किए जाने के योग्य सिद्ध न किया हो। यदि कोई अधिकारी तीन वर्ष की अवधि में विभागीय परिक्षाएं पास करने में लगातार असफल होता रहा तो उसकी नियुक्ति समाप्त कर दी जाएगी।

(ख) यदि सरकार की राय में परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण असन्तोषजनक हो, उसे देखते हुए उसके कार्यकुशल होने की संभावना न हो, तो सरकार उसे तत्काल सेवा-मुक्त कर सकती है

(ग) परिवीक्षा की अवधि समाप्त/मुक्त होने पर सरकार अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर स्थायी कर सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण असंतोषजनक रहा हो तो उसे या तो सेवा से मुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि को जितना उचित समझे बढ़ा सकती है।

(घ) भारतीय डाक तार तथा वित्त सेवा पर भारत के किसी भी भाग में सेवा का एक निश्चित उत्तरदायित्व है।

भारतीय डाक तार तथा वित्त सेवा का वेतनमान :—

(1) कनिष्ठ वेतनमान—रु. 700-40-900-र.रो.-40-1100-50-1300

(2) वरिष्ठ वेतनमान—रु. 1100-50-1600

(3) कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड—रु. 1500-60-1800-100-2000

(4) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (लेवल II)—रु. 2250-125/2-2500

(5) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (लेवल I)—रु. 2500-125/2-2750

(ङ) जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षा के आधार पर नियुक्ति से पूर्व मौलिक आधार पर सांविधिक पद के अतिरिक्त किसी स्थायी पद पर नियुक्ति या उसका वेतन मूल नियम 22-ख (1) की व्यवस्थाओं के अधीन विनियमित होगा।

5. भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा।

6. भारतीय सीमा शुल्क केन्द्रीय उत्पादन शुल्क सेवा।

7. भारतीय रक्षा लेखा सेवा :— (क) नियुक्ति परिवीक्षा के आधार पर की जाएगी जिसकी अवधि 2 वर्ष की होगी परन्तु यह अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। यदि परिवीक्षाधीन अधिकारी ने निर्धारित विभागीय परीक्षाएं पास करके, अपने को पक्का किए जाने के योग्य सिद्ध न किया हो। यदि कोई अधिकारी तीन वर्ष की अवधि में विभागीय परीक्षाएं पास करने में लगातार असफल होता रहा तो उसकी नियुक्ति खत्म कर दी जाएगी।

(ख) यदि यथास्थिति, सरकार या नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की राय में परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण सन्तोषजनक न हो या उसे देखते हुए उसके कार्यकुशल होने की संभावना न हो तो सरकार उसे तत्काल सेवा मुक्त कर सकती है।

(ग) परिवीक्षा अवधि के समाप्त होने पर यथास्थिति सरकार या नियंत्रक और महालेखापरीक्षक अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर स्थायी कर सकती/सकता है या यदि यथास्थिति सरकार या नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की राय में उसका कार्य या आचरण असन्तोषजनक रहा हो तो उससे या तो सेवा से मुक्त कर सकती/सकता है या उसकी परिवीक्षा अवधि को, जितना उचित समझे बढ़ा सकती/सकता है, परन्तु अस्थायी रूप से खाली जगहों पर कोई नई नियुक्तियों के संबंध में स्थायी करने का दावा नहीं किया जा सकेगा।

(घ) लेखा परीक्षा में लेखा सेवा से अलग किए जाने की संभावना और अन्य सुधारों को ध्यान में रखते हुए भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा में परिवर्तन हो सकता है और कोई उम्मीदवार जो इस सेवा के लिए चुना जाए इस परिवर्तन से होने वाले परिणाम के आधार पर कोई दावा नहीं करेगा और उसे अलग किए गए केन्द्रीय/राज्य सरकार और नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के अंतर्गत सांविधिक लेखा परीक्षा कार्यालय में काम करना पड़ेगा और केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के अन्तर्गत अलग किए गए लेखा कार्यालयों के संबंध में अंतिम रूप में रहना पड़ेगा।

(ङ) भारतीय रक्षा लेखा सेवा के अधिकारियों से भारत में कहीं भी सेवा ली जा सकती है और उन्हें क्षेत्र सेवा (फील्ड सर्विस) पर भारत में या भारत के बाहर भी भेजा जा सकता है।

(च) वेतनमान—

भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा का वेतनमान :—

1. कनिष्ठ वेतनमान—रु. 700-40-900-र.रो.-40-1100-50-1300

2. वरिष्ठ वेतनमान—रु. 1100 (छठे वर्ष या उससे पहले)-50-1600

3. कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड—रु. 1500-60-1800-100-2000

4. कनिष्ठ प्रशासकीय ग्रेड में चयन ग्रेड—रु. 2000-125/2-2250

5. महालेखापाल—(1) रु. 2500-125/2-2750 (पदों का 50 प्रतिशत)

(2) रु. 2250-125/2-2500 (पदों का 50 प्रतिशत)

6. अपर उपनियंत्रक और महालेखापरीक्षक—रु. 2500-125/2-3000

7. भारतीय उपनियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक—रु. 3250।

टिप्पणी 1:— परिवीक्षाधीन अधिकारियों की सेवा, भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा सेवा के समय वेतनमान में कम से कम वेतन से प्रारम्भ होगी और वेतनवृद्धि के प्रयोजन से उसकी सेवा कार्यग्रहण की तारीख से गिनी जाएगी ।

टिप्पणी 2— परिवीक्षा अधिकारियों की पहली वेतनवृद्धि विभागीय परीक्षा के भाग I के उत्तीर्ण कर लेने की तारीख अथवा एक वर्ष की सेवा पूरी कर लेने की तारीख इनमें से जो भी पहले हो, उसे स्वीकृत की जा सकती है । दूसरी वेतन-वृद्धि विभागीय परीक्षा के भाग II के उत्तीर्ण कर लेने की तारीख अथवा दो वर्ष की सेवा पूरी कर लेने की तारीख इनमें से जो भी पहले हो से स्वीकृत की जा सकती है ; वेतनमान को रु. 820 प्रति माह तक कर देने वाली तीसरी वेतनवृद्धि 3 वर्ष की सेवा पूरी कर लेने और परिवीक्षा की निर्दिष्ट अवधि को संतोष जनक ढंग से अथवा अन्य निर्धारित शर्तों को पूरा करने पर ही स्वीकृत की जाएगी ।

टिप्पणी 3— यदि कोई परिवीक्षाधीन अधिकारी लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी, मसूरी की पाठ्यक्रम संपूर्ति परीक्षा पास नहीं करता तो उसकी रु. 740 तक ले जाने वाली वेतनवृद्धि भारत सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार दी जाएगी ।

टिप्पणी 4— जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षा के आधार पर नियुक्ति से पूर्व मौलिक आधार पर सावधिक पद के अतिरिक्त किसी स्थायी पद पर नियुक्ति या उसका वेतन मूल नियम, 22-ख (1) की व्यवस्थाओं के अधीन विनियमित होगा ।

टिप्पणी 5— भारतीय लेखा परीक्षा तथा लेखा सेवा के अधीन भारत में कहीं पर भी या विदेशों में सेवा करने का निश्चित दायित्व है ।

भारतीय सीमा शुल्क और केन्द्रीय शुल्क सेवा :

अधीक्षक, केन्द्रीय उत्पादन, सहायक कलेक्टर, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और/या सीमाशुल्क (कनिष्ठ वेतनमान)—रु. 700-40-900-द.रो.-40-1100-50-1300

सहायक कलेक्टर, केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क और/या सीमाशुल्क वरिष्ठ वेतनमान रु. 1100 (छठे वर्ष अथवा उससे कम) 50-1600

उपकलेक्टर सीमाशुल्क और/या केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अपर कलेक्टर, सीमाशुल्क और/या केन्द्रीय उत्पाद शुल्क रु. 1500-60-1800-100-रु. 2000

अपीलैट कलेक्टर, सीमाशुल्क और/या केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क/सीमा-शुल्क/कलेक्टर और/या केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क ।

निरीक्षक निदेशक

नार्कोटिक्स आयुक्त

प्रशिक्षण निदेशक

अधिसूचना तथा सांख्यिकी निदेशक

(1) रु. 2250-125/2-2500 (पदों का 50 प्रतिशत)

(2) रु. 2500-125/2-2750 (पदों का 50 प्रतिशत)

(क) नियुक्तियां 2 वर्ष के लिए परिवीक्षा के आधार पर की जाएगी किन्तु यदि परिवीक्षाधीन अधिकारी निर्धारित विभागीय परीक्षाएं उत्तीर्ण करके स्थायीकरण का हकदार नहीं हो जाता तो उक्त अवधि को बढ़ाया भी जा सकता है । तीन वर्ष की अवधि में विभागीय प्रतियोगिताओं को उत्तीर्ण न कर लेने पर नियुक्ति रद्द भी की जा सकती है ।

(ख) यदि सरकार की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य अथवा आचरण सन्तोषजनक नहीं है तो सरकार उसे तुरन्त सेवा मुक्त कर सकती है ।

(ग) परिवीक्षाधीन अधिकारी का परिवीक्षाकाल पूर्ण होने पर सरकार उसकी नियुक्ति को स्थायी कर सकती है अथवा यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक नहीं रहा है तो सरकार या तो उसे सेवामुक्त कर सकती है अथवा उसके परिवीक्षाधीन काल में अपने इच्छानुसार वृद्धि कर सकती है । किन्तु अस्थायी रिक्तियों पर नियुक्त किये जाने पर स्थायीकरण संबंधी उसका कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

(घ) भारतीय सीमाशुल्क तथा उत्पादन शुल्क सेवा ग्रुप 'क' के अधिकारी को भारत के किसी भी भाग में सेवा करनी होगी तथा भारत में ही 'फील्ड सर्विस' भी करनी होगी ।

टिप्पणी 1—परिवीक्षाधीन अधिकारी को आरम्भ में रु. 700-40-900-द.रो.-40-1100-50-1300 के समय वेतनमान में न्यूनतम वेतन मिलेगा तथा वार्षिक वृद्धि के लिए अपने सेवा काल को वह कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से माना जाएगा ।

टिप्पणी 2—जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षा के आधार पर भारतीय सीमाशुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन कर सेवा ग्रुप 'क' में नियुक्ति से पूर्व मौलिक आधार पर सावधिक पद के अतिरिक्त स्थायी पद पर नियुक्ति किया उसका वेतन मूल नियम 22-ख (i) की व्यवस्थाओं के अधीन विनियमित होगा ।

टिप्पणी 3—परिवीक्षा अवधि के दौरान अधिकारी को प्रशिक्षण निदेशालय (सीमाशुल्क और केन्द्रीय उत्पादन शुल्क), नई दिल्ली में एक विभागीय प्रशिक्षण और लाल बहादुर शास्त्री, राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में फाउन्डेशन कोर्स प्रशिक्षण लेना होगा । उसे विभागीय परीक्षा के भाग I और II उत्तीर्ण करना होगा । परिवीक्षाधीन अधिकारियों की वेतन वृद्धि निम्नलिखित विनियमित होगी :—

वेतन को 740 रुपये तक बढ़ाने वाली पहली वेतन वृद्धि विभागीय परीक्षा के दो में से एक भाग उत्तीर्ण करने की तारीख से या एक वर्ष की सेवा पूरी करने पर इनमें जो भी पहले हो स्वीकृत की जायेगी । वेतन को 780 रुपये तक बढ़ाने वाली दूसरी वेतन वृद्धि उक्त परीक्षा का दूसरा भाग उत्तीर्ण करने की तारीख से या दो वर्ष की सेवा पूरी करने पर (इसमें जो भी पहले हो), स्वीकृत की जायेगी । किन्तु

को 820 रुपये तक बढ़ाने वाली तीसरी वेतन वृद्धि तभी दी जायेगी जब तीन वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो तथा परिवीक्षा के लिये निर्धारित अवधि में परिवीक्षा पूरी कर ली हो और सरकार द्वारा यदि कोई अन्य शर्तें विहित की जायें तो वह पूरी कर ली हो।

टिप्पणी 4—परिवीक्षाधीन अधिकारियों को यह अच्छी तरह समझ लेना चाहिये कि उसकी नियुक्ति भारतीय सीमाशुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क सेवा ग्रुप 'क' के गठन में समय-समय पर भारत सरकार द्वारा आवश्यक समझकर किये जाने वाले प्रत्येक परिवर्तन के अधीन होगी और इस प्रकार के परिवर्तनों के फलस्वरूप उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा नहीं दिया जायेगा।

भारतीय रक्षा लेखा सेवा :

वेतनमान :—

(1) समय वेतनमान :

(i) कनिष्ठ समय वेतनमान—रु. 700-40-900-व.रो.-40-1100-50-1300 रु.

(ii) वरिष्ठ समय वेतनमान—रु. 1100-50-1600

(2) कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड :—

(i) साधारण ग्रेड—रु. 1500-60-1800-100-2000

(ii) चयन ग्रेड—2000-125/2-2250

(3) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड :—

(i) स्तर II—रु. 2250-125/2-2500

(ii) स्तर I—रु. 2500-125/2-2750

(4) रक्षा लेखा महानियंत्रक—रु. 3000 (नियत)

टिप्पणी 1—परिवीक्षाधीन नियुक्त अधिकारी का प्रारंभिक वेतन कनिष्ठ समय वेतनमान के न्यूनतम पर नियत होगा यदि कोई अधिकारी एक वर्ष की सेवा पूरी करने से पहले लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी, मसूरी में फाउन्डेशनल कोर्स और विभागीय परीक्षा भाग I उत्तीर्ण कर लेता है तो उसे उसके वेतन को 740 रुपये तक बढ़ाने वाली प्रथम अग्रिम वेतन वृद्धि स्वीकृत की जायेगी। यदि वह एक वर्ष की सेवा पूरी करने से पहले मसूरी में फाउन्डेशन कोर्स में अनुत्तीर्ण हो जाता है पर विभागीय परीक्षा भाग I में उत्तीर्ण हो जाता है तो उसे प्रथम अग्रिम वेतन वृद्धि स्वीकृत नहीं की जायेगी किन्तु उस पहली वेतन वृद्धि 12 मास की अर्हक सेवा पूरी करने पर दे दी जायेगी। जो अधिकारी मसूरी में फाउन्डेशनल कोर्स करने से पहले सीधे विभाग में सेवा शुरू करता है एक वर्ष की सेवा पूरी करने से पहले विभागीय परीक्षा भाग I उत्तीर्ण कर लेता है उसे अग्रिम वेतन वृद्धि स्वीकृत नहीं की जायेगी पर उसे 12 मास की अर्हक सेवा पूरी करने पर कनिष्ठ समय वेतनमान में पहली वेतन वृद्धि दे दी जायेगी यदि बाद में वह मसूरी में फाउन्डेशनल कोर्स उत्तीर्ण कर लेता है तो उसे पहली अग्रिम वेतनवृद्धि विभागीय परीक्षा भाग I उत्तीर्ण करने की तारीख से उस तारीख तक तथा उस तारीख के लिये स्वीकृत की जायेगी जो पहले सामान्य वेतन वृद्धि लेने की तारीख से पहले पड़ी हो। दूसरी अग्रिम वेतनवृद्धि दो वर्ष की सेवा पूरी करने से पहले विभागीय परीक्षा भाग II उत्तीर्ण करने की तारीख से स्वीकृत की जायेगी।

टिप्पणी 2—कुछ पदों के लिये ग्रेड वेतन के अलावा सरकार द्वारा समय समय पर जारी आदेशों के आधार पर विशेष वेतन स्वीकृत किया जा सकता है।

8. भारतीय आयकर सेवा समूह 'ख' :

(क) नियुक्ति परिवीक्षा के आधार पर की जायेगी जिसकी अवधि 2 वर्ष की होगी। परन्तु यह अवधि बढ़ाई भी जा सकती है यदि परिवीक्षाधीन अधिकारी निर्धारित विभागीय परीक्षाएं पास करके अपने आपको स्थाई किये जाने योग्य सिद्ध न कर सके। यदि कोई अधिकारी तीन वर्ष की अवधि में विभागीय परीक्षाएं पास करने में लगातार असफल होता रहा तो उसकी नियुक्ति खत्म कर दी जायेगी।

(ख) यदि सरकार की राय में परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण असंतोषजनक हो या उसे देखते हुए उसका कार्य कुशल होने की संभावना न होकर सरकार उसे तत्काल सेवा मुक्त कर सकती है।

(ग) परिवीक्षा अवधि के समाप्त होने पर, सरकार अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर स्थाई कर सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण असन्तोषजनक रहा हो तो उसे या तो सेवा से मुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि को जितना समझे बढ़ा सकती है परन्तु अस्थायी रूप से खाली जगहों पर की गई नियुक्तियों के संबंध में स्थाई करने का दावा नहीं किया जा सकेगा।

(घ) यदि सरकार ने सेवा में नियुक्तियां करने की अपनी शक्ति किसी अधिकारी को सौंप रखी है तो वह अधिकारी ऊपर के खण्डों में उल्लिखित सरकार की कोई भी शक्ति का प्रयोग कर सकता है।

(ङ) वेतनमान :—

आयकर अधिकारी ग्रुप 'क'—

(1) कनिष्ठ वेतनमान—रु. 700-40-900-व.रो.-40-1100-50-1300

(2) वरिष्ठ वेतनमान—रु. 1100-50-1600

आयकर सहायक आयुक्त—रु. 1500-60-1800-100-2000

सहायक आयकर आयुक्त के लिये चयन ग्रेड —रु. 200-125/-2-2250 रु.

आयकर आयुक्त—

(1) रु. 2250-125/2-2500 (लेवल II)

(2) रु. 2500-125/2-2-2750 (लेवल I)

(च) परिवीक्षाधीन अवधि में अधिकारी को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी, मसूरी तथा राष्ट्रीय प्रत्यक्षकर अकादमी, नागपुर में प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। मसूरी में शिक्षण समाप्त होने पर उसे पाठ्यक्रम संपूर्ति परीक्षा पास करनी होगी। इसके अतिरिक्त परिवीक्षाधीन अवधि में विभागीय परीक्षा खण्ड I और II भी पास करने होंगे। पाठ्यक्रम संपूर्ति परीक्षा तथा विभागीय परीक्षा खण्ड I पास कर लेने पर वेतन बढ़ाकर 740 रु. कर दिया जायेगा। विभागीय परीक्षा खण्ड II पास कर लेने पर वेतन बढ़ा कर रु. 780 कर दिया जायेगा। 780 रु. के स्तर के ऊपर वेतन तब तक नहीं दिया जायेगा जब तक कि उस अधिकारी की सेवा 3 वर्ष पूरी न हो चुकी हो या दूसरी ऐसी शर्तों के अधीन होगा जो आवश्यक समझी जायें।

यदि वह अकवामी की पाठ्यक्रम संपूर्ति परीक्षा पास नहीं कर लेता तो एक वर्ष के लिये उसकी वेतन वृद्धि स्थगित कर दी जायेगी अथवा उस तारीख तक जब कि विभागीय नियमों के अन्तर्गत उसे दूसरी वेतन वृद्धि मिलने वाली हो और उन दोनों में से जो भी अधिक पहले पड़े जब तक स्थगित रहेगी ।

नोट :—परिवीक्षाधीन अधिकारियों को भली भांति समझ लेना चाहिये कि उनकी नियुक्त भारत सरकार द्वारा आयकर सेवा ग्रुप क-1 के गठन में किये जाने वाले किसी भी ऐसे परिवर्तन से प्रभावित हो सकेगी जो कि समय-समय पर उचित समझे जाने के बाद भारत सरकार द्वारा किया जायेगा और वे उस प्रकार के परिवर्तनों के फलस्वरूप प्रतिकर का दावा नहीं कर सकेंगे।

भारतीय आयुद्ध कारखाना सेवा ग्रु-क

(गैर तकनीकी)

(क) चुने गये उम्मीदवारों को 2 वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षाधीन रखा जायेगा । महानिदेशक आयुद्ध कारखाना/अध्यक्ष, आयुद्ध कारखाना बोर्ड की अनुशंसा पर परिवीक्षा की अवधि सरकार द्वारा घटाई या बढ़ाई जा सकती है और परिवीक्षाधीन उम्मीदवार को सरकार द्वारा यथा-निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और सरकार द्वारा निर्धारित विभागीय तथा भाषा परीक्षण उत्तीर्ण करने होंगे । भाषा परीक्षण हिन्दी में परीक्षण होगा ।

परिवीक्षा की अवधि के समापन पर सरकार अधिकारी की नियुक्ति स्थायी करेगी । किन्तु यदि परिवीक्षा की अवधि के दौरान या उसके अन्त में उसका आचरण सरकार की राय में असन्तोषजनक हो तो सरकार उसे या तो कार्यमुक्त करेगी या उसकी परिवीक्षा की अवधि को यथापेक्षित बढ़ायगी ।

(ख) 1. चुने गये उम्मीदवारों को आवश्यकता पड़ने पर प्रशिक्षण पर बिताई अवधि सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिये सशस्त्र सेना में कमीशन प्राप्त अधिकारी के रूप में सेवा करनी होगी । किन्तु, शर्त यह है कि (i) उसे नियुक्ति की तारीख के 10 वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप से सेवा नहीं करनी होगी और (ii) उसे साधारणतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में सेवा नहीं करनी होगी ।

2. उम्मीदवार पर यथा संशोधित एस.आर.ओ. नं. 92, दिनांक 9-3-1957 के अधीन प्रकाशित सिविलियन सम्बन्धी रक्षा सेवा (फोर्स लाइबिलिटी) नियमावली, 1957 भी लागू होगी उनकी इन नियमों में निर्धारित चिकित्सा मानक के अनुसार चिकित्सा परीक्षा की जायेगी ।

(ग) वाह्य वेतन की दरें निम्न प्रकार हैं :—

कनि. समय वेतन मान	रु. 700-40-900-द.रो.-40 1100-50-1300
वरि. समय वेतन मान	रु. 1100 (छठा वर्ष या इससे कम) -50-1600
कनि. प्रशा. ग्रेड (साधारण ग्रेड)	रु. 1500-60-1800- 100-2000
वरि. प्रशा. ग्रेड (चयन ग्रेड)	रु. 2000-125/2- 2250
वरि. प्रशा. ग्रेड (स्तर II)	रु. 2250-125/2-2500
वरि. प्रशा. ग्रेड (स्तर I)	रु. 2500-125/2-2750
अपर महानिदेशक आयुध कारखाना/ सदस्य, आयुध कारखाना बोर्ड	रु. 3000 (नियत)
महानिदेशक आयुध कारखाना/अध्यक्ष, आयुध कारखाना बोर्ड	रु. 3500 (नियत)

टिप्पणी: —उप सरकारी कर्मचारी का वेतन नियम के अधीन विनियमित किया जाएगा जिसने परिवीक्षाधीन के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले मूलरूप में आवधिक पद के अलावा कोई स्थायी पद को धारण किया ।

(घ) परिवीक्षाधीन अधिकारी, रु. 700-40-900 द. रो.-40-1100-50-1300 के निर्धारित वेतनमान में वेतन प्राप्त करेंगे । यदि परिवीक्षा की अवधि के दौरान उन्हें विभाग को विभिन्न शाखाओं में और लाल बहादुर शास्त्री प्रशिक्षण अकादमी, मसूरी में प्रशिक्षण का फाउंडेशनल कोर्स का प्रशिक्षण लेना होगा ।

(ङ) परिवीक्षाधीन उम्मीदवार को अपेक्षित होने पर सेवा शुरू करने से पहले एक बंध पत्र भरना पड़ेगा ।

10. भारतीय डाक सेवा

(क) चुने हुए उम्मीदवारों को इस विभाग में प्रशिक्षण लेना होगा जिसकी अवधि, आमतौर पर, दो वर्ष से अधिक नहीं होगी । इस अवधि में उन्हें निर्धारित विभागीय परीक्षा पास करनी होगी ।

(ख) यदि सरकार की राय में, किसी प्रशिक्षणाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषजनक न हो या उसे देखते हुए उसके कार्यकुशल होने की संभावना न हो तो सरकार उसे तत्काल सेवामुक्त कर सकती है ।

(ग) परिवीक्षा अवधि के समाप्त होने पर, सरकार अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर स्थायी कर सकती है, या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा तो सरकार उसे या तो सेवामुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि को जितना, उचित समझे, बढ़ा सकती है, परन्तु अस्थायी रूप से खाली जगहों पर की गई नियुक्तियों के संबंध में स्थायी, करने का दावा नहीं किया जा सकेगा ।

(घ) यदि सरकार ने सेवा में नियुक्तियां करने की अपनी शक्ति किसी अधिकारी को सौंप रखी हो तो वह अधिकारी ऊपर के खण्डों में उल्लिखित सरकार की कोई भी शक्ति का प्रयोग कर सकता है :—

(1) कनिष्ठ समय वेतनमान :
रु. 700-40-900 द. रो. 40-1100-50-1300

(2) वरिष्ठ समय वेतनमान :
रु. 1100-50-1600

(3) कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड :
रु. 1500-60-1800-100-2000

(4) अ-कार्यात्मक चयन ग्रेड
रु. 2000-125/2-2250

(5) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (स्तर II)
रु. 2250-125/2-2500

(6) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (लेवल I)
रु. 2500-125/2-2750

(7) सदस्य डाक तार बोर्ड रु. 3000

(च) जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षा के आधार पर नियुक्ति से पूर्व मौलिक आधार पर आवधिक पद के अतिरिक्त किसी स्थायी पद पर नियुक्त था उसका वेतन मूल नियम 22-ख (1) की व्यवस्थाओं के अधीन विनियमित होगा ।

(छ) परिवीक्षाधीन अधिकारियों को यह भलीभांति समझ लेना चाहिए कि उनकी नियुक्ति भारत सरकार द्वारा भारतीय डाक सेवा के गठन में किए जाने वाले किसी भी ऐसे परिवर्तन में प्रभावित हो सकेगी, जो कि समय-समय पर उचित समझे जाने के बाद, भारत सरकार द्वारा किया जाएगा और वे इस प्रकार के परिवर्तनों के फलस्वरूप प्रतिकर का दावा नहीं कर सकेंगे ।

(ज) चुने गए उम्मीदवारों को, सरकार के निदेशानुसार सैन्य डाक सेवा के अंतर्गत भारत अथवा विदेश में कार्य करना होगा।

11. भारतीय सिविल लेखा

(क) नियुक्तियां 2 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा के आधार पर की जाएंगी किन्तु यदि परिवीक्षाधीन अधिकारी ने स्थायीकरण के लिए निर्धारित विभागीय परीक्षा पास कर ली है तो यह अवधि बढ़ाई जा सकती है। तीन वर्ष की अवधि में विभागीय परीक्षाओं में बार-बार असफल रहने पर नियुक्तियां समाप्त की जाएंगी।

(ख) यदि सरकार की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषजनक न हो या उसे देखते हुए उसके कार्यकुशल होने की संभावना न हो, तो सरकार उसे तत्काल सेवा-मुक्त कर सकती है।

(ग) परिवीक्षा अवधि समाप्त होने पर सरकार अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर स्थायी कर सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा तो सरकार उसे या तो सेवामुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि को जितना उचित समझे बढ़ा सकती है परन्तु अस्थायी रिक्तियों पर की गई नियुक्तियों के संबंध में स्थायीकरण का दावा नहीं किया जा सकेगा।

(घ) परिवीक्षाधीन अधिकारियों को यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि नियुक्ति भारतीय सिविल लेखा सेवा के गठन में किए गए ऐसे परिवर्तनों के अधीन होगी जो समय-समय पर भारत सरकार द्वारा ठीक समझे जाएं, और ऐसे परिवर्तनों के परिणामस्वरूप वे किसी प्रतिकर का दावा नहीं करेंगे।

(ङ) वेतनमान—

कनिष्ठ वेतनमान :—रु. 700-40-900 र. रा. -40-1100-50-1300

वरिष्ठ वेतनमान :—रु. 1100 (छठे वर्ष या उससे कम) 50-1600

कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड :—रु. 1500-60-1800-100-2000

चयन ग्रेड :—रु. 2000-125/2-2250

वरिष्ठ चयन ग्रेड :—रु. 2250-125/2-2500

लेवल II

वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड :—रु. 2500-125/2-2750

लेवल—I

महालेखा नियंत्रक—रु. 3000

टिप्पणी 1 :—परिवीक्षाधीन अधिकारियों को सेवा भारतीय सिविल लेखा सेवा के समय वेतनमान में कम से कम वेतन से प्रारम्भ होगी और वेतन-वृद्धि के प्रयोजनार्थ वह उनको कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से गिनी जाएगी।

टिप्पणी 2—परिवीक्षाधीन अधिकारियों को रु. 700 की स्टेज से ऊपर वेतन की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक वे समय-समय पर निर्धारित किए नियमों के अनुसार विभागीय परीक्षा पास नहीं कर लेते हैं।

टिप्पणी 3 :—उन परिवीक्षाधीन व्यक्तियों को, जो लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी, मसूरी की "पाठ्यक्रम संपूर्ति" परीक्षा या नहीं करते रु. 740 तक की उनकी पहली वेतन वृद्धि की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार स्थगित की जाएगी। अनुत्तीर्ण उम्मीदवारों की पुनः परीक्षा देनी होगी।

टिप्पणी 4 :—जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षाधीन के रूप में नियुक्ति से पहले आवधिक पद के अतिरिक्त अन्य स्थायी पद पर मूल रूप से कार्य कर रहा हो उसका वेतन मूल नियम 22 (ख) (1) में दिए गए उपबंधों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

12. भारतीय रेलवे यातायात सेवा

13. भारतीय रेलवे लेखा सेवा

14. भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा

15. रेल सुरक्षा बल में ग्रुप 'क' के पद

(क) परिवीक्षा—भारतीय रेलवे लेखा सेवा (भा. रे. ले. से.) और भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (भा. रे. का. से.) के अलावा इन सेवाओं में भर्ती किए गए उम्मीदवार तीन वर्ष के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे इस दौरान उम्मीदवारों को दो वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा उनकी कार्यकारी पद पर परीक्षा के दौरान कम से कम एक वर्ष के लिए नियुक्ति की जाएगी। यदि किसी मामले में संतोषजनक रूप से प्रशिक्षण पूरा न करने के कारण प्रशिक्षण की अवधि बढ़ाई जाती है तो उसके अनुसार परिवीक्षा की कुल अवधि भी बढ़ा दी जाएगी। इसके अलावा यदि कार्यकारी पद पर परिवीक्षा के आधार पर की गई नियुक्ति की अवधि के दौरान कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो सरकार जितना उचित समझे परिवीक्षा की अवधि बढ़ा सकती है।

किन्तु, भारतीय रेलवे लेखा सेवा और भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा में भर्ती किए गए उम्मीदवारों की नियुक्ति दो वर्ष के लिए परिवीक्षा पर की जाएगी जिसके दौरान उनको प्रशिक्षण दिया जाएगा यदि प्रशिक्षण को संतोषजनक रूप से पूरा न होने पर किसी स्थिति में प्रशिक्षण की अवधि को बढ़ा दिया जाता है तो उसके अनुसार परिवीक्षा की कुल अवधि भी बढ़ा दी जाएगी।

(ख) प्रशिक्षण—सभी परिवीक्षाधीन अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं/पदों के लिए निर्धारित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार दो वर्ष का प्रशिक्षण लेना होगा। यह प्रशिक्षण ऐसे स्थानों पर तथा इस प्रकार से लेना होगा तथा उन्हें ऐसी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करना होगा जो इस अवधि में सरकार समय-समय पर निर्धारित करे।

(ग) नियुक्ति की समाप्ति—(1) परिवीक्षा के अवधि के दौरान परिवीक्षाधीन अधिकारी की नियुक्ति में दोनों पक्षों में से किसी भी पक्ष की ओर से तीन महीने की लिखित नोटिस देकर समाप्त की जा सकती है। किन्तु इस प्रकार के नोटिस की आवश्यकता संविधान के अनुच्छेद 311 के खंड (2) के अनुसार अनुशासनिक कार्यवाही के कारण सेवा से बर्खास्तगी या सेवा से हटा दिए जाने और मानसिक या शारीरिक असमर्थता से संबंधित मामलों में नहीं होगी। किन्तु सरकार को सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा।

(2) यदि सरकार की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य अथवा आचरण संतोषजनक न हो अथवा ऐसा प्रतीत होता हो कि उसके सक्षम बनने की संभावना न हो तो सरकार उसे तुरन्त सेवा-मुक्त कर सकेगी।

(3) विभागीय परीक्षाएं उत्तीर्ण न करने पर भी सेवा समाप्त की जा सकती है। परिवीक्षा की अवधि में अनुमोदित स्तर की हिन्दी परीक्षा उत्तीर्ण न करने पर भी सेवा समाप्त की जा सकेगी।

(घ) स्थायीकरण :—परिवीक्षा की अवधि संतोषजनक रूप से पूरा कर लेने और निर्धारित सभी विभागीय और हिन्दी परीक्षाओं के उत्तीर्ण कर लेने पर यदि वे सब प्रकार से नियुक्ति के लिए विचार कर लिए जाने हैं तो परिवीक्षाधीन अधिकारियों को सेवा के कनिष्ठ वेतनमान में स्थायी किया जाएगा।

(क) वेतनमान :

भारतीय रेलवे यातायात सेवा/भारतीय रेलवे लेखा सेवा/भारतीय कार्मिक सेवा

(i) कनिष्ठ वेतनमान :—
रु. 700-40-900-द.रो.-40-1100-50-1300

(ii) वरिष्ठ वेतनमान :—
रु. 1100 (छठे वर्ष या उससे कम)-50-1600

(iii) कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड—
रु. 1500-60-1800-100-2000

(iv) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड—(लेवल II)
रु. 2250-125/2/2500

(v) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड—(लेवल I)
रु. 2500-125/2-2750

इसके अतिरिक्त रु. 2500 और रु. 3500 के बीच कुछ पद सुपरटाइम वेतनमान वाले पद है, उनके लिए उपर्युक्त सेवाओं के अधिकारी पात्र हैं ।

रेलवे सुरक्षा बल :

(i) कनिष्ठ वेतनमान :
रु. 700-40-900-द.रो.-40-1100- 50-1300

(ii) वरिष्ठ वेतनमान :—
रु. 1100 (छठे वर्ष या उससे कम)-50-1600

(iii) कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड :—
रु. 1500-60-1800-100-2000

(iv) मुख्य सुरक्षा अधिकारी/उप महानिरीक्षक :—
रु. 2000-125/2-2250

(v) महानिरीक्षक :—
रु. 2500-125/2-2750

परिवीक्षाधीन अधिकारियों की सेवा कनिष्ठ वेतनमान के न्यूनतम से प्रारम्भ होगी और उन्हें परिवीक्षा पर बताई गई अवधि को समय वेतनमान में छुट्टी, पेंशन व वेतन वृद्धियों के लिए गिनने की अनुमति होगी ।

महंगाई भत्ता और अन्य भत्ते भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार मिलेंगे ।

परिवीक्षा की अवधि में विभागीय तथा अन्य परीक्षाएं उत्तीर्ण न करने पर वेतनवृद्धियों को रोका या स्थगित किया जा सकता है ।

(ख) प्रशिक्षण की लागत की वापसी :—यदि किसी कारणवश कोई परिवीक्षाधीन अधिकारी प्रशिक्षण या परिवीक्षा से अलग होना चाहता है जिसके बारे में सरकार यह समझे कि वे उसके नियंत्रण के भीतर हैं तो उसे अपने प्रशिक्षण का सारा खर्च और परिवीक्षाधीन अवधि में किये गए अन्य प्रकार के रकमों को वापस करना पड़ेगा । इस प्रयोजन के लिए परिवीक्षकों से एक बंध-पत्र की अपेक्षा की जाएगी जिसकी एक प्रति उनके नियुक्ति प्रस्ताव के साथ संलग्न की जाएगी । केन्द्र जिस परिवीक्षाधीन अधिकारियों को भारतीय प्रशासन सेवा भारतीय विदेश सेवा आदि में नियुक्ति हेतु परीक्षा देने के लिए आवेदन करने की अनुमति दी जाती है उन्हें प्रशिक्षण की लागत वापस नहीं करनी पड़ेगी ।

(छ) छुट्टी :—उक्त सेवा के अधिकारी समय-समय पर लागू छुट्टी नियमावली के अनुसार छुट्टी लेने के पात्र होंगे ।

(ज) डाक्टरी चिकित्सा सहायता :—अधिकारी समय-समय पर लागू नियमावली के अनुसार डाक्टरी चिकित्सा सहायता और उपचार के पात्र होंगे ।

(i) पास तथा विशेषाधिकार टिकट :—अधिकारी समय-समय पर लागू नियमावली के अनुसार निःशुल्क रेलवे पास तथा विशेषाधिकार टिकट प्राप्त करने के पात्र होंगे ।

(झ) भविष्य निधि तथा पेंशन :—उक्त सेवा में भर्ती किए गए उम्मीदवार रेलवे पेंशन नियमों द्वारा शासित होंगे तथा उस निधि के समय-समय पर लागू नियमों के अधीन राज्य रेलवे भविष्य निधि (गैर अंशदायी) में योगदान करेंगे ।

(ञ) उक्त सेवा के पद पर भर्ती किए गए उम्मीदवारों को भारत या भारत से बाहर किसी भी रेलवे या परियोजना में कार्य करना पड़ सकता है ।

टिप्पणी :—रेलवे सुरक्षा बल में भर्ती किए गए उम्मीदवारों इसके अतिरिक्त रेलवे सु. बल अधिनियम, 1957 तथा रे. सु. बल नियमावली, 1959 में नियत उपबंधों द्वारा भी शासित होंगे ।

16. भारतीय रक्षा सम्पदा सेवा, ग्रुप 'क'

(क) (i) नियुक्ति के लिए चुना गया उम्मीदवार परिवीक्षा पर रखा जाएगा जिसकी अवधि आमतौर पर 2 वर्ष से अधिक नहीं होगी । इस अवधि में सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा ।

(ii) जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षाधीन के रूप में नियुक्ति से पहले अवधि के पद के अतिरिक्त अन्य स्थायी पद पर मूल रूप से कार्य करता था उसका वेतन मूल नियम 22(ख) (i) में दिए गए उपबंधों के अनुसार विनियमित किया जाएगा ।

(ख) परिवीक्षा की अवधि में उम्मीदवार को निर्धारित विभागीय परीक्षा पास करनी होगी ।

(ग) (i) यदि सरकार की राय में परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषजनक न हो या उसे देखते हुए उसके कार्यकुशल होने की सम्भावना न हो तो सरकार उसे सेवामुक्त कर सकती है, परन्तु सेवामुक्ति का आदेश देने से पहले, उसे सेवा मुक्ति के कारणों से अवगत कराया जाएगा और लिख कर "कारण बताने" का अवसर भी दिया जाएगा ।

(ii) यदि परिवीक्षा-अवधि की समाप्ति पर, अधिकारी ने ऊपर उप पैरा (ख) में उल्लिखित विभागीय परीक्षा पास न की हो तो सरकार अपनी विवेकता से या तो उसे सेवामुक्त कर सकती है या यदि मामले की परिस्थितियों को देखते हुए, उसकी परिवीक्षा-अवधि बढ़ानी आवश्यक हो तो वह जितना उचित समझे, परिवीक्षा-अवधि बढ़ा सकती है ।

(iii) परिवीक्षा-अवधि के समाप्त होने पर, सरकार अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर स्थायी कर सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवामुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा-अवधि को जितना समझे, बढ़ा सकती है । परन्तु सेवा मुक्ति का आदेश देने से पहले अधिकारी को सेवा मुक्ति के कारणों से अवगत कराया जाएगा और लिखकर "कारण बताने" का अवसर भी दिया जाएगा ।

(घ) इस सेवा के सदस्य को उसकी परिवीक्षा-अवधि में वार्षिक वेतन-वृद्धि देय हो जाने पर भी, तब तक नहीं मिलेगी जब तक कि वह विभागीय परीक्षा पास नहीं कर लेगा । जो वृद्धि इस प्रकार नहीं मिली होगी, वह विभागीय परीक्षा पास करने की तारीख से मिल जाएगी ।

(ङ) यदि कोई परिवीक्षाधीन अधिकारी लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी, मसूरी की पाठ्यक्रम संतुष्टि परीक्षा पास नहीं करता तो जिस तारीख को उसे पहली वेतन-वृद्धि प्राप्त होती उस तारीख से एक वर्ष के लिए स्थगित कर दी जाएगी अथवा विभागीय नियमों के अन्तर्गत उसे जब दूसरी वेतनवृद्धि प्राप्त होने वाली हो और इन दोनों में से जो भी अवधि पहले पड़े तब तक स्थगित रहेगी ।

(च) वेतनमान निम्न प्रकार है :—

महानिदेशक रक्षा सम्पदा	रु. 2750 नियत
वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड	रु. 2500-125/2-2750
	रु. 2000-125/2-2500

वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड—स्तर II

कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड

चयन ग्रेड	रु. 2000-125/2-2250
सामान्य ग्रेड	रु. 1500-60-1800-100-2000

ग्रुप 'क'

वरिष्ठ वेतनमान :—

रु. 1100 (छठवां वर्ष अथवा इसके बाद)-50-1600

कनिष्ठ वेतनमान :—

रु. 700-40-900-द.रो.-40-1100-50-1300

(छ) (1) ग्रुप 'क' के वरिष्ठ वेतनमान के अधिकारियों को सामान्यतया ग्रेड 'क' की छावनियों में सहायक निदेशकों, उप-सहायक महानिदेशकों, रक्षा संपदा अधिकारियों तथा छावनी कार्यपालक अधिकारियों के क्लास I पदों पर नियुक्त किया जाएगा ।

(2) ग्रुप 'क' कनिष्ठ वेतनमान के अधिकारियों को सामान्यतया ग्रुप 'क' उन छावनियों में कार्यपालक अधिकारियों की क्लास I तथा क्लास II पदों पर नियुक्त किया जाएगा, जिन पर छावनी अधिनियम, 1924 (संशोधित) की धारा 13 की उपधारा (4) के खंड (ङ) का उपखंड (1) लागू होता है ।

(ज) ग्रुप 'क' कनिष्ठ वेतनमान से ग्रुप 'क' वरिष्ठ वेतनमान को छोड़ कर सभी पदोन्नतियां इस प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा नियुक्त की गयी विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं के अनुसार सरकार द्वारा चुनकर की जाएगी । वरीयता पर तभी विचार किया जाएगा, जब कि दो या अधिक उम्मीदवारों के दावे गुणवत्ता की दृष्टि से बराबर होंगे ।

(झ) इस सेवा का कोई भी सदस्य, सरकार से पहले मंजूरी लिए बिना कोई भी ऐसा काम नहीं लेगा जो कि उसके सरकारी काम से संबंधित न हो ।

(ञ) भारतीय रक्षा सम्पदा सेवा के अधिकारियों से भारत में कहीं भी सेवा ली जा सकती है और उन्हें सेवा क्षेत्र पर भी भारत के किसी भाग में भेजा जा सकता है ।

(ट) इस सेवा में नियुक्त किये गये उम्मीदवार को समय-समय पर संशोधित भारतीय रक्षा सम्पदा सेवा ग्रुप 'क' नियमावली 1985 द्वारा शासित किया जाएगा ।

17. केन्द्रीय सूचना सेवा, ग्रेड II (ग्रुप 'क')

(क) केन्द्रीय सूचना सेवा के अंतर्गत समस्त भारत में सूचना और प्रसारण मंत्रालय/रक्षा मंत्रालय (जन संपर्क निदेशालय) के विभिन्न माध्यम संगठनों में पद सम्मिलित होंगे जिनके लिए पत्रकारिता और इसी प्रकार की व्यावसायिक योग्यताओं के साथ-साथ किसी समाचार पत्र या समाचार एजेंसी या प्रचार संगठन में पहले से अनुभव अपेक्षित है। इस सेवा का गठन, मार्च, 1, 1960 से हुआ है।

(ख) उक्त सेवा में संप्रति निम्नलिखित ग्रेड है:

ग्रेड	वेतनमान
(1)	(2)
केन्द्रीय सूचना सेवा ग्रुप "क"	
(1) सुपर टाइम स्केल	रु. 3000 (नियत) प्रा. मा.
(2) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (स्तर 1)	रु. 2500-125/2-2750
(3) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (स्तर 2)	रु. 2250-125/2-2500 प्र. मा.
(4) कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड	रु. 2000-125/2-2250 (चयन ग्रेड) (गैर क्रियात्मक)
(5) कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड	रु. 1500-60-1800-100-2000 प्र. मा.
(6) वरिष्ठ वेतनमान	रु. 1100 (छठा वर्ष, या काम)-50 1600 प्र.मा.
(7) कनिष्ठ वेतनमान	रु. 700-40-900-द.रो.-40-1100-50-1300 प्र.मा.

(ग) सी.आई.एस. ग्रुप (क) के कनिष्ठ वेतनमान में स्थायी रिक्तियां 50% सीधी भर्ती द्वारा भरी जाती हैं। उक्त ग्रेड की शेष रिक्तियां तथा वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड/कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में भी रिक्तियां अगले निम्न ग्रेड में ड्यूटी पर धारक अधिकारियों में से चयन द्वारा पदोन्नति से भरी जाती हैं।

(घ) (i) कनिष्ठ वेतनमान के सीधी भर्ती वालों को दो वर्ष परिवीक्षा पर रहना होगा। परिवीक्षा के दौरान उन्हें भारतीय जन संचार संस्थान, नई दिल्ली में 11 महीने की अवधि के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण की अवधि तथा स्वरूप में सरकार द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें विभागीय परीक्षण (परीक्षणों) को उत्तीर्ण करना होगा, प्रशिक्षण की अवधि के दौरान विभागीय परीक्षण (परीक्षणों) को उत्तीर्ण नहीं करने पर उम्मीदवार सेवा से कार्यमुक्त अथवा स्थायी पद यदि कोई हो, जिस पर उसका धारणाधिकार हो, तो प्रत्यावर्तित किया जा सकता है।

(2) अगर स्थायी पद उपलब्ध हों तो परिवीक्षा का समय पूरा होने पर वर्तमान नियमों के अनुसार सीधे भर्ती के उम्मीदवारों को सरकार स्थायी बना सकती है। जिन अधिकारियों को परिवीक्षा के पूरे होने के बाद स्थायी नहीं किया जाता है, स्थानापन्न रूप से चलाया, जा सकता है और स्थाई पदों के उपलब्ध होने पर उनको स्थायी बनाया जा सकता है। अगर परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषप्रद नहीं है तो उनकी सेवा से बरखास्त किया जा सकता है या उनकी परिवीक्षा के समय को उस समय तक बढ़ाया जा सकता है जो सरकार द्वारा उचित समझा जाए। अगर उनका कार्य और आचरण ऐसा है कि उनमें क्षमता आने की कोई संभावना न दिखे तो उनको तुरन्त बरखास्त किया जा सकता है।

(3) परिवीक्षाधीन अधिकारी ग्रेड II को समय-वेतनमान के निम्नतम स्तर पर प्रारम्भ करेंगे और सेवा में उनको प्रवेश की तारीख से वेतनवृद्धि के लिए उनकी सेवा की गिनती होगी।

(ङ) सेवा के किसी भी सदस्य को निश्चित अवधि के लिए संघ राज्य क्षेत्रों के प्रचार संगठनों में किसी पद पर काम करने को सरकार कह सकती है।

(ज) सरकार किसी भी अधिकारी को सूचना और प्रसारण मंत्रालय/रक्षा मंत्रालय (जन संपर्क निदेशालय) के अधीन किसी संगठन में क्षेत्रगत पद पर काम करने को कह सकती है ।

(झ) जहां तक छुट्टी, पेंशन और सेवा की अन्य शर्तों का संबंध है, केन्द्रीय सूचना तथा सेवा के अधिकारियों को श्रेणी I और श्रेणी II के अन्य अधिकारियों के समान माना जाएगा।

18. केन्द्रीय व्यापार सेवा ग्रेड III (ग्रुप क) :—

(क) उक्त सेवा में नियुक्ति 2 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगी जिसको कुछ शर्तों के अधीन घटाया या बढ़ाया जा सकता है। सफल उम्मीदवारों को परिवीक्षा की अवधि के दौरान संतोषजनक परिवीक्षा के समापन की शर्त के रूप में ऐसे विहित प्रशिक्षण तथा अध्ययन पूरे करने होंगे और ऐसी परीक्षाएं तथा प्रशिक्षण (हिंदी की परीक्षा सहित) उत्तीर्ण करने होंगे जैसे सरकार द्वारा निर्धारित किए जाएं।

(ख) यदि सरकार की राय में परिवीक्षाधीन व्यक्ति का कार्य या आचरण असंतोषजनक है या यह दर्शाता है कि उसके कुशल बनने की संभावना नहीं है तो सरकार उसे तत्काल पदमुक्त कर सकती है या यथास्थिति उसको उस स्थायी पद पर प्रत्यावर्तित कर सकती है जिस पर उसका नियत है अथवा जिस पर उसका नियत उस स्थिति में रहता जब वह नियत उसकी उक्त सेवा में नियुक्त से पहले उस पर लागू नियमों या सरकार के समुचित आदेशों के अधीन स्थगित न कर दिया गया होता।

(ग) किसी अधिकारी की परिवीक्षा की अवधि के संतोषजनक समापन पर सरकार उक्त अधिकारी को इस सेवा में स्थायी कर सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण असंतोषजनक है तो सरकार उसे उक्त सेवा से मुक्त कर सकती है कुछ शर्तों पर, जिन्हें सरकार ठीक समझे उसकी परिवीक्षा की अवधि उतनी आगे बढ़ा सकती है जितनी वह ठीक समझे।]

किन्तु शर्त यह है कि सरकार का जिन मामलों में परिवीक्षा की अवधि को बढ़ाने का प्रस्ताव है उनमें सरकार ऐसा करने के अपने इरादे की लिखित सूचना देगी।

(घ) उक्त सेवा के ग्रेड III में नियुक्त अधिकारी को भारत में या उससे बाहर कहीं भी कार्य करना पड़ेगा। इन अधिकारियों की प्रति नियुक्ति हो जाने पर भारत सरकार के किसी अन्य मंत्रालय या विभाग या सरकार के निगम या औद्योगिक उपक्रम में कार्य करना होगा।

(ङ) वेतनमान :

ग्रेड	वेतनमान
(1) ग्रेड III (आयात तथा निर्यात के सहायक मुख्य नियंत्रक)	रु. 700-40-900 द. रो.-40-1100-50-1300.
(2) ग्रेड II (आयात तथा निर्यात के उप मुख्य नियंत्रक)	रु. 1100-50-1600.
(3) ग्रेड I (आयात तथा निर्यात के संयुक्त मुख्य नियंत्रक)	रु. 1500-60-1800-100-2000.

उक्त तीनों ग्रेडों में सेवा वाणिज्य मंत्रालय के नियंत्रण के अधीन है। नई दिल्ली स्थित आयात तथा निर्यात के मुख्य नियंत्रक का कार्यालय वाणिज्य मंत्रालय के सचिवालय का संबद्ध कार्यालय है। यही कार्यालय इस सेवा के उपयोग करने वाला संगठन है।

उक्त सेवा के ग्रेड III के संबद्ध अधिकारी सामान्यतः अनुभागों के प्रधान होंगे जबकि ग्रेड II के अधिकारी सामान्यतः एक अथवा अधिक अनुभागों से गठित शाखाओं के प्रभारी होंगे।

उक्त सेवा के ग्रेड III के अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार उक्त सेवा के ग्रेड II में पदोन्नति के पात्र होंगे।

उक्त सेवा के ग्रेड II के अधिकारी उक्त सेवा के ग्रेड I या केन्द्रीय सरकार के अन्य ऊंचे प्रशासनिक पदों या सरकार के निगमों/उपक्रमों में नियुक्ति के पात्र होंगे।

(च) संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से इस सेवा के भर्ती नियमों के अनुसार उक्त सेवा के ग्रेड III में स्थायी रिक्तियों में से केवल 75 प्रतिशत की सीमा तक सीधी भर्ती की जाती है ।

(छ) भविष्य निधि : केन्द्रीय व्यापार सेवा के ग्रेड III में नियुक्त अधिकारी सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवाएं) में सम्मिलित होने के पात्र होंगे तथा उक्त निधि को विनियमित कर रहे प्रभावी नियमों से शासित होंगे।

(ज) अवकाश : केन्द्रीय व्यापार सेवा ग्रेड में नियुक्त अधिकारियों पर समय-समय पर संशोधित केन्द्रीय सिविल सेवा (अवकाश) नियमावली 1972 लागू होगी।

(झ) चिकित्सा परिचर्या : केन्द्रीय व्यापार सेवा के ग्रेड III के अधिकारियों पर समय-समय पर संशोधित केन्द्रीय सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियमावली 1944 लागू होगी।

(ञ) सेवानिवृत्ति लाभ : केन्द्रीय व्यापार सेवा के ग्रेड III के अधिकारियों पर समय-समय पर संशोधित केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमावली 1972 लागू होगी।

19. केन्द्रीय सचिवालय सेवा अनुभाग अधिकारी ग्रेड ग्रुप "ख"

(क) केन्द्रीय सचिवालय सेवा में इस समय निम्नलिखित ग्रेड हैं :—

ग्रेड	वेतनमान
चयन ग्रेड (उपसचिव या समकक्ष)	रु. 1500-60-1800-100-2000
ग्रेड I (अवर सचिव)	रु. 1200-50-1600
अनुभाग अधिकारी ग्रेड	रु. 650-30-740-35-810 द. रो. 35-880-40-1000-द. रो. 40-1200.
सहायक ग्रेड	रु. 425-15-500-द. रो.-15 560-20-700-द. रो.-25-800

चयन ग्रेड और ग्रेड I का नियंत्रण अखिल भारतीय सचिवालय आधार पर गृह मंत्रालय (कार्मिक तथा प्रशासनिक सुधार विभाग) करता है और अनुभाग अधिकारी/सहायक ग्रेड, मंत्रालयों द्वारा, नियंत्रित किए जाते हैं। केवल अनुभाग अधिकारी ग्रेड और सहायक ग्रेड में ही सीधी भर्ती की जाती है।

(ख) अनुभाग अधिकारी ग्रेड में सीधे भर्ती किए गए अधिकारियों को दो वर्ष तक परिवीक्षा पर रखा जाएगा। इस परिवीक्षा अवधि में उनको सरकार के द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी। यदि परिवीक्षाधीन अधिकारी प्रशिक्षण अवधि में पर्याप्त प्रगति न दिखा सके या परीक्षाएं पास न कर सके तो उन्हें सेवा मुक्त कर दिया जाएगा।

(ग) परिवीक्षा अवधि समाप्त होने पर सरकार अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर स्थायी कर सकती है या यदि सरकार की राय में उस का कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवा मुक्त कर सकती है या उसकी परीक्षा अवधि को जितना उचित समझे बढ़ा सकती है।

(घ) यदि सरकार ने सेवा में नियुक्त करने की अपनी शक्ति किसी अधिकारी को सौंप रखी हो तो वह अधिकारी उपर्युक्त खंडों में वर्णित सरकार की किसी भी शक्ति का प्रयोग कर सकता है ।

(ङ) अनुभाग अधिकारियों को सामान्यतः "अनुभागों" का अध्यक्ष बनाया जाएगा और ग्रेड I के अधिकारियों को सामान्यतः शाखाओं का कार्यभार सौंपा जाएगा जिनमें एक या अधिक अनुभाग होंगे ।

(च) अनुभाग अधिकारी इस संबंध में समय-समय पर लागू होने वाले नियमों के अनुसार ग्रेड में पदोन्नति पाने के पात्र होंगे ।

(छ) केन्द्रीय सचिवालय सेवा के ग्रेड I के अधिकारी केन्द्रीय सचिवालय में चयन ग्रेड की सेवा में और अन्य ऊंचे प्रशासनिक पदों पर नियुक्ति पाने के पात्र होंगे ।

(ज) जहां तक केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अधिकारियों की छुट्टी, पेंशन और सेवा की अन्य शर्तों के संबंध है वे अन्य ग्रुप 'क' और ग्रुप 'ख' के अधिकारियों के समान ही समझे जाएंगे ।

20. रेल बोर्ड सचिवालय अनुभाग अधिकारी ग्रेड ग्रुप "ख"

(क) रेल बोर्ड सचिवालय सेवा में इस समय निम्नलिखित ग्रेड हैं :—

ग्रेड	वेतनमान
1	2
चयन ग्रेड (उप सचिव या समकक्ष)	रु. 1500-60-1800-100-2000
ग्रेड I (अवर सचिव या समकक्ष)	रु 1200-50-1600
अनुभाग अधिकारी ग्रेड	रु. 650-30-740-35-810-ई. रो-35-880-40-1000-ई. रो-40-1200
सहायक ग्रेड	रु. 425-15-500-ई.रो-15-560-20-700-ई.रो.-25-800

केवल अनुभाग अधिकारी ग्रेड और सहायक ग्रेड में सीधे भर्ती की जाती है ।

(ख) अनुभाग अधिकारी ग्रेड में सीधे भर्ती किये गये अधिकारियों को दो वर्ष तक परिवीक्षाधीन रखा जायेगा । इस परिवीक्षा अवधि में उनको सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी यदि परिवीक्षाधीन अधिकारी शिक्षण अवधि में पर्याप्त प्रगति न दिखा सकेगा या परीक्षाएं पास न कर सकेगा तो उन्हें सेवा मुक्त कर दिया जायेगा ।

(ग) परिवीक्षा अवधि समाप्त होने पर सरकार अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर स्थायी कर सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवा मुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि का जितना उचित समझे आगे बढ़ा सकती है ।

(घ) यदि सरकार ने सेवा में नियुक्ति करने का अपना अधिकार किसी अधिकारी को प्रत्यायोजित कर रखा हो तो वह अधिकारी उपयुक्त खंडों में वर्णित सरकार की किसी भी शक्ति का प्रयोग कर सकता है ।

(ङ) अनुभाग अधिकारियों की सामान्यता 'अनुभागों' का अध्यक्ष बनाया जायेगा और ग्रेड I के अधिकारियों को सामान्यता शाखाओं का कार्यभार सौंपा जाएगा जिनमें एक या अधिक अनुभाग होंगे ।

(च) अनुभाग अधिकारी इस संबंध में समय समय पर लागू होने वाले नियमों के अनुसार ग्रेड I में पदोन्नति के पात्र होंगे ।

(छ) रेल बोर्ड सचिवालय सेवा के ग्रेड I अधिकारी रेल बोर्ड सचिवालय में ग्रेड चयन की सेवा में और अन्य ऊंचे प्रशासनिक पदों पर नियुक्ति पाने के पात्र होंगे ।

(ज) सिविल सेवा परीक्षा आदि के परिणाम के आधार पर रेल बोर्ड सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी ग्रेड में नियुक्त अधिकारियों की छुट्टी, पेंशन और सेवा की अन्य शर्तों के संबंध में वे रेल बोर्ड सचिवालय सेवा के अन्य ग्रुप "क" और "ख" अधिकारियों के समान ही समझे जायेंगे ।

21. सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा, सहायक सिविलियन स्टाफ अधिकारी ग्रेड, ग्रुप ख :

(क) सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा में इस समय निम्नलिखित चार ग्रेड हैं :—

ग्रेड	वेतनमान
1	2
(1) चयन ग्रेड (ग्रुप-क) संयुक्त निदेशक अथवा वरिष्ठ सिविलियन स्टाफ अधिकारी	रु. 1500-60-1800
(2) सिविलियन स्टाफ अधिकारी (ग्रुप क)	रु. 1100-50-1600
(3) सहायक सिविलियन स्टाफ अधिकारी ग्रुप ख राजपत्रित	रु. 650-30-740-35-810-ई.रो.-35-880-40-1000-ई.रो.-40-1200
(4) सहायक ग्रुप ख अराजपत्रित	रु. 425-15-500-ई.रो.-15-560-20-700-ई.रो.-25-800

उपर्युक्त सेवा संबंधी सशस्त्र सेना मुख्यालय तथा रक्षा मंत्रालय के अन्तर सेवा संगठनों के लिये कर्मचारियों की आवश्यकता की पूर्ति करती है ।

सीधी भर्ती केवल सहायक सिविलियन स्टाफ अधिकारी ग्रेड तथा सहायक ग्रेड में ही की जाती है ।

(ख) सीधी भर्ती वाले व्यक्ति सहायक सिविलियन स्टाफ अधिकारी ग्रेड में 2 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे । इस अवधि में उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित कोई भी प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा अथवा विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी । प्रशिक्षण के दौरान पर्याप्त प्रगति न दिखाने अथवा परीक्षाओं में उत्तीर्ण न हो पाने के फलस्वरूप परिवीक्षाधीन व्यक्ति को सेवा मुक्त कर दिया जायेगा ।

(ग) परिवीक्षा की अवधि समाप्त होने पर सरकार चाहे तो संबंधित अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर स्थायी कर दे अथवा यदि उसका कार्य या आचरण सरकार की राय में संतोषजनक न रहा हो तो उसे सेवामुक्त कर दे या परिवीक्षा की अवधि उतने काल तक के लिये बढ़ा दें जितना सरकार उचित समझे ।

(घ) यदि सेना में नियुक्तियां करने की शक्तियां सरकार द्वारा किसी अधिकारी को प्रत्यायोजित की जाएं तो वह अधिकारी उपयुक्त खंडों में वर्णित सरकार की शक्तियों में से किसी का भी प्रयोग कर सकता है ।

(ङ) सशस्त्र सेना मुख्यालय तथा रक्षा मंत्रालय अन्तरसेवा संगठनों में सहायक सिविलियन स्टाफ अधिकारी सामान्यता अनुभागों के प्रमुख होंगे जबकि सिविलियन स्टाफ अधिकारी एक या अधिक अनुभागों के कार्य प्रभारी होंगे ।

(ब) सहायक सिविलियन स्टाफ अधिकारी समय समय पर तत्संबंधी लागू नियमों के अनुसार सिविलियन स्टाफ अधिकारी ग्रेड में पदोन्नति के पात्र होंगे।

(छ) सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा के सिविलियन स्टाफ अधिकारी समय समय पर तत्संबंधी लागू नियमों के अनुसार उक्त सेवा के चयन ग्रेड में तथा प्रशासनिक पदों पर नियुक्ति के पात्र होंगे।

(ज) जहां तक सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा के अधिकारियों की छुट्टी पेंशन तथा सेवा की अन्य शर्तों का संबंध है, वे समय समय पर रक्षा सेवाओं के व्यय में से वेतन पाने वाले अधिकारियों के लिए लागू नियमों, विनियमों तथा आदेशों द्वारा शासित होंगे।

22. सीमाशुल्क मूल्य निरूपक सेवा ग्रुप 'ख'

(क) मूल्य निरूपक ग्रेड में रु. 650-30-740-35-810-द. रो-35-800-40-1000-द. रो.-40-1200 के वेतनमानों में भर्ती की जाती है। नियुक्तियां दो वर्ष के लिए परिवीक्षा के आधार पर की जाती है। तथा परिवीक्षा की अवधि सक्षम प्राधिकारी यदि चाहे तो बढ़ा भी सकता है। परिवीक्षा की अवधि में उम्मीदवारों को केन्द्रीय उत्पादन शुल्क तथा सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा तथा विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी। उन्हें 680 रु. के ऊपर का वेतन तब तक नहीं लेने दिया जायेगा जब तक वे निर्धारित विभागीय परीक्षा पूर्ण रूप से पास नहीं कर लेते।

(ख) यदि परिवीक्षा की मूल अथवा परिवर्द्धित अवधि की समाप्ति पर नियोक्ता अधिकारी यह समझता है कि चयन किया गया उम्मीदवार स्थायी नियुक्ति के योग्य नहीं है अथवा परिवीक्षा की उक्त मूल अथवा परिवर्द्धित अवधि के दौरान प्राधिकारी इस बात से सन्तुष्ट हो जाता है कि उम्मीदवार परिवीक्षा की अवधि की समाप्ति पर स्थायी नियुक्ति के योग्य नहीं होगा तो वह उसे सेवा मुक्त कर सकता है अथवा जो उचित समझे, वह आदेश दे सकता है।

(ग) परिवीक्षा की अवधि की सफलतापूर्वक पूरा कर लेने पर तथा विभागीय परीक्षाएं पास कर लेने के बाद अधिकारियों को सम्बद्ध ग्रेड में स्थायी करने पर विचार किया जायेगा।

(घ) लागू नियमों के अनुसार मूल्य निरूपक भारतीय सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पादन सेवा ग्रुप 'क' (रु. 700-1300) में सहायक कलक्टर के अगले उच्च ग्रेड में पदोन्नति के लिए पात्र होंगे।

(ङ) अवकाश, पेंशन आदि के मामले में इन अधिकारियों पर केन्द्रीय सरकार के अन्य ग्रुप 'ख' अधिकारियों पर लागू होने वाले नियम ही लागू होंगे। जहां तक उनकी सेवा की अन्य शर्तों का प्रश्न है उन पर सीमा शुल्क मूल्य निरूपक सेवा ग्रुप 'ख' की भर्ती नियमावली की व्यवस्थाएं लागू होंगी। इन नियमों में यह विशेष रूप से निर्दिष्ट है कि इस सेवा के अधिकारियों को "केन्द्रीय उत्पादन शुल्क तथा सीमा शुल्क बोर्ड" के अधीन किसी भी समकक्ष या उच्च पद पर भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

23. दिल्ली और अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह सिविल सेवा ग्रुप 'ख'

(क) नियुक्ति परिवीक्षा पर की जायेगी जिसकी अवधि दो वर्ष की होगी और उसे सक्षम प्राधिकारी की विवेचना से बढ़ाया जा सकेगा। परिवीक्षा पर नियुक्ति उम्मीदवार को केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी।

(ख) यदि सरकार की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषजनक न हो या उसको देखते हुए, उसके कार्य कुशल होने की संभावना न हो तो सरकार उसे तत्काल सेवामुक्त कर सकती है।

(ग) जब यह घोषित कर दिया जायेगा कि अमुक अधिकारी ने संतोषजनक रूप में अपनी परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली है तो उसे सेवा में स्थायी किया जा सकता है। यदि सरकार की राय में उनकी कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवा मुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि को जितना उचित समझे, बढ़ा सकती है।

(घ) वेतनमान :—

ग्रेड-I (चयन ग्रेड) रु. 1200-50-1600

ग्रेड-II (समय वेतनमान) रु. 650-30-740 35-810-द. रो.-35-880-40-1000- द. रो.-40-1200

किसी प्रतियोगिता परीक्षा के परिणामों के आधार पर भर्ती किए जाने वाले व्यक्ति की सेवा में नियुक्ति पर समय वेतनमान का न्यूनतम वेतन प्राप्त होगा, बशर्ते कि यदि वह सेवा में नियुक्ति से पहले मूल रूप से आवधिक पद के अतिरिक्त स्थायी पद पर कार्य करता था, सेवा में परिवीक्षा की अवधि में उसका वेतन मूल नियम 22 ख (1) में उपबंधों के अधीन विनियमित किया जाएगा। सेवा में नियुक्त किए गए अन्य व्यक्तियों के लिए वेतन और वेतन वृद्धियां मूल नियमों के अनुसार निर्धारित होंगी।

(ङ) सेवा के अधिकारियों को परिशोधित केन्द्रीय वेतनमान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों पर लागू केन्द्रीय सरकार की दरों पर महंगाई भत्ता प्राप्त करने का हक होगा।

(च) महंगाई भत्ते के अतिरिक्त इस सेवा के अधिकारियों को प्रतिकर (नगर) भत्ता, मकान किराया भत्ता और पहाड़ी स्थानों तथा सुदूर स्थानों में रहन-सहन के बढ़े हुए खर्च को पूरा करने के लिए अन्य भत्ते दिए जाएंगे यदि उन्हें ड्यूटी पर या प्रशिक्षण के लिए ऐसे स्थान पर भेजा जाएगा और जिन स्थानों के लिए भत्ते देय होंगे।

(छ) इस सेवा के अधिकारियों पर दिल्ली और अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह सिविल सेवा नियमावली, 1971 और इस नियमावली को लागू करने के प्रयोजन से केन्द्रीय सरकार द्वारा किए जाने वाले अनुदेश अथवा बनाए जाने वाले अन्य विनियम लागू होंगे। जो मामले विशिष्ट रूप से पूर्वोक्त नियमों या विनियमों अथवा उनके अन्तर्गत जारी किए गए आदेशों या विशेष आदेशों के अन्तर्गत नहीं आते इनमें ये अधिकारी उन नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा शासित होंगे जो संघ के कार्यों से संबंधित सेवा करने वाले तदनुरूप अधिकारियों पर लागू होते हैं।

24. गोआ, दमन तथा दियू सिविल सेवा ग्रुप 'ख'

(क) नियुक्तियां दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि के आधार पर की जायेंगी तथा परिवीक्षा की अवधि सक्षम प्राधिकारी चाहे तो बढ़ा भी सकेगा। परिवीक्षा के आधार पर नियुक्त उम्मीदवारों को गोआ, दमन और दियू संघ राज्य प्रशासक द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा तथा विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी।

(ख) यदि प्रशासक की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का काम या आचरण संतोषजनक नहीं है अथवा यह प्रकट होता है कि अधिकारी के सुयोग्य सिद्ध होने की संभावना नहीं है, तो प्रशासक उसे तत्काल सेवा मुक्त कर सकता है।

(ग) जिस अधिकारी के लिए यह घोषित हो जायेगा कि उसने परिवीक्षा की अवधि संतोषजनक ढंग से पूर्ण कर ली है उसे सेवा में स्थायी किया जा सकता है। यदि प्रशासक की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक नहीं रहा है तो वह उसे सेवामुक्त कर सकता है अथवा परिवीक्षा की अवधि जितनी ठीक समझे बढ़ा सकता है।

(घ) इस सेवा के अधिकारी को गोआ, दमन, तथा दियू संघ राज्य क्षेत्र में किसी भी स्थान पर कार्य करना होगा।

(ङ) वेतनमान :—

ग्रेड-I (चयन ग्रेड) रु. 1100-50-1600

ग्रेड-II (समय वेतनमान) रु. 650-30-740-35-810- द. रो.-35-880-40-1000-द. रो.-40-1200

प्रतियोगिता परीक्षा के परिणामों के आधार पर भर्ती किए गए व्यक्ति की सेवा में नियुक्ति पर समय वेतनमान का न्यूनतम वेतन प्राप्त होगा :

किन्तु यदि वह सेवा में नियुक्ति से पहले मूल रूप से आवधिक पद के अतिरिक्त स्थायी पद पर कार्य करता था, सेवा में परिवीक्षा की अवधि में उसका वेतन मूल नियम 22-ख (1) के उपबन्धों के अधीन विनियमित किया जाएगा। सेवा में नियुक्ति किए गए व्यक्तियों के लिए वेतन और वेतन वृद्धियां मूल नियमों के अनुसार विनियमित होंगी।

इस सेवा के अधिकारी भारतीय प्रशासनिक सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियमावली, 1955 के अनुसार भारतीय प्रशासन सेवा के वरिष्ठ वेतनमान के पदों पर पदोन्नति के पात्र होंगे।

(घ) इस सेवा के अधिकारी गोआ, दमन तथा दिव सिविल सेवा नियमावली, 1967 तथा इन नियमों को कार्यान्वित करने के लिए प्रशासक द्वारा बनाए गए अन्य विनियमों द्वारा शासित होंगे।

25. दिल्ली और अन्दमान निकोबार द्वीप समूह पुलिस सेवा ग्रुप 'ख'

(क) नियुक्तियां दो वर्ष के लिए परिवीक्षाधीन रहेंगी जो सक्षम प्राधिकारियों के निर्णय के अनुसार बढ़ाई भी जा सकती हैं। परिवीक्षा पर नियुक्त उम्मीदवार को केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और विभागीय परीक्षाएं देनी होंगी।

(ख) यदि सरकार की राय में, किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषजनक न हो या उसे देखते हुए उसके कार्य-कुशल होने की संभावना न हो, तो सरकार उसे तत्काल सेवामुक्त कर सकती है।

(ग) जब यह घोषित कर दिया जाएगा कि अमुक अधिकारी ने संतोषजनक रूप से अपनी परिवीक्षा अवधि समाप्त कर ली है तो उसे सेवा में स्थायी कर दिया जाएगा। यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवा मुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि को, जितना उचित समझे बढ़ा सकती है।

(च) वेतनमान

ग्रेड I (चयन ग्रेड) 1100-50-1500

ग्रेड II वेतनमान रु. 650-30-740-35-810-द. रो.-35-880-40-1000-द. रो.-40-1200

किसी प्रतियोगिता परीक्षा के परिणामों के आधार पर भर्ती किए जाने वाले व्यक्ति की सेवा में नियुक्ति पर समय वेतनमान का न्यूनतम वेतन प्राप्त होगा, बशर्ते कि यदि वह सेवा में नियुक्ति से पहले मूल रूप से सावधिक पद के अतिरिक्त स्थायी पद पर कार्य करता था। सेवा में परिवीक्षा की अवधि में उसका मूल वेतन नियम मूल-22 (ख) (1) के परन्तुक के अधीन विनियमित किया जाएगा। सेवा में नियुक्त किए गए अन्य व्यक्तियों के लिए वेतन और वृद्धियां मूल नियमों के अनुसार विनियमित होंगी।

(छ) इस सेवा के अधिकारियों की परिशोधित केन्द्रीय वेतनमान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों पर लागू केन्द्रीय सरकार की दरों पर महंगाई भत्ता प्राप्त करने का हक होगा।

(ज) महंगाई भत्ता और महंगाई वेतन के अतिरिक्त सेवा के अधिकारियों को, प्रतिकर (नगर) भत्ता, मकान किराया भत्ता और पहाड़ी स्थानों तथा सुदूर स्थानों में रहन-सहन के बढ़े खर्च को पूरा करने लिए अन्य भत्ते दिए जाएंगे यदि उन्हें ड्यूटी पर या प्रशिक्षण के लिये ऐसे स्थानों पर भेजा जाएगा। और उन स्थानों के लिए ये भत्ते पात्र होंगे।

(झ) इस सेवा के अधिकारी, दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पुलिस सेवा नियमावली, 1971 और इस नियमावली को लागू करने के प्रयोजन के केन्द्रीय सरकार द्वारा दी जाने वाली हिदायतें अथवा बनाए जाने वाले अन्य विनियम लागू होंगे। जो मामले विशिष्ट रूप से उक्त नियमों या विनियमों अथवा उनके अन्तर्गत दिए गए आदेशों या विशेष आदेशों के अन्तर्गत नहीं आते, उनमें ये अधिकारी उन नियमों और आदेशों द्वारा शासित होंगे जो संघ के कार्यों से संबंधित सेवा करने वाले तदनुरूप अधिकारियों पर लागू होते हैं।

26. पांडिचेरी पुलिस सेवा—"ख"

(क) नियुक्तियां दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा के आधार पर की जायेंगी जिनमें सक्षम अधिकारी को विवक्षा पर वृद्धि भी हो सकती है। परिवीक्षा के आधार पर नियुक्त किये गए उम्मीदवारों को ऐसा प्रशिक्षण पाना होगा और ऐसा विभागीय परीक्षण पास करना होगा जो पांडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक निर्धारित करें।

(ख) प्रशासक की राय में यदि परिवीक्षा पर चल रहे अधिकारी का कार्य या आचरण असंतोषजनक है या ऐसा आभास देता है कि उनके सक्षम बन पाने की संभावना नहीं है तो प्रशासक उसको उसी समय सेवामुक्त कर सकता है।

(ग) जिस अधिकारी के बारे में अपनी परिवीक्षा को अवधि सफलता पूर्वक पूरी कर लेने की घोषणा कर दी जाती है तो उसे उक्त सेवा में स्थायी किया जा सकता है। प्रशासक की राय में यदि उनका कार्य या आचरण असंतोषजनक है तो प्रशासक उसे या तो सेवामुक्त कर सकता है या उसकी परिवीक्षा की अवधि उतने समय के लिए और बढ़ा सकता है जितना वह ठीक समझे।

(घ) उक्त सेवा से संबंधित प्राधिकारी को संघ राज्य क्षेत्र पांडिचेरी में कहीं भी कार्य करना पड़ सकता है।

(ङ) वेतनमान

ग्रेड I (चयन ग्रेड) रु. 1100-50-1600

ग्रेड II (समय वेतनमान) रु. 650-30-740-35-810-द. रो.-35-880-40-1000-द. रो.-40-1200

प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम के आधार पर भर्ती हुआ कोई व्यक्ति उक्त सेवा में नियुक्ति होने पर समय वेतनमान का न्यूनतम वेतन प्राप्त करेगा :

किन्तु उक्त सेवा में नियुक्ति से पहले यदि वह आवधिक पद के अलावा किसी अन्य स्थायी पद पर मूल रूप से नियुक्त रहा हो तो सेवा में उसकी परिवीक्षा की अवधि के दौरान उसका वेतन "मूल नियमावली" के नियम 22-ख के उपनियम (1) के उपबंधों के अधीन विनियमित किया जाएगा। उक्त सेवा में नियुक्ति अन्य व्यक्तियों के मामले में वेतन तथा वेतन वृद्धियां मूल नियमावली के अनुसार विनियमित होंगी।

(च) उक्त सेवा के अधिकारियों पर पांडिचेरी पुलिस सेवा नियम, 1972 के साथ-साथ प्रशासक द्वारा बनाए गए अन्य ऐसे विनियम या इन नियमों को लागू करने के उद्देश्य से जारी किए गए आदेश लागू होंगे।

27. गोआ, दमन तथा दीव पुलिस सेवा ग्रुप "ख"

(क) नियुक्ति परिवीक्षा पर की जाएगी जिसकी अवधि 2 वर्ष होगी, जिसे सक्षम प्राधिकारी की विवक्षा पर बढ़ाया जा सकता है। परिवीक्षा पर नियुक्ति उम्मीदवार को ऐसा प्रशिक्षण पाना होगा और ऐसे विभागीय

परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी जो गोआ, दमन तथा दीव, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासक द्वारा निर्धारित की जाएगी।

(ख) जिस अधिकारी के बारे में यह घोषित कर दिया गया हो कि उसने अपनी परिवीक्षा की अवधि संतोषजनक रूप से पूरी कर ली है। उसे उक्त सेवा में स्थायी किया जा सकता है। यदि प्रशासक की राय में उसका कार्य या आचरण असंतोषजनक हो और उसमें दक्षता प्राप्त करने की संभावना का आभास न हो तो वह उसे या तो सेवामुक्त कर सकता है या परिवीक्षा अवधि उतनी बढ़ा सकता है जितनी वह ठीक समझे।

(ग) उक्त सेवा से संबद्ध अधिकारी को गोआ, दमन तथा दीव, संघ राज्य क्षेत्र में कहीं भी कार्य करना पड़ सकता है।

(घ) वेतनमान

ग्रेड I (चयन ग्रेड)— रु. 1100-50-1600

ग्रेड II (समय वेतनमान); रु. 650-30-740-35-810 द.रो. 35-880-40-1000 द. रो. 40-1200

प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम के आधार पर भर्ती किए गए व्यक्ति को सेवा में नियुक्त होने पर समय वेतनमान का न्यूनतम वेतन दिया जाएगा :

किन्तु शर्त यह है कि उक्त सेवा में नियुक्ति से पहले यह व्यक्ति यदि अवधि के पद के अलावा अन्य किसी स्थायी पद पर मूल रूप में कार्य कर चुका हो तो परिवीक्षाधीन सेवा की अवधि के दौरान उसका वेतन एफ. आर.— 20 (बी) (1) के अनुसार विनियमित किया जाएगा, उक्त सेवा में नियुक्त अन्य व्यक्तियों का वेतन तथा सेवा वृद्धियां एफ. आर. के. अनुसार विनियमित की जाएंगी।

उक्त सेवा के अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा पदोन्नति द्वारा नियुक्ति विनियमावली, 1955 के अनुसार भारतीय पुलिस सेवा में वरिष्ठ वेतनमान के पदों पर पदोन्नति के पात्र होंगे।

(ङ) उक्त सेवा के अधिकारियों पर गोआ, दमन तथा दीव का पुलिस सेवा नियमावली, 1973 और वे विनियमावली लागू होती हैं जो प्रशासक द्वारा बनाई जाएं या इन नियमों को लागू करने के प्रयोजन से जो अनुदेश उनके द्वारा जारी किए जायेंगे।

28. केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, गृह मंत्रालय में सहायक कमान्डेंट के पद भा. पु. से. के अधिकारी द्वारा धारित होने पर सामान्य केन्द्रीय सेवा ग्रुप "क" राजपत्रित अथवा सामान्य केन्द्रीय सेवा ग्रुप "ख" राजपत्रित :

(क) नियुक्तियां परिवीक्षा के आधार पर की जाएंगी, जिसकी अवधि दो वर्ष की होगी और उसे सक्षम प्राधिकारी की विवेक पर बढ़ाया जा सकेगा। परिवीक्षा पर नियुक्ति उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा तथा विभागीय परीक्षण पास करना होगा।

(ख) परिवीक्षा की अवधि या बढ़ायी गई अवधि समाप्त होने पर नियोक्त प्राधिकारी इस आशय की घोषणा करेगा कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपनी परिवीक्षा अवधि संतोषजनक रूप से पूरी कर ली है। जिस अधिकारी ने परिवीक्षा अवधि संतोषजनक रूप से पूरी कर ली होगी, उसको रैंक में स्थायी किया जाएगा। यदि नियोक्त प्राधिकारी की राय में उसका कार्य या आचरण असन्तोषजनक रहा या कार्यकुशलता न दिखा सका तो उसे सेवा मुक्त किया जा सकता है।

(ग) नियुक्त अधिकारी को भारत में कहीं भी कार्य करना पड़ सकता है।

(घ) वेतनमान :— सहायक महानिरीक्षक के पद पर नियुक्त होने पर वरिष्ठ ग्रुप 'क' वेतन रु. 1100-50-1600 तथा रु. 200 विशेष वेतन। कमान्डेंट के पद पर नियुक्त होने पर रु. 150 विशेष वेतन संवर्ग में सम्मिलित उप-कमान्डेंट के पद के लिए कोई विशेष वेतन नहीं है। कनिष्ठ वेतनमान रु. 650-30-740-35-810-द.रो.-35-880-40-1200 तथा रु. 100-विशेष वेतन प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर भर्ती किए गए व्यक्ति नियुक्त होने पर, समय वेतनमान का न्यूनतम वेतन लेंगे।

(ङ) पदोन्नति :

सहायक कमान्डेंट के रैंक में नियुक्त अधिकारी इन पदों के भर्ती नियमों में विहित व्यवस्थाओं के अनुसार उप-कमान्डेंट/कमान्डेंट ए. आई. जी. रैंक में पदोन्नति के पात्र होंगे।

(च) अधिकारी केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 (1968 की सं. 50) और समय समय पर यथा संशोधित और केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल नियमावली, 1969 द्वारा शासित होंगे।

परिशिष्ट III

उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा के बारे में विनियम

ये विनियम उम्मीदवारों की सुविधा के लिए प्रकाशित किए जाते हैं ताकि वे यह अनुमान लगा सके कि वे अपेक्षित शारीरिक स्तर के हैं या नहीं। ये विनियम स्वास्थ्य परीक्षकों (मैडिकल एग्जामिनर्स) के मार्ग निर्देशन के लिए भी हैं।

2. भारत सरकार को स्वास्थ्य बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करके उसे स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।

विभिन्न सेवाओं का वर्गीकरण दो श्रेणियों 'तकनीकी तथा गैर तकनीकी' के अधीन इस प्रकार होगा :—

(क) तकनीकी :

(1) भारतीय रेलवे यातायात सेवा :

(2) भारतीय पुलिस सेवा तथा अन्य केन्द्रीय पुलिस सेवा ग्रुप 'ख'

(3) रेलवे सुरक्षा बल में ग्रुप 'क' के पद पर

(ख) गैर तकनीकी :

भा. प्र. से. भा. वि. से. भारतीय प्रशासनिक और लेखा सेवा भारतीय सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क सेवा, भारतीय सिविल लेखा सेवा, भारतीय रेल लेखा सेवा, भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा, भारतीय रक्षा लेखा सेवा, भारतीय आयकर सेवा, भारतीय डाक-सेवा, सैन्य भूमि तथा छावनी सेवा ग्रुप 'क' पद और अन्य केन्द्रीय सिविल सेवाओं के ग्रुप 'क' तथा 'ख' के पद।

1. नियुक्ति के योग्य ठहराये जाने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक हो और उम्मीदवार में कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो जिससे, नियुक्ति के बाद दक्षतापूर्वक काम करने में बाधा पड़ने की संभावना हो।

2(क) भारतीय (एग्लो इंडियन समेत) जाति के उम्मीदवारों की आयु, कद और छाती के घेर के परस्पर संबंध के बारे में मैडिकल बोर्ड के ऊपर यह बात छोड़ दी गई है कि वह उम्मीदवारों को परीक्षा में मार्गदर्शन के रूप में जो भी परस्पर संबंध के आंकड़े सबसे अधिक उपयुक्त समझें व्यवहार में लायें। यदि वजन, कद और छाती के घेर में विषमता हो तो जांच के लिए उम्मीदवार को अस्पताल में रखना चाहिए और छाती का एक्सरे लेना चाहिए। ऐसा करने के बाद ही बोर्ड उम्मीदवार को स्वस्थ अथवा अस्वस्थ घोषित करेगा।

(ख) निश्चित सेवाओं के लिए कद और छाती के घेर का कम से कम मान नीचे दिया जाता है जिस पर पूरा न उतरने पर उम्मीदवार को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

सेवा का नाम	कद	छाती का घेरा पूरा (फुला कर)	छाती का फैलाव
1	2	3	4
(1) भारतीय रेल यातायात सेवा	152 से.मी	84 से. मी.	5 से.मी. (पुरुषों के लिए)
	150 से. मी.	79 से.मी.	5 से.मी. (महिलाओं के लिए)
(2) भारतीय पुलिस सेवा रेलवे सुरक्षा बल में ग्रुप 'क' के पद तथा	165 से.मी.	84 से.मी.	5 से.मी. (पुरुषों के लिए)
अन्य केन्द्रीय पुलिस सेवा ग्रुप 'ख'	150 से.मी.	79 से.मी.	5 से.मी. (महिलाओं के लिए)

अनुसूचित जनजातियों और ऐसी जातियों जैसे गोरखा, गढ़वाली, असमियां, कुमाऊं, नागा जनजातियों आदि से संबन्धित उम्मीदवारों, जिनकी औसत लम्बाई दूसरों के प्रकटतः कम होती है, के मामले में न्यूनतम निर्धारित कद की लम्बाई में छूट दी जा सकेगी ।

भारतीय पुलिस सेवा ग्रुप 'ख' पुलिस सेवाएं और रेल सुरक्षा बल के ग्रुप 'क' के पदों को पुलिस सेवा हेतु अनुसूचित जनजातियों और गोरखा, गढ़वाली, असमियां कुमाऊं, नागा जैसी जातियों के सम्बद्ध उम्मीदवारों के मामले में छूट देकर निम्नलिखित न्यूनतम ऊंचाई मानक लागू है :

पुरुष	160 से.मी.
महिला	145 से.मी.

3. उम्मीदवार का कद निम्नलिखित विधि में नापा जाएगा ।

वह अपने जूते उतार देगा और उसे माप दण्ड (स्टैण्ड) से इस प्रकार सटा कर खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव आपस में जुड़े रहें और उसका वजन सिवाए एड़ियों के पांवों की उंगलियों या किसी और हिस्से पर न पड़े। वह बिना अकड़े सीधा खड़ा होगा और उसकी एड़ियां, पिंडलियां, नितम्ब और कन्धे माप-दण्ड के साथ लगे रहेंगे। उनकी ठोड़ी नीचे रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर (बर्टेक्स आफ दि हेड लेवल) हारिजैन्टल बार (आड़ी छड़) के नीचे आ जाए। कद सेंटीमीटरों और आधे सेंटीमीटरों में नापा जाएगा ।

4. उम्मीदवार की छाती नापने का तरीका इस प्रकार है:—

उसे इस भांति खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव जुड़े हों । उसकी भुजाएं सिर से ऊपर उठी हों । फीते को छाती के गिर्द इस तरह से लगाया जाएगा कि पीछे की ओर इसका किनारा असफलक (शोल्डर ब्लेड) के निम्न कोणों (इंफीरियर एंगल्स) से लगा रहे और यह फीते की छाती के गिर्द ले जाने पर उसी आड़े समतल (हारिजैंन्टल प्लेन) में रहे। फिर भुजाओं को नीचे किया जाएगा और उन्हें शरीर को लटका रहने दिया जाएगा, किन्तु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कन्धे ऊपर या नीचे की ओर न किए जाएं जिससे कि फीता न हिले तब उम्मीदवार को कई बार गहरा सांस लेने के लिए कहा जाएगा और छाती का अधिक से अधिक फैलाव गौर से नोट किया जाएगा और कम से कम और अधिक से अधिक फैलाव सेंटीमीटरों में रिकार्ड किया जाएगा, 84–89, 88–93.5 आदि । नाप को रिकार्ड करते समय आधे सेंटीमीटर से कम के भिन्न (फ्रेक्शन) को नोट नहीं करना चाहिए ।

टिप्पणी:—अंतिम निर्णय लेने से पहले उम्मीदवारों की ऊंचाई और छाती दो बार नापनी चाहिए ।

5. उम्मीदवार का वजन भी किया जाएगा और उसका वजन किलोग्रामों में रिकार्ड किया जाएगा । आधे किलोग्राम के फ्रेक्शन को नोट नहीं करना चाहिए ।

6. (क) उम्मीदवार की नजर की जांच निम्नलिखित नियमों के अनुसार की जाएगी । प्रत्येक जांच का परिणाम रिकार्ड किया जाएगा ।

(ख) चश्मे के बिना नजर (नेकेड आई विजन) की कोई न्यूनतम सीमा (मिनिमम लिमिट) नहीं होगी किन्तु प्रत्येक केस में मैडीकल बोर्ड या अन्य मैडीकल प्राधिकारी द्वारा इसे रिकार्ड किया जाएगा । क्योंकि इससे आंख की हालत के बारे में मूल सूचना (बेसिक इंफार्मेशन) मिल जाएगी ।

(ग) विभिन्न प्रकार की सेवाओं के लिए चश्मे के साथ और चश्मे के बिना दूर और नजदीक की नजर का मानक निम्नलिखित होगा :—

सेवा की श्रेणी	दूरी की नजर		नजदीक की नजर	
	अच्छी आंख (ठीक की हुई दृष्टि)	खराब आंख	अच्छी आंख (ठीक की हुई दृष्टि)	खराब आंख
1	2	3	4	5
भा.प्र.से. भा.पु. से तथा केन्द्रीय सेवाएं ग्रुप 'क' और 'ख'				
(1) तकनीकी	6/6 या	6/12	जे./I	जे./II
(2) गैर-तकनीकी	6/6	6/9		
	6/9	6/12	जे./I	जे./II
(3) भारतीय आयुध कारखाना अथवा सेना	6/6	6/18		
	6/9	6/9	जे./I	जे./II

(घ)(1) उपर्युक्त तकनीकी सेवाओं और लोक सुरक्षा से संबन्धित अन्य सेवाओं के संबन्ध में मायोपिया (सिलिण्डर मिलाकर) कुल 4.00 डी. से अधिक नहीं हो । हाई परमेट्रोपिया (सिलिण्डर मिलाकर) कुल +4.00 डी. से अधिक नहीं होना चाहिए ।

किन्तु शर्त यह है कि यदि 'तकनीकी' के रूप में वर्गीकृत सेवाओं (रेल मंत्रालय के अधीन सेवाओं को छोड़कर) से सम्बद्ध उम्मीदवार हाई मायोपिया के आधार पर अयोग्य पाया जाए तो वह मामला तीन दृष्टि विशेषज्ञों के विशेष बोर्ड को भेजा जाएगा जो यह घोषणा करेंगे कि क्या निकट दृष्टि रोगात्मक है अथवा नहीं । यदि यह मामला रोगात्मक नहीं है तो उम्मीदवार को योग्य घोषित कर दिया जाए बशर्ते कि वह दृष्टि संबन्धी अन्य अपेक्षाओं की पूर्ति करता है ।

2. मायोपिया फंड के प्रत्येक मामले में परीक्षा की जानी चाहिए और उसके परिणाम रिकार्ड किए जाने चाहिएं । यदि उम्मीदवार की ऐसी रोगात्मक दिशा हो जो कि बढ़ सकती है और उम्मीदवार की कार्य कुशलता पर प्रभाव डाल सकती है, तो उसे अयोग्य घोषित किया जाए ।

(ङ) दृष्टि क्षेत्र:—सभी सेवाओं के लिए सम्मुखन विधि (कन्फ्रन्टेशन मैथड) द्वारा दृष्टि क्षेत्र की जांच की जाएगी । जब ऐसी जांच का नतीजा असंतोषजनक या संदिग्ध हो तो तब दृष्टि क्षेत्र को पैरामीटर पर निर्धारित किया जाना चाहिए ।

(च) रतौंधी (नाईट ब्लाइंडनेस) : साधारणतया रतौंधी दो प्रकार की होती है । (1) विटामिन (ए) की कमी होने के कारण और (2) रेटीना के शारीरिक रोग के कारण जिसकी आम वजह रेटीनोटिस पिगमेंटोसा होती है । उपर्युक्त (1) में फंडस की स्थिति असामान्य होती है, साधारणतया छोटी आयु वाले व्यक्तियों में और कम खुराक पाने वाले व्यक्तियों में दिखाई देती है और अधिक मात्रा में विटामिन 'ए' के खाने से ठीक हो जाती है । ऊपर बताई गई (2) की स्थिति में फंडस प्रायः होती है । अधिकांश मामलों में केवल फंडस की परीक्षा से ही स्थिति का पता चल जाता है । इस श्रेणी के लोग प्रौढ़ होते हैं और खुराक की कमी से पीड़ित नहीं होते हैं । सरकार में ऊंचे नौकरियों के लिए प्रयत्न करने वाले व्यक्ति संवर्ग में आते हैं । उपर्युक्त (1) और (2) दोनों के लिए अंधेरा अनुकूलन परीक्षा से स्थिति का पता चल जायेगा । उपर्युक्त (2) के लिये विशेषतया जब फंडस न हो तो इलेक्ट्रो-रेटीनोग्राफी किए जाने की आवश्यकता होती है । इन दोनों जांचों अंधेरा अनुपालन और (रेटीनोग्राफी) में समय अधिक लगता है और विशेष प्रबन्ध और सामान की आवश्यकता होती है और इसलिए साधारण चिकित्सक जांच से इसका पता लगना संभव नहीं हैं । इन तकनीकी बातों को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय/विभाग को चाहिए कि बतायें कि रतौंधी के लिए उन जांचों का करना अनिवार्य है या नहीं यह इस बात पर निर्भर होगा कि जिन व्यक्तियों को सरकारी नौकरी दी जाने वाली है उनके कार्य की अपेक्षाएं क्या हैं और उनकी ड्यूटी किस तरह की होगी ।

(छ) कलर विजन : उपर्युक्त तकनीकी सेवाओं के संबन्ध में कलर विजन की जांच जरूरी है । जहां तक गैर-तकनीकी सेवाओं/पदों का संबन्ध है सम्बद्ध मंत्रालय/विभाग की मैडिकल बोर्ड को सूचना देनी होगी कि उम्मीदवार जो सेवा चाहता है उसके लिए कलर विजन परीक्षा होनी चाहिए या नहीं ।

नीचे दी गई तालिका के अनुसार रंग का प्रत्यक्ष ज्ञान उच्चतर (हायर) और निम्नतर (लोअर) ग्रेडों में होना चाहिए जो लैटर्न में एपर्चर के आकार पर निर्भर होगा ।

ग्रेड	रंग के प्रत्यक्ष ज्ञान का उच्चतर ग्रेड	रंग के प्रत्यक्ष ज्ञान का निम्नतर ग्रेड
1. लैम्प और उम्मीदवार के बीच की दूरी	16 फीट	16 फीट
2. द्वारक (एपर्चर) का आकार	1.3 मि. मीटर	1.3 मि. मीटर
3. उद्भासन काल	5 सैकण्ड	5 सैकण्ड

भारतीय रेल यातायात सेवा, रेलवे सुरक्षा बल के ग्रुप 'क' पद और लोक बचाव से संबन्धित अन्य सेवाओं के लिए और विजन के उच्चतर ग्रेड आवश्यक है । किन्तु दूसरी के लिए कलर विजन के लोअर ग्रेड को पर्याप्त मान लिया जाए ।

लाल संकेत, हरें संकेत, और सफेद रंग की आसानी से और झिल-मिलाहट के बिना पहचान लेना संतोषजनक कलर विजन है । इशिहार की प्लेटों के इस्तेमाल की जिन्हें अच्छा रोशनी में और एंड्रोज ग्रीज जैसी उपर्युक्त लैटर्न की रोशनी में दिखाया जाता है कलर विजन की जांच करने के लिए विश्वसनीय समझा गाएगा । वैसे तो दोनों में से किसी भी एक जांच की साधारणतया तथा पर्याप्त समझा जा सकता है, लेकिन सड़क, रेल और हवाई यातायात में संबन्धित सेवाओं के लिए लैटर्न जांच करना लाजमी है । शक वाले मामलों में जब उम्मीदवार को किसी एक जांच करने पर अयोग्य पाया जाये तो दोनों ही तरीकों से जांच करनी चाहिए तथापि भारतीय रेल यातायात सेवा और रेलवे सुरक्षा बल में ग्रुप 'क' के पदों में नियुक्ति हेतु उम्मीदवारों के कलर विजन के परीक्षा के लिए एशिहरा प्लेट और एड्रिक की हरी लेनटर्न दोनों का प्रयोग किया जाएगा ।

(ज) दृष्टि की तीक्ष्णता से भिन्न आंख की अवस्थाएं (आब्यूलर कंडीशन) ।

(1) आंख की तेज बीमारी को या बढ़ती हुई अपवर्तन त्रुटि (प्रोग्रेसिव रिफ्रेक्टिव एरर) को, जिसके परिणामस्वरूप दृष्टि की तीक्ष्णता के कम होने की संभावना हो अयोग्य का कारण समझना चाहिए ।

(2) भैंगापन (स्क्विंट) तकनीकी सेवाओं में जहां द्विनेत्री (बाइनाकुलर) दृष्टि का होना अनिवार्य हो, दृष्टि की तीक्ष्णता निर्धारित स्तर की होने पर भी भैंगापन की अयोग्यता का कारण समझना चाहिए । दृष्टि की तीक्ष्णता निर्धारित स्तर की होने पर भैंगापन को अन्य सेवाओं के लिए अयोग्यता का कारण नहीं समझना चाहिए ।

(3) यदि किसी व्यक्ति की एक आंख हो अथवा यदि एक आंख की दृष्टि ही सामान्य हो और दूसरी आंख की मन्ददृष्टि हो अथवा असामान्य दृष्टि हो तो उसका प्रभाव प्रायः यह होता है कि व्यक्ति में गहराई बोध हेतु त्रिविम दृष्टि का अभाव होता है । इस प्रकार की दृष्टि कई सिविल पदों के लिए आवश्यक नहीं है । इस प्रकार के व्यक्तियों को चिकित्सा बोर्ड योग्य मानकर अनुशासित कर सकता है । बशर्ते कि सामान्य आंख—

(i) की दूरी दृष्टि 6/6 और निकट की दृष्टि जे./ 1 चश्मा लगाकर अथवा उसके बिना हो बशर्ते कि दूर की दृष्टि के लिए किसी मेरिडियन में त्रुटि 1 डायोप्टेरिज से अधिक नहीं ।

(ii) की दृष्टि का दूसरा क्षेत्र हो ।

(iii) की सामान्य, रंग दृष्टि, जहां अपेक्षित हो ।

बशर्ते कि बोर्ड का यह समाधान हो जाने पर कि उम्मीदवार प्रश्नाधीन कार्य विशेष से संबंधित सभी कार्यकलापों का निष्पादन कर सकता है ।

दृष्टि तीक्ष्णता संबंधी उपरोक्त छूट प्राप्त नामक 'तकनीकी' रूप से वर्गीकृत पदों/सेवाओं के लिए उम्मीदवार पर लागू नहीं होंगें । संबंद्ध मंत्रालय/विभाग की चिकित्सा बोर्ड को यह सूचित करना होगा कि उम्मीदवार "तकनीकी" पद के लिए अपवा नहीं ।

(4) कोन्टेक्ट लैंस उम्मीदवार की स्वास्थ्य परीक्षा के समय कोन्टेक्ट लैंस के प्रयोग की आज्ञा नहीं होगी । यह आवश्यक है कि आंख की जांच करते समय दूर की नजर के लिए टाइप किए हुए अक्षरों को उदभासन 15 फुट की ऊंचाई के प्रकाश से हों ।

ध्यान दें आर. पी. एफ. के ग्रुप बी के पदों के लिए वही चिकित्सा मानक लागू होगा जोकि गैर तकनीकी सेवाओं के लिए है । किन्तु चूंकि इस सेवा का संबंध जनता की सुरक्षा से है इसलिए इन पदों के लिए निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तें भी लागू होंगी :

(1) कलर विजन की परीक्षा अनिवार्य होगी और उच्चतर ग्रेड का कलर विजन आवश्यक है ।

(2) प्रत्येक आंख में दृष्टि तीक्ष्णता निर्धारित मानक के होते हुए भी भैंगापन (स्क्विंट) की अयोग्यता समझा जाएगा ।

(3) रेलवे सुरक्षा बल में नियुक्ति के लिए केवल "एक आंख" अयोग्यता समझी जाएगी ।

7. ब्लड प्रेशर .

ब्लड प्रेशर के संबंध में बोर्ड अपने निर्णय से काम लेगा । नार्मल उच्चतम सिटालिक प्रेशर के आंकलन की काम चलाऊ विधि नीचे दी जाती है :

(1) 15 से 25 वर्ष के व्यक्तियों में औसत ब्लड प्रेशर लगभग 100+ आयु होता है ।

(2) 25 वर्ष से ऊपर की आयु वाले व्यक्तियों में ब्लड प्रेशर के आंकलन करने में 110 में आधी आयु जोड़ देने का तरीका बिल्कुल संतोषजनक दिखाई पड़ता है ।

ध्यान में ...सामान्य मिश्रम के रूप में 140 एम. एम. पे. कुमार के सिस्टालिक प्रेशर की और 90 एम एम से ऊपर डायस्टालिक प्रेशर को संदिग्ध मान लेना चाहिए और उम्मीदवार को योग्य या अयोग्य ठहराने के संबंध में अपनी अंतिम राय देने से पहले बोर्ड को चाहिए कि उम्मीदवार को अस्पताल में रखें। अस्पताल की रिपोर्ट से यह पता लगना चाहिए कि घबराहट (एक्साइटमेंट) आदि के कारण ब्लड प्रेशर में वृद्धि थोड़े समय रहती है या उसका कारण कोई कार्डिक (हार्दिक) बिमारी है। ऐसे सभी केसों में हृदय की ऐक्सरे और विद्युत हृदय लेखी (इलेक्ट्राकार्डियोग्राफिक) परीक्षाएं और रक्त यूरिया निकार (क्लियरेंस) की जांच भी नेमी रूप से की जानी चाहिए। फिर भी उम्मीदवार के योग्य होने या न होने के बारे में अंतिम फैसला केवल मैडिकल बोर्ड ही करेगा।

ब्लड प्रेशर (रक्त दबाव) लेने का तरीका :

नियमित पारेवाले दाबांतरमापी (मर्क्यूरी मोनीमीटर) किस्म का उपकरण (इन्स्ट्रूमेंट) इस्तेमाल करना चाहिए। किसी किस्म के व्यायाम या घबराहट के बाद पन्द्रह मिनट तक रक्त दाब नहीं लेना चाहिए। रोगी बैठा या लेटा हो बशर्ते कि वह और विशेषकर उसकी भुजा शिथिल और आराम से हो कुछ हारिजेंटल स्थिति में रोगी के पार्श्व पर भुजा को आराम से सहारा दिया जाए। भुजा पर से कंधे तक कपड़े उतार देने चाहिएं, कफ में से पूरी तरह हवा निकाल कर बीच की रबड़ को भुजा के अन्दर की ओर रखकर और इसके नीचे किनारे को कोहनी के मोड़ से एक या दो इंच ऊपर करके लगाना चाहिए। इसके बाद कपड़े की पट्टी को फैलाकर समान रूप से लोटाना चाहिए ताकि हवा भरने पर कोई हिस्सा फूल कर बाहर को न निकले।

कोहनी के मोड़ पर प्रगंड धमनी (ब्रेकियल आर्टरी) को दबा दबा कर ढूंढा जाता है और तब उसके ऊपर बीचों बीच स्टैथस्कोप को हल्के से लगाया जाता है जो कफ के साथ न लगे। कफ में लगभग 200 एम एच जी हवा भरी जाती है और इसके बाद इसमें से धीरे धीरे हवा निकाली जाती है। हल्की क्रमिक ध्वनि सुनाई पड़ने पर जिस स्तर पर पारे का कालम टिका होता है सिस्टालिक प्रेशर दर्शाता है। जब और हवा निकाली जाएगी तो ध्वनियां तेज सुनाई पड़ेंगी। जिस स्तर पर ये साफ और अच्छी सुनाई पड़ने वाली ध्वनियां हल्की दबी हुई सी लुप्त प्राय: हो जायें, वह डायस्टालिक प्रेशर है। ब्लड प्रेशर काफी थोड़ी अवधि में ही लेना चाहिए क्योंकि कफ के लम्बे समय का दबाव रोगी के लिये क्षोभकर होता है और इससे रीडिंग गलत हो जाती है। यदि दोबारा पड़ताल करना जरूरी हो तो कफ में से पूरी हवा निकाल कर कुछ मिनट के बाद में ही ऐसा किया जाए। कभी कभी कफ में से हवा निकालने पर एक निश्चित स्तर पर ध्वनियां सुनाई पड़ती है, दाब गिरने पर ये गायब हो जाती है और निम्न स्तर पर पुन: प्रकट हो जाती है। इस "साइलेंट गेप" से रीडिंग में गलती हो सकती है।

8. परीक्षक की उपस्थिति में ही किए गए मूत्र की परीक्षा की जानी चाहिए और परिणाम रिकार्ड किया जाना चाहिए। अब मेडिकल बोर्ड को किसी उम्मीदवार के मूत्र में रासायनिक जांच द्वारा शक्कर का पता चले तो बोर्ड इसके सभी पहलुओं की परीक्षा करेगा और मधुमेह (डायबिटीज) के द्योतक चिन्हों और लक्षणों को भी विशेष रूप से नोट करेगा। यदि बोर्ड उम्मीदवार को ग्लूकोस मेह (ग्लाईकोसूरिया) सिवाय, अपेक्षित मैडिकल फिटनैस के स्टैंडर्ड के अनुरूप पाये तो वह उम्मीदवार को इस शर्त के साथ फिट घोषित कर सकता है कि ग्लूकोजमेह अमधुमेही (नॉन डायबिटिक) हो और बोर्ड केस को मैडिसन के किसी ऐसे निर्दिष्ट विशेषज्ञों के पास भेजेगा जिसके पास अस्पताल और प्रयोगशाला की सुविधाएं हों। मैडिकल विशेषज्ञ स्टेण्डर्ड ब्लड शुगर टालरेंस टेस्ट समेत जो भी क्लिनिकल या लेबोरेटरी परीक्षा जरूरी समझेगा, करेगा और अपनी रिपोर्ट मेडिकल बोर्ड को भेज देगा जिस पर मैडिकल बोर्ड को "फिट या "अनफिट" की अंतिम राय आधारित होगी। दूसरे अवसर पर उम्मीदवार के लिए बोर्ड के सामने स्वयं उपस्थित होना जरूरी नहीं होगा। मौधुमेह के प्रभाव को समाप्त करने के लिए यह जरूरी हो सकता है कि उम्मीदवार को कई दिनों तक अस्पताल में पूरी देख रेख में रखा जाए।

9. यदि जांच के परिणामस्वरूप कोई महिला उम्मीदवार 12 हफ्ते या उससे अधिक समय की गर्भवती पायी जाती है तो उसको अस्थायी रूप से तब तक अस्वस्थ घोषित किया जाना चाहिए जब तक कि उसका प्रसव न हो जाए। किसी रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर से आरोग्यता का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर, प्रसूती की तारीख के 6 हफ्ते बाद आरोग्य प्रमाण-पत्र के लिए उसकी फिर से स्वास्थ्य परीक्षा की जानी चाहिए।

10. निम्नलिखित अतिरिक्त बातों का प्रेक्षण करना चाहिए —

(क) उम्मीदवार को दोनों कानों से अच्छा सुनाई पड़ता है या नहीं और काम की बीमारी का कोई चिन्ह है या नहीं। यदि कोई कान की खराबी हो तो उसकी परीक्षा कान-विशेषज्ञ द्वारा की जानी चाहिए। यदि सुनने की खराबी का इलाज शल्यक्रिया (आपरेशन) या हियरिंग एड के इस्तेमाल से हो सके तो उम्मीदवार को इस आधार पर अयोग्य घोषित नहीं किया जा सकता बशर्ते कि कान की बिमारी बढ़ने वाली न हो। चिकित्सा परीक्षा प्राधिकारी के मार्ग-दर्शन के लिए इस संबंध में निम्नलिखित मार्गदर्शक जानकारी दी जाती है।

(1) एक कान में प्रकट अथवा, यदि पूर्ण बहरापन, दूसरा कान सामान्य होगा।	उच्च फिक्वेंसी में बहरापन 30 डेसीबेल तक हो तो गैर-तकनीकी काम के लिए योग्य।
(2) दोनों कानों में बहरेपन का प्रत्यक्ष बोध, जिसमें, श्रवण यंत्र (हियरिंग एड) द्वारा कुछ सुधार संभव हो।	यदि 1000 से 4000 तक की स्पीचफिक्वेंसी में बहरापन 30 डिसीबेल तक हो तो तकनीकी तथा गैर-तकनीकी दोनों प्रकार के काम के लिए योग्य।
(3) मैंट्रल अथवा मार्जिनल टाइप के टिमपेनिक मेम्बरेन में छिद्र।	(1) एक कान सामान्य हो, दूसरे कान में टिमपेनिक मेम्बरन में छिद्र हो तो अस्थायी आधार पर अयोग्य कान को शल्य चिकित्सा की स्थिति सुधारने से दोनों कानों में मार्जिनल या अन्य छिद्र वाले उम्मीदवारों को अस्थायी रूप से अयोग्य घोषित करके उस पर नीचे दिए गए नियम 4 (2) के अधीन विचार किया जा सकता है। (2) दोनों कानों में मार्जिनल या एंट्रिक छिद्र होने पर ही अयोग्य। (3) दोनों कानों में सैंट्रल छिद्र होने पर अस्थायी रूप से अयोग्य।
(4) काम के एक ओर से दोनों ओर से मस्टायड कैविटी से तब नार्मल श्रवण।	(1) किसी एक काम से सामान्य रूप से एक ओर से मस्टायड कैविटी से सुनाई देना हो दूसरे कान में सब नार्मल श्रवण वाले कान मस्टायड, कैविटी होने पर तकनीकी तथा गैरतकनीकी दोनों प्रकार के कार्यों के लिए योग्य

	(2) दोनों ओर से मस्टॉयड कैविटी तकनीकी काम के लिए अयोग्य, यदि किसी भी कान की श्रवणता श्रवण यंत्र लगा कर अथवा बिना लगाए सुधर कर 30 डेसीबल्स हो जाने पर गैर तकनीकी कार्यों के लिए योग्य ।
(5) बहते रहने वाला कान आपरेशन किया गया बिना आपरेशन वाला ।	तकनीकी तथा गैर-तकनीकी दोनों प्रकार के कामों के लिए अस्थाई रूप में अयोग्य ।
(6) नासापाट की हड्डी संबंधी विसिलाओं (बोनी डिफार्मेटीज) सहित अथवा उससे रहित नाक की जीर्ण प्रवाहक एलार्जिक दशा ।	(1) प्रत्यक मामले की परिस्थिति के अनुसार निर्णय किया जायेगा ।
	(2) यदि लक्षणों सहित नासापाट अफपरग विद्यमान होने पर अस्थाई रूप से अयोग्य ।
(7) टांसिल्स और अथवा स्वर यंत्र (लेरिंक्स) के जीर्ण प्रवाहक दशा ।	(1) टांसिल और अथवा स्वर यंत्र की जीर्ण प्रदाहक दशा योग्य ।
	(2) यदि आवाज में अत्यधिक कर्कशता विद्यमान हो तो अस्थायी रूप से अयोग्य ।
(8) कान, नाक, गले (ई.एन.टी.) के हल्के अथवा अपने स्थान पर हुई ट्यूमर ।	(1) हल्का ट्यूमर अस्थाई रूप से अयोग्य ।
(9) ओस्टीओस्क्लेरोसिस	(2) दुर्बल ट्यूमर—अयोग्य । श्रवण यंत्र की सहायता से या आपरेशन के बाद श्रवणता 30 डेसीबेल के अन्दर होने पर योग्य ।
(10) कान, नाक अथवा गले के जन्मजात दोष ।	(1) यदि कामकाज में बाधक हो तो योग्य ।
	(2) भारी जो यात्रा में हकलाहट हो तो अयोग्य ।
(11) नेजल पोली	अस्थायी रूप से अयोग्य ।

(ख) उम्मीदवार बोलने में हकलाता/हकलाती नहीं हो ।

(ग) उसके दांत अच्छी हालत में हैं या नहीं, और अच्छी तरह चबाने के लिए जरूरी होने पर नकली दांत लगे हैं या नहीं । (अच्छी तरह भरे हुए दांतों को ठीक समझा जाएगा) ।

(घ) उसकी छाती की बनावट अच्छी है या नहीं और छाती काफी फैलती है या नहीं तथा उसका दिल या फेफड़े ठीक हैं या नहीं ।

(ङ) उसे पेट की कोई बीमारी है या नहीं ।

(च) उसे रपचार है या नहीं ।

(छ) उसे हाईड्रोसिल बढ़ी हुई वेरिकोसिल्स, वेरिकाजशिरा (ब्रेन) या बवासीर है या नहीं ।

(ज) उसके अंगों, हाथों, पैरों और पैरों की बनावट और विकास अच्छा है या नहीं और उसकी ग्रंथियां भली-भांति स्वतन्त्र रूप से हिलती है या नहीं ।

(झ) उसे कोई चिरस्थाई त्वचा की बीमारी है या नहीं ।

(ण) कोई जन्मजात कुरूपता या दोष है या नहीं ।

(ट) उसमें किसी उग्र या जीर्ण बीमारी के निशान है या नहीं जिनसे कमजोर गठन का पता लगे ।

(ठ) कारगर टीके के निशान है या नहीं ।

(ड) उसे कोई संचारी (कम्यूनिकेबल) रोग है या नहीं ।

11. दिल और फेफड़ों की किसी ऐसी विलक्षणता का पता लगाने के लिए साधारण शारीरिक परीक्षा के ज्ञात न हो उन्हीं मामलों में नेमी रूप से छातो के एक्स-रे परीक्षा की जानी चाहिए ।

सरकारी सेवा के लिए उम्मीदवार के स्वास्थ्य के संबंध में जहां कहीं सन्देह हो चिकित्सा बोर्ड का अध्यक्ष उम्मीदवार को योग्यता अथवा अयोग्यता का निर्णय किए जाने के प्रश्न पर किसी उपयुक्त अस्पताल के विशेषज्ञ से परामर्श कर सकता है, जैसे यदि किसी उम्मीदवार पर मानसिक त्रुटि अथवा विपणन (डेवरेशन) से पीड़ित होने का संदेह होने में बोर्ड का अध्यक्ष अस्पताल के किसी मनोचिकित्सक/मनोविज्ञानी से परामर्श कर सकता है ।

जब कोई रोग मिले तो उसे प्रमाणपत्र में अवश्य ही नोट किया जाए । मेडिकल परीक्षक को अपनी राय लिख देनी चाहिए कि उम्मीदवार से अपेक्षित दक्षतापूर्ण ड्यूटी में इससे बाधा पड़ने की संभावना है या नहीं ।

12. मैडिकल बोर्ड के निर्णय के विरुद्ध अपील करने वाले उम्मीदवार को भारत सरकार द्वारा निर्धारित निधि के अनुसार रु. 50 का अपील शुल्क जमा करना होता है । यह शुल्क केवल उन उम्मीदवारों को वापिस मिलेगा जो अपीलीय स्वास्थ्य बोर्ड द्वारा योग्य घोषित किए जाएंगे । शेष दूसरों के मामलों में यह जब्त कर लिया जाएगा । यदि उम्मीदवार चाहे तो अपने आरोग्य होने के दावे के समर्थन में स्वस्थ्यता प्रमाण-पत्र संलग्न कर सकते हैं । उम्मीदवारों को प्रथम स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड द्वारा भेजे गए निर्णय के 21 दिन के अन्दर अपीलें पेश करनी चाहिएं अन्यथा दूसरी स्वास्थ्य परीक्षा के लिए उनके अनुरोध पर कोई विचार नहीं होगा । अपीलीय स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड द्वारा दूसरी स्वास्थ्य परीक्षा केवल नई दिल्ली में ही होगी और इसका खर्च उम्मीदवारों को ही देना पड़ेगा । दूसरी स्वास्थ्य परीक्षा के संबंध में की जाने वाली यात्राओं के लिए कोई यात्रा भत्ता या दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा । अपीलों के निर्धारित शुल्क के साथ प्राप्त होने पर अपीलीय स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड द्वारा की जानेवाली स्वास्थ्य परीक्षा के प्रबन्ध के लिए कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी ।

मडिकल बोर्ड की रिपोर्ट

मैडिकल परीक्षक के मार्गदर्शन के लिए निम्नलिखित सूचना दी जाती है :

1. शारीरिक योग्यता (फिटनेस) के लिए अपनाए जाने वाले स्टैण्डर्ड में संशोधित उम्मीदवार की आयु और सेवा काल (यदि हो) के लिए उचित गुंजाइश रखनी चाहिए ।

किसी ऐसे व्यक्ति को पब्लिक सर्विस में भर्ती के लिए योग्य नहीं समझा जाएगा जिसके बारे में यथास्थिति सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी (अपाइंटिंग अथारिटी) की यह तसल्ली नहीं होगी कि उसे ऐसी कोई बीमारी या शारीरिक दुर्बलता (कांडिशन इनफर्मिटी) नहीं है जिससे वह उस सेवा के लिए अयोग्य हो या उसके अयोग्य होने की संभावना हो ।

यह बात समझ लेनी चाहिए कि योग्यता का प्रश्न भविष्य से भी उतना ही सम्बद्ध है जितना वर्तमान से है और मेडिकल परीक्षा का एक मुख्य उद्देश्य निरन्तर कारगर सेवा प्राप्त करना और स्थाई नियुक्ति के उम्मीदवार के मामले में अकाल मृत्यु होने पर समय पूर्व पेंशन या अदाय-

गियों को रोकना है। साथ ही यह भी नोट कर लिया जाए कि जहां प्रश्न केवल निरन्तर कारगर सेवा की संभावना का है और उम्मीदवार को अस्वीकृत करने की सलाह उस हालत में नहीं दी जानी चाहिए जब कि उसमें कोई ऐसा दोष हो तो केवल बहुत कम स्थितियों में निरन्तर कारगर सेवा में बाधक पाया गया हो।

महिला उम्मीदवार की परीक्षा के लिए किसी लेडी डाक्टर को मेडिकल बोर्ड के सदस्य के रूप में सहयोजित किया जाएगा।

भारतीय रक्षा लेखा सेवा (इंडियन डिफेंस अकाउंट्स सर्विस) के उम्मीदवारों को भारत में और भारत के बाहर क्षेत्र सेवा (फील्ड सर्विस) करनी होगी। ऐसे उम्मीदवार के मामले में मेडिकल बोर्ड को इस बारे में अपनी राय विशेष रूप से रिकार्ड करनी चाहिए कि उम्मीदवार क्षेत्र सेवा (फील्ड सर्विस) के योग्य है या नहीं।

डाक्टरी बोर्ड की रिपोर्ट को गोपनीय रखना चाहिए।

ऐसे मामलों में जब कि कोई उम्मीदवार सरकारी सेवा में नियुक्ति के लिए अयोग्य करार दिया जाता है तो मोटे तौर पर उसके अस्वीकार किए जाने के आधार उम्मीदवार को बताए जा सकते हैं। किंतु डाक्टरी बोर्ड ने जो खराबी बताई हो उसका विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया जा सकता।

ऐसे मामलों में जहां डाक्टरी बोर्ड का यह विचार हो कि सरकारी सेवा के लिए उम्मीदवार को अयोग्य बनाने वाली छोटी-मोटी खराबी चिकित्सा (औषधि या शल्य) द्वारा दूर हो सकती है वहां डाक्टरी बोर्ड द्वारा इस आशय का कथन रिकार्ड किया जाना चाहिए। नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस बारे में उम्मीदवार को बोर्ड की राय सूचित किए जाने में कोई आपत्ति नहीं है और जब वह खराबी दूर हो जाए तो दूसरे डाक्टरी बोर्ड के सामने उस व्यक्ति को उपस्थित होने के लिए कहने में संबंधित प्राधिकारी स्वतन्त्र हैं।

यदि कोई उम्मीदवार अस्थाई तौर पर अयोग्य करार दिया जाए तो दुबारा परीक्षा की अवधि साधारणतया कम से कम छह महीने से कम नहीं होनी चाहिए। निश्चित अवधि के बाद जब दुबारा परीक्षा हो तो ऐसे उम्मीदवार को और आगे की अवधि के लिए अस्थायी तौर पर अयोग्य घोषित न कर नियुक्ति के लिए उनकी योग्यता के संबंध में अथवा वे इस नियुक्ति के लिए अयोग्य हैं ऐसा निर्णय अंतिम रूप से दिया जाना चाहिए।

(क) उम्मीदवार का कथन और घोषणा।

अपनी मेडिकल परीक्षा से पूर्व उम्मीदवार को निम्नलिखित अपेक्षित स्टेटमेंट देना चाहिए और उनके साथ लगी हुई घोषणा (डिक्लेरेशन) पर हस्ताक्षर करने चाहिए। नीचे दिए गए नोट में उल्लिखित चेतावनी की ओर उम्मीदवार को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए।

1. अपना पूरा नाम लिखें———————————
(साफ अक्षरों में)

2. अपनी आयु और जन्म स्थान बताएं———————————

(क) क्या आप अनुसूचित जनजाति या गोरखा, गढ़वाली, अरुणाचल, नागालैण्ड, जनजाति आदि में से किसी जाति से संबंधित हैं जिसका औसत कद दूसरों से कम होता है "हां" या "नहीं" में उत्तर दीजिए। उत्तर "हां" में हो तो उस जाति का नाम बताइए।

3. (क) क्या आपको कभी चेचक, रुक-रुक कर होने वाला या कोई दूसरा बुखार, ग्रंथियां (ग्लैंडस) का बढ़ना या इनमें पीप पड़ना, निरन्तर थूक में खून आना, दमा, दिल की बीमारी, फेफड़े की बीमारी, मूर्छा के दौरे, रूमेटिज्म, एपेंडिसाईटिस हुआ है।

(ख) दूसरी कोई ऐसी बीमारी या दुर्घटना, जिसके कारण शैय्या पर लेटे रहना पड़ा हो और जिसका मेडिकल या सर्जिकल इलाज किया गया हो, हुई है।

4. आपकी चेचक का टीका आखिरी बार कब लगा था।

5. क्या आपको अधिक काम या किसी दूसरे कारण से किसी किस्म की अक्षीरता (नर्वसनेस) हुई।

6. अपने परिवार के संबंध में निम्नलिखित ब्यौरे दें:—

यदि पिता जीवित हों तो उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	मृत्यु के समय पिता की आयु और मृत्यु का कारण	आपके कितने भाई जीवित हैं, उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	आपके कितने भाईयों की मृत्यु हो चुकी है, उनकी मृत्यु के समय आयु और मृत्यु का कारण
1.			
2.			
3.			

यदि माता जीवित हों तो उस की आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	मृत्यु के समय माता की आयु और मृत्यु का कारण	आपकी कितनी बहनें जीवित हैं उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	आपकी कितनी बहिनों की मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु के समय उनकी आयु और मृत्यु का कारण
1.			
2.			
3.			

7. क्या इसके पहले किसी मेडिकल बोर्ड ने आपकी परीक्षा की है ?

8. यदि ऊपर के प्रश्न पर उत्तर हां में हो तो बताईए किस सेवा/किन सेवाओं के लिए आपकी परीक्षा की गई थी ?

9. परीक्षा लेने वाला प्राधिकारी कौन था ?

10. कब और कहां मेडिकल हुआ ?

11. मेडिकल बोर्ड की परीक्षा का परिणाम यदि आपको बताया गया हो अथवा आपको मालूम हो———————————

मैं घोषित करता हूं कि जहां तक मेरा विश्वास है, ऊपर दिये गए सभी जवाब सही और ठीक हैं।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर———————————

मेरे सामने हस्ताक्षर किए———————————

बोर्ड के अध्यक्ष के हस्ताक्षर———————————

टिप्पणी :—उपर्युक्त कथन की यथार्थता के लिए उम्मीदवार जिम्मेवार होगा। जानबूझकर किसी सूचना को छिपाने से वह नियुक्ति खो बैठने की जोखिम लेगा। वह नियुक्त हो भी जाये तो सार्वजनिक निवृत्ति भत्ता (सुपुरएनुएशन) ग्रेचुएटी या उपदान (ग्रेचुटी) के सभी दावों से हाथ धो बैठेगा।

(ख) ----------(उम्मीदवार का नाम) की शारीरिक परीक्षा का मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट ।

1. सामान्य विकास----------अच्छा----------बीच का ----------कम----------कम पोषण:पतला----------औसत ----------मोटा----------कद (जूते उतारकर)----------वजन---------- अत्यतम वजन----------कब था----------वजन मे कोई हाल ही में हुआ परिवर्तन----------तापमान----------छाती का घेर----------

(1) पूरा सांस खींचने पर----------

(2) पूरा सांस निकालने पर----------

2. रक्त—कोई जोहिरा बीमारी

3. नेत्र :—

(1) कोई बीमारी----------

(2) रतौंधी ----------

(3) कलर विजन का दोष----------

(4) दृष्टिक्षेत्र (फील्ड ऑफ विजन)----------

(5) दृष्टि तीक्ष्णता (विजुअल एक्टीवीटी)----------

(6) फंडस की जांच----------

दृष्टि की तीक्ष्णता	चश्मे के बिना	चश्मे से	चश्मे की पावर गोल, सीली एस्सिस
दूर की नजर			
दा. ने.			
बा. ने.			
पास की नजर			
दा. ने.			
बा. ने.			
हाईपरमट्रापिया (व्यक्त)			
दा. ने.			
बा. ने.			

4. कान निरीक्षण----------सुनना----------
दाया कान----------बाया कान----------

5. ग्रंथियां ----------थाइराइड----------

6. दांतों की हालत----------

7. श्वसन तंत्र (रेसपरेटरी सिस्टम)—क्या शारीरिक परीक्षा करने पर सांस के अंगों में किसी असमानता का पता लगा है ? यदि पता लगा है तो असमानता का पूरा ब्यौरा दे।

8 परिसंचरण तंत्र (सर्कयूलिटरी सिस्टम)

(क) हृदय कोई आंगिक गति (आर्गेनिक लीजन)----------
गति (रेट)
खड़े होने पर
25 बार बुदाये जाने के बाद----------

बुदाये जाने के 2 मिनट बाद----------

(ख) ब्लड प्रेशर----------सिस्टालिक----------
डायस्टालिक

9. उदर (पेट) घेर----------स्पर्श सिहायान हर्निया

(क) देखकर मालूम पड़ना/जिगर.....
तिल्ली.....गुर्दा.....
ट्यूमर.....

(ख) रक्तास्राव
भगंदर

10 तांत्रिक तंत्र (नर्व सिस्टम) तांत्रिक मानसिक अशक्तता का संकेत

11. चाल तंत्र (लोकोमोटर सिस्टम)
की असमानता.....

12 जननमूत्र तंत्र (जनिटो यूरीनरी सिस्टम)—हाइड्रोसील वेरि-कोसीस आदि का कोई संकेत

मूत्र परीक्षा—

(क) कैसा दिखाई पड़ता है ?

(ख) अपेक्षित गुरुत्व (स्पेसिफिक ग्रविटी)

(ग) एल्बूमेन

(घ) शक्कर

(ङ) कास्ट

(च) कोशिकाय (सेल्स)

13. छाती की एक्सरे परीक्षा की रिपोर्ट

14 क्या उम्मीदवार के स्वास्थ्य में कोई ऐसी बात है जिससे वह इस सेवा की ड्यूटी को दक्षतापूर्वक निभाने के लिए अयोग्य हो सकता है ।

नोट—महिला उम्मीदवार के मामले में, यदि यह पाया जाता है कि वह 12 सप्ताह की अवस्थिति अथवा उससे अधिक समय से गर्भिणी है तो उसे अस्थाई रूप से अयोग्य घोषित किया जाना चाहिये, देखें विनियम ।

15 (i) उन सेवाओं का उल्लेख करें जिनके लिये उम्मीदवार की परीक्षा की गई —

(क) भारतीय प्रशासनिक सेवा तथा भारतीय विदेश सेवा;

(ख) भारतीय पुलिस सेवा, रेलवे सुरक्षा बल में ग्रुप क के पद और दिल्ली और अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह पुलिस सेवा;

(ग) केन्द्रीय सेवायें, ग्रुप क तथा ख ।

(ii) क्या यह निम्नलिखित सेवाओं में दक्षतापूर्वक और निरंतर काम करने के लिये सब तरह से योग्य पाया गया है—

(क) भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय विदेश सेवा ।

(ख) भारतीय पु.से , रेलवे सुरक्षा बल तथा दिल्ली तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, पुलिस सेवा में ग्रुप "क" पद (कद, छाती का घेर, नजर, रंग दिखाई न देना और चाल खासतौर से देखें)

(ग) भारतीय रेलवे यातायात सेवा (कद, छाती, नजर, रंग दिखाई न देना, खास तौर से देखें) ।

(घ) दूसरी केन्द्रीय सेवाय ग्रुप क/ख

(iii) क्या उम्मीदवार क्षेत्र सेवा (फील्ड सर्विस) के लिए योग्य है ।

नोट—बोर्ड को अपने जांच परिणाम निम्नलिखित वर्गों में से किसी एक वर्ग में रिकार्ड करना चाहिये ।

(1) योग्य फिट

(2) अयोग्य (अनफिट) जिसका कारण

(3) अस्थाई रूप से अयोग्य, जिसका कारण

.....

स्थान अध्यक्ष

तारीख सदस्य

सदस्य

परिशिष्ट IV

वस्तुपरक प्रश्नों के संबंध में उम्मीदवारों को सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 1987 की सूचना।

क. वस्तुपरक परीक्षण

प्रारंभिक परीक्षा में "वस्तुपरक प्रकार" के प्रश्न पूछे जाएंगे । इस प्रकार की परीक्षा में उम्मीदवार को उत्तर फैलाकर लिखने नहीं होंगे । प्रत्येक प्रश्न (जिसकी आगे प्रश्नांक कहा जाएगा) के लिए संभाव्य उत्तर (जिसको आगे प्रत्युत्तर कहा जायेगा) दिए जाते हैं। उम्मीदवार को उन में से प्रत्येक के लिए एक उत्तर चुन लेना है।

इस विवरणिका का उद्देश्य उम्मीदवारों को इस परीक्षा के बारे में कुछ उपयोगी जानकारी देना है जिससे कि परीक्षा के स्वरूप से परिचित न होने के कारण उनको कोई हानि न हो।

ख. परीक्षण का स्वरूप

प्रश्न पत्र "प्रश्न" पुस्तिका" के रूप में होगा । इस पुस्तिका में क्रम संख्या 1, 2, 3, ... के क्रम से प्रश्नांक होंगे। पुस्तिका में हर प्रश्नांक हिंदी और अंग्रेजी दोनों में होगा। हर प्रश्नांक के नीचे ए,बी,सी क्रम में संभावित प्रत्युत्तर लिखे होंगे। उम्मीदवार को प्रत्येक प्रश्न के लिए एक सही प्रत्युत्तर या यदि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही है या उनमें से सर्वोत्तम प्रत्युत्तर का चुनाव करना होगा। (अंत में दिए गए नमूने के प्रश्नांक देख लें) किसी भी स्थिति में, प्रत्येक प्रश्नांक के लिए उसको एक ही प्रत्युत्तर का चुनाव करना होगा। यदि एक से अधिक उत्तर चुन लिया जाए तो उनका उत्तर गलत माना जाएगा।

ग. उत्तर देने की विधि

उम्मीदवार को परीक्षा भवन में अपना उत्तर पत्रक जिसका नमूना प्रवेश प्रमाणपत्र के साथ प्रत्येक उम्मीदवार को भेजा जाएगा/दिया जाएगा चाहे उम्मीदवार हिंदी में छपे प्रश्नों के उत्तर दे या अंग्रेजी में छपे प्रश्नांशों के, उनको उसी उत्तर पत्रक में अपने उत्तर अंकित करने होंगे। जो उत्तर प्रश्न पुस्तिका या उत्तर पत्रक से भिन्न और किसी कागज में अंकित हों उनको जंचवाया नहीं जाएगा। ।

उत्तर पत्रक में, 1 से 160 तक के प्रश्नांश चार भागों में छापे गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश में सामने ए,बी,सी,डी से अंकित प्रत्युत्तर छापे गए । उम्मीदवार को प्रश्न पुस्तिका में एक प्रश्नांश पूरा पढ़ लेने और यह निर्णय करने के बाद कि दिए गए प्रत्युत्तरों में कौन सा सही या श्रेष्ठ है, चुने गए प्रत्युत्तर से संबंधित अक्षर वाले वृत्त को पेंसिल की काली निशानी से साफ-साफ पूरा भर देना चाहिए। ताकि उनके द्वारा चुने गए प्रत्युत्तर का पता चले। उदाहरण के लिए, अगर उसने किसी प्रश्नांश के लिए प्रत्युत्तर (बी) को सही उत्तर के रूप में चुन लिया है तो उस प्रश्नांश के आगे जिस वृत्त में (बी) छपा है, उस पर काली निशानी लगानी चाहिए। उत्तर पत्रक में वृत्त पर काली निशानी लगाने के लिए स्याही का प्रयोग नहीं करना चाहिए ।

यह जरूरी है कि :—

(1) उम्मीदवार प्रश्नांशों का उत्तर लिखने के लिए केवल एच.बी. पेंसिल (पेंसिलें) ही लाएं और उन्हीं का प्रयोग करें।

(2) अगर उम्मीदवार ने गलत निशान लगाया है तो उसे पूरा मिटाकर फिर से सही उत्तर का निशान लगाना चाहिए। इसके लिए वह अपने साथ एक रबड़ भी लाएं।

(3) उम्मीदवार को उत्तर पत्रक का उपयोग इस प्रकार नहीं करना चाहिए जिससे वह खराब हो जाए या उसमें मोड़ व सिलवट आदि पड़ जाए।

घ. कुछ महत्वपूर्ण नियम

1. उम्मीदवारों को परीक्षा आरम्भ करने के लिए निर्धारित समय बीस मिनट पहले परीक्षा भवन में पहुंचना होगा और पहुंचते ही अपना स्थान ग्रहण करना होगा। अगर वह देर से पहुंच जाए तो सम्भव है कि क्रिया-विधि संबंधी कुछ अनुदेश सुनने का उसे अवसर न मिले।

2. परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट बाद किसी को परीक्षण में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

3. परीक्षा शुरू होने के बाद डेढ़ घंटे तक किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा भवन छोड़ने की अनुमति नहीं मिलेगी।

4. परीक्षा समाप्त होने के बाद, उम्मीदवार को चाहिए कि वह परीक्षण पुस्तिका और उत्तर पत्रक पर्यवेक्षक को सौंप दें। उम्मीदवार को परीक्षण पुस्तिका परीक्षा भवन से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं है इन नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ा दंड दिया जाएगा।

5. उम्मीदवार को उत्तर पत्रक पर कुछ विवरण परीक्षा भवन में भरना होगा। उसे कुछ विवरण उत्तर पत्रक पर कूटबद्ध भी करने होंगे इसके बारे में उसके नाम अनुदेश प्रवेश प्रमाणपत्र के साथ भेजे जाएंगे।

6. उम्मीदवार को चाहिए कि वह प्रश्न-पुस्तिका में दिए गए सभी अनुदेश सावधानी से पढ़ें। इसलिए सम्भव है कि उन अनुदेशों का सावधानी से पालन न करने से उसके नंबर कम हो जाएं। अगर उत्तर पत्रक पर कोई प्रविष्टि संविग्ध है, तो उस प्रश्नांश के लिए उसको नंबर नहीं मिलेगा। पर्यवेक्षक के दिए गए अनुदेशों का विधिवत पालन करना चाहिए। जब पर्यवेक्षक किसी परीक्षण या उसके किसी भाग को आरम्भ या समाप्त करने की कहें तो उनके अनुदेशों का उसे तत्काल पालन करना चाहिए।

7. उम्मीदवार को अपने साथ अपना प्रवेश-प्रमाण-पत्र, एक एच.बी. पेंसिल, एक रबड़, पेंसिल शार्पनर और नीली या काली स्याही वाली कलम भी लानी होगी । उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि वह अपने साथ क्लिप बोर्ड या हार्ड बोर्ड या कार्ड बोर्ड भी लाएं जिस पर कुछ भी नहीं लिखा होना चाहिए। उसे परीक्षा भवन में कोई कच्चा कागज या पेंसिल का टुकड़ा, पैमाना या आरेखण उपकरण नहीं लाने हैं क्योंकि उनकी जरूरत नहीं होगी। मांगे जाने पर कच्चे काम के लिए अलग कागज दिए जायेंगे। कच्चा काम शुरू करने के पहले उसको उस पर परीक्षा का नाम, अपना रोल नम्बर और परीक्षण तारीख लिखना चाहिए और परीक्षण समाप्त होने के बाद उसे अपने उत्तर पत्रक के साथ पर्यवेक्षक को वापस देना चाहिए।

ङ. विशेष अनुदेश

जब उम्मीदवार परीक्षा भवन में अपने स्थान पर बैठ जाते हैं तब निरीक्षक से उसको उत्तर पत्रक मिलेगा। उत्तर पत्रक पर अपेक्षित सूचना वह अपनी कलम से भर दे और एच.बी. पेंसिल से कोड संख्या अंकित कर दे। वह काम पूरा होने के बाद निरीक्षक उसको प्रश्न पुस्तिका देंगे। जैसे ही उसको प्रश्न पुस्तिका मिल जाए वह तुरन्त देख लें कि उस पर पुस्तिका की संख्या लिखी हुई है अन्यथा उसे अवश्य बदलवा लें। अपनी परीक्षण की पुस्तिका को खोलने से पहले उसके प्रथम पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक लिख दें। जब तक पर्यवेक्षक/निरीक्षक पुस्तिका खोलने को न कहें तब तक वह उसे न खोले।

ब. कुछ उपयोगी संकेत

यद्यपि इस परीक्षण का उद्देश्य गति की अपेक्षा शुद्धता को जांचना है, फिर भी यह जरूरी है कि उम्मीदवार अपने समय का दक्षता से उपयोग करें। संतुलन के साथ वे जितनी जल्दी आगे बढ़ सकते हैं, बढ़ें पर लापरवाही न हो। वे उनको जो प्रश्न अत्यन्त कठिन मालूम पड़े उन पर समय व्यर्थ न करें। दूसरे प्रश्नों की ओर बढ़ें और उन कठिन प्रश्नों पर बाद में विचार करें।

सभी प्रश्नों के अंक समान होंगे। सभी प्रश्नों के उत्तर दें। उम्मीदवार द्वारा अंकित सभी प्रत्युत्तरों की संख्या के आधार पर ही उनको अंक दिए जायेंगे। गलत उत्तरों के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।

छ. परीक्षण का समापन

जैसे ही पर्यवेक्षक लिखना बन्द करने को कहें, उम्मीदवार लिखना बंद कर दें। तब वह अपने स्थान पर तब तक बैठे रहें जब तक निरीक्षक उनसे सभी आवश्यक सामग्री न ले जाये और उनको हाल छोड़ने की अनुमति न दें। उनकी प्रश्न पुस्तिका, उत्तर पत्रक और कच्चे काम कागज परीक्षा भवन से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं है।

[नमूने का प्रश्नांश (प्रश्न)]

(नोट— *सही/सर्वोत्तम उत्तर विकल्प को निर्दिष्ट करता है)

1. (सामान्य अध्ययन)

बहुत उंचाई पर पर्वतारोहियों के नाक तथा कान से निम्नलिखित में से किस कारण से रक्त स्राव होता है।

(a) रक्त का दाब वायुमंडल के दाब से कम होता है।

*(b) रक्त का दाब वायुमंडल के दाब से अधिक होता है।

(c) रक्त वाहिकाओं की अन्दरूनी तथा बाहरी शिराओं पर दाब समान होता है।

(d) रक्त का दाब वायुमंडल के दाब के अनुरूप घटता-बढ़ता है।

2. (English)

(Vocabulary-Synonyms)

There was a record turnout of votes at the municipal election

(a) exactly known

(b) only those registered

(c) very large

*(d) largest so far

3. (कृषि)

अरहर में, फूलों का झड़ना निम्नलिखित में किसी एक उपाय से कम किया जा सकता है।

*(a) वृद्धि नियंत्रक द्वारा छिड़काव

(b) दूर-दूर पौध लगाना

(c) सही ऋतु में पौधे लगाना

(d) थोड़े-थोड़े फासले पर पौधे लगाना

4. (रसायन विज्ञान)

HVO_3 का एनहाइड्राइड निम्नलिखित में से क्या होता है?

(a) VO_3

(b) VO_4

(c) V_2O_3

*(d) V_2O_5

5 (अर्थ शास्त्र)

श्रम का एकाधिकारी शोषण निम्नलिखित में से किस स्थिति में होता है?

*(a) सीमान्त राजस्व उत्पाद से मजदूरी कम हो।

(b) मजदूरी तथा सीमान्त राजस्व उत्पादन दोनों बराबर हों।

(c) मजदूरी सीमान्त राजस्व उत्पाद से अधिक हो।

(d) मजदूरी सीमान्त भौतिक उत्पाद के बराबर हो।

6. (विद्युत इंजीनियरी)

एक समक्ष रेखा का अपेक्षित पैरा-वैद्युतांक 9 के पैरा-वैद्युत से संपरिवर्तित किया गया है। यदि C मुक्त अन्तराल में संचरण वेग दर्शाता है तो लाइन में संचरण का वेग क्या होगा?

(a) $_3C$

(b) C

*(c) $C/_3$

(d) $C/_2$

7. (भू-विज्ञान)

बैसाल्ट में प्लेजिओक्लेस क्या होता है?

(a) आलिगोक्लेसेज

*(b) लेब्राडोराइट

(c) एल्बाइट

(d) एनार्थाइट

8. (गणित)

मूल बिन्दु से गुजरने वाला और $d^2y/dx^2 - dy/dx = 0$ समीकरण का संगत रखने वाला वक्र-परिवार निम्नलिखित में से किस से निर्दिष्ट है?

(a) $y = ax + d$

*(b) $y = ax$

(c) $y = aex + be^{-x}$

(d) $y = aex - a$

9. (भौतिकी)

एक आदर्श ऊष्म इंजन 400°K और 300°K तापक्रम के मध्य कार्य करता है। इसकी क्षमता निम्नलिखित में से क्या होगी?

(a) 3/4

*(b) (4—4)/3

(c) 4/(3+4)

(d) 3/(3+4)

10 (सांख्यिकी)

यदि द्विपद वितरण का माध्य 5 है तो इसका प्रसरण निम्नलिखित में से क्या होगा?

(a) 4^2

*(b) 3

(c) £

(d) —5

11. (भूगोल)

वर्मा के दक्षिण भाग की अत्यधिक समृद्धि का कारण निम्नलिखित से क्या है?

(a) यहां पर खनिज साधनों का विपुल भण्डार है।

*(b) बर्मा की अधिकांश नदियों का डेल्टाई भाग है।

(c) यहां श्रेष्ठ वन संपदा है।

12. (भारतीय इतिहास)

ब्राह्मणवाद के संबंध में निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है।

(a) बौद्ध धर्म के उत्कर्ष काल में भी ब्राह्मणवाद के अनुयायियों की संख्या बहुत अधिक थी।

(b) ब्राह्मणवाद बहुत अधिक कर्मकाण्ड और आडम्बर से पूर्ण धर्म था।

*(c) ब्राह्मणवाद के अभ्युदय के साथ, बलि सम्बन्धी यज्ञ कर्म का महत्व कम हो गया।

(d) व्यक्ति के जीवन विकास की विभिन्न दशाओं को प्रकट करने के लिए धार्मिक संस्कार निर्धारित थे।

13. (दर्शन)

निम्नलिखित में से निरीश्वरवादी दर्शन समूह कौन-सा है?

(a) बौद्ध न्याय, चार्वाक, मीमांसा

(b) न्याय, वैशेशिक जैन और बौद्ध, चार्वाक

(c) अद्वैत, वेदान्त, सांख्य, चार्वाक, योग

*(d) बौद्ध सांख्य, मीमांसा, चार्वाक

14. (राजनीति विज्ञान)

'वृत्तिगत प्रतिनिधान' का अर्थ निम्नलिखित में से क्या है?

(a) व्यवसाय के आधार पर विधानमंडल में प्रतिनिधियों का निर्वाचन।

(b) किसी समूह या किसी व्यावसायिक समुदाय के पक्ष का समर्थन।

(c) किसी रोजगार संबंधी संगठन में प्रतिनिधियों का चुनाव।

(d) श्रमिक संघों द्वारा अप्रत्यक्ष प्रतिनिधित्व।

15. (मनोविज्ञान)

लक्ष्य की प्राप्ति निम्नलिखित में से किस को निर्देशित करती है?

(a) लक्ष्य संबंधी आवश्यकता से वृद्धि

*(b) भावात्मक अवस्था में न्यूनता

(c) व्यावहारिक अधिगम

(d) पक्षपात पूर्ण अधिगम

16. (समाजशास्त्र)

भारत में पंचायती राज संस्थाओं की निम्न में से कौन-सी है?

(a) ग्राम सरकार में महिलाओं तथा कमजोर वर्गों को औपचारिक प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है।

(b) छुआछूत कम हुई है।

(c) वंचित वर्गों के लोगों को भूस्वामित्व का लाभ मिला है।

(d) जन साधारण में शिक्षा का प्रसार हुआ है।

टिप्पणी : उम्मीदवारों को यह ध्यान रखना चाहिए कि उपयुक्त नमूने के प्रश्नांश (प्रश्न) केवल उदाहरण के लिए दिए गए हैं और यह जरूरी नहीं है कि इस परीक्षा की पाठ्यचर्या के अनुसार हों।

पी. एन. चौहान

MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS

(Department of Personnel & Training)

New Delhi, the 13th December, 1986

NOTIFICATION

No. 13018/4/86-AIS/(I).—The Rules for a Competitive examination—Civil Services Examination—to be held by the Union Public Service Commission in 1987 for the purpose of filling vacancies in the following Services/posts are, with the concurrence of the Ministries concerned and the Comptroller and Auditor General of India in respect of the Indian Audit and Accounts Service, published for general information:—

(i) The Indian Administrative Service

(ii) The Indian Foreign Service.

(iii) The Indian Police Service.

(iv) The Indian P&T Accounts and Finance Service, Group 'A'.

(v) The Indian Audit and Accounts Service, Group 'A'.

(vi) The Indian Customs and Central Excise Service, Group 'A'.

(vii) The Indian Defence Accounts Service, Group 'A'.

(viii) The Indian Income-Tax Service, Group 'A'.

(ix) The Indian Ordnance Factories Service. Group 'A' (Asstt. Manager-Non Technical).

(x) The Indian Postal Service Group 'A'.

(xi) The Indian Civil Accounts Service, Group 'A'.

(xii) The Indian Railway Traffic Service, Group 'A'.

(xiii) The Indian Railway Accounts Service, Group 'A'.

(xiv) The Indian Railway Personnel Service, Group 'A'.

(xv) Posts of Assistant Security Officer, Group 'A' in Railway Protection Force.

(xvi) The Indian Defence Estates Service, Group 'A'.

(xvii) The Central Information Service, Group 'A' (Grade II).

(xviii) The Central Trade Service, Group 'A' (Grade III).

(xix) The Central Secretariat Service, Group 'B' (Section Officers' Grade).

(xx) The Railways Board Secretariat Service, Group 'B' (Section Officer's Grade).

(xxi) The Armed Forces Headquarters Civil Service, Group 'B' (Assistance Civilian Staff Officer's Grade).

(xxii) The Customs' Appraisers Service, Group 'B'

(xxiii) The Delhi and Andaman and Nicobar Islands Civil Service, Group 'B'.

(xxiv) The Goa, Daman and Diu Civil Service, Group 'B'.

(xxv) The Delhi and Andaman and Nicobar Islands Police Service, Group 'B'.

(xxvi) The Pondicherry Police Service Group 'B'

(xxvii) The Goa, Daman and Diu Police Service Group 'B'.

(xxviii) Posts and Assistants Commandant Group 'B' in the Central Industrial Security Force.

1. The examination will be conducted by the Union Public Service Commission in the manner prescribed in Appendix I to these Rules.

The dates on which and the places at which the Preliminary and Main Examination will be held shall be fixed by the Commission.

2. A candidate shall be required to indicate in his/her application form for the Main Examination his/her order of preferences for various services/posts for which he would like to be considered for appointment in case he is recommended for a appointment by Union Public Service Commission.

A candidate who wishes to be considered for IAS/IPS shall be required to indicate in his/her application if he/she would like to be considered for allotment to the State to which he/she belongs in case he/she is appointed to the IAS/IPS.

